CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 29° C
न्यूनतम : 17° C

नई दिल्ली, शनिवार 4 अप्रैल 2026 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 361 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | बैसाख कृष्ण पक्ष 2 विक्रमी सम्वत् 2083 | 15 शव्वाल 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उत्तर प्रदेश पुलिस में जल्द पूरी होगी 81 हजार पदों पर भर्ती: योगी पेज 2



मुंबई के खिलाफ दिल्ली का लक्ष्य इतिहास बदलना खेल टाइम्स




ईरान-अमेरिका युद्ध से दुनिया में लगा महंगाई का तड़का सम्पादकीय



होर्मुज स्ट्रेट में ईरान-ओमान के साथ मिलकर करेगा खेल पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### राजस्थान के रेगिस्तान में ओले गिरे, सात जिलों में बारिश

**नई दिल्ली।** देशभर में गर्मी की शुरुआत के बाद मौसम ने फिर करवट ली है। राजस्थान के रेगिस्तानी जिलों जैसलमेर और बीकानेर में शुक्रवार को ओले गिरे। जयपुर समेत सात जिलों में बारिश हुई। चूरू में धूल भरी आंधी चली। पंजाब के साथ ही चंडीगढ़, मोहाली और पंचकूला में भी मौसम बदला। मोहाली, पठानकोट और बठिंडा के कुछ इलाकों में बारिश हुई। उत्तर प्रदेश में वाराणसी समेत कई जिलों में तेज धूल भरी आंधी के बाद बारिश हुई। प्रयागराज और जौनपुर सहित सात जिलों में तेज हवा चली और बारिश हुई। चित्रकूट में बिजली गिरने से 2 और ललितपुर में 1 व्यक्ति की मौत हो गई। दिल्ली में भी शुक्रवार सुबह धूलभरी आंधी चली।

### चुनाव के लिए मतदान के दिन सवेतन अवकाश

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने शुक्रवार को आगामी विधानसभा चुनावों और उपचुनाव के दिन सभी पात्र कर्मचारियों के लिए सवेतन अवकाश अनिवार्य करने का आदेश जारी किया है। आयोग के अनुसार विधानसभा चुनाव के घोषित कार्यक्रम के तहत असम, केरल, पुड्डुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव तथा गोवा, गुजरात, कर्नाटक, महाराष्ट्र, नागालैंड और त्रिपुरा के 8 विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव कराए जा रहे हैं। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, असम, केरल, पुड्डुचेरी, गोवा, कर्नाटक, नागालैंड और त्रिपुरा में 9 अप्रैल 2026 को मतदान होगा।

### पश्चिम बंगाल में मालदा हिंसा का मुख्य आरोपी अरेस्ट

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मालदा में एसआईआर से जुड़े न्यायिक अधिकारियों को बंधक बनाने के मामले में मुख्य आरोपी समेत 35 लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। घटना के 48 घंटे के अंदर पुलिस ने आरोपी मोफक्करुल इस्लाम को बागडोगरा एयरपोर्ट से पकड़ा। वह बेंगलुरु भागने की फिराक में था। इस्लाम कलकत्ता हाईकोर्ट में वकील है। वह 2011 में एआईएमआईएम का उम्मीदवार रह चुका है। मोफक्करुल पर आरोप है कि मालदा के सुजापुर में 1 अप्रैल को एसआईआर में नाम कटने के विरोध प्रदर्शन में भड़काऊ भाषण दिया। इससे लोग भड़क गए और हजारों लोगों ने कलियाचक के बीडीओ ऑफिस को घेर लिया।

### फ्लाइट में 60 प्रतिशत सीटें मुफ्त देने के फैसले पर रोक

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने एयरलाइंस को फ्लाइट में 60 फीसदी सीटें बिना अतिरिक्त शुल्क के चुनने देने वाले निर्देश को अस्थायी रूप से रोक दिया है। यह नियम 20 अप्रैल से लागू होना था, लेकिन अब इसे अगले आदेश तक स्थगित कर दिया गया है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने 15 दिन पहले 18 मार्च को कहा था कि डीजीसीए को निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी फ्लाइट में सीट चयन के लिए न्यूनतम 60 फीसदी सीटें बिना चार्ज उपलब्ध कराई जाएं।

# ईरान ने जिंदा पकड़ा अमेरिकी पायलट!, एक और एफ-15 विमान गिराने का दावा

तेहरान, वार्ता

**ईरान और अमेरिका** के बीच बढ़ता तनाव कम होने का नाम ही नहीं ले रहा हैं। दोनों देश अपने-अपने हिसाब के कई बड़े दावे कर रहे हैं। कभी अमेरिका कहता है कि ईरान में सत्ता परिवर्तन हो चुका है। वहीं, इन सबके बीच ईरान की ओर से भी बड़ा दावा किया गया है।

ईरान के सरकारी मीडिया ने कहा है कि उसकी सेना ने एक और अमेरिकी एफ-15ई स्टील्थ लड़ाकू विमान को मार गिराया है। ईरानी सेना ने शुक्रवार को दो उन्नत अमेरिकी लड़ाकू विमानों को मार गिराने की बात कही है। जिनमें दूसरा एफ-35 विमान भी शामिल है। एजेंसी ने विमान के मलबे की तस्वीरें भी जारी की हैं और कहा है कि यह विमान अमेरिका के लेकनहीथ स्क्वाड्रन का था। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि विमान पूरी तरह तबाह हो गया और पायलट के बचने की संभावना बहुत कम है। ईरान के सरकारी टीवी से जुड़े एक स्थानीय चैनल ने दावा किया है कि दक्षिण-पश्चिमी ईरान में एक अमेरिकी लड़ाकू विमान का पायलट पैराशूट के जरिये बाहर निकल गया। चैनल ने लोगों से अपील की कि यदि कोई पायलट को जिंदा पकड़कर पुलिस को सौंपता है, तो उसे इनाम दिया जाएगा। एजेंसी के मुताबिक, अमेरिका ने ब्लैक हॉक हेलीकॉप्टर और सी-130 विमान से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया, लेकिन सफलता नहीं मिली। पायलट की स्थिति स्पष्ट नहीं है। इस दावे पर अभी तक अमेरिका की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है और मामले की पुष्टि नहीं हो सकी है। ईरान का दावा है कि पिछले 24 घंटों में यह दूसरा एफ-15ई विमान है, जिसे मार गिराया गया है। इससे पहले 2 अप्रैल और 23 मार्च को भी ऐसे ही दावे किए गए थे। ईरान लगातार कह रहा है कि उसने अमेरिकी आधुनिक लड़ाकू विमानों को निशाना बनाया है और उन्हें गिराया है। आईआरजीसी ने इन हमलों की पुष्टि की है। एक बयान में आईआरजीसी ने कहा कि उसकी नव विकसित हवाई रक्षा प्रणालियों ने मध्य ईरान में एक स्टील्थ एफ-35 लड़ाकू विमान को सफलतापूर्वक निशाना बनाकर मार गिराया है। आईआरजीसी ने कहा कि अमेरिकी वायुसेना के लेकनहीथ स्क्वाड्रन से संबंधित यह विमान पूरी तरह से नष्ट हो गया और पायलट के बारे में अभी तक कोई स्पष्ट जानकारी नहीं मिल सकी है।



■ व्हाइट हाउस ने मामले को लेकर साधी चुप्पी

### ईरान के हमले में अमेरिकी रडार को नुकसान

**वाशिंगटन।** ईरान के सऊदी अरब में प्रिंस सुल्तान हवाई अड्डे पर किए गए हमले में अमेरिका के टर्मिनल हाई एल्टीट्यूड एरिया डिफेंस (थाड) के एक रडार एएन/टीपीवाई-2 को नुकसान पहुंचा है। सीएनएन ने सैटेलाइट चित्र का हवाला देते हुए यह रिपोर्ट दी। यह रडार, प्रिंस सुल्तान हवाई अड्डे पर कई चलने वाले ट्रेलरों के बीच बंटा हुआ है, अभी खुले में है। एंटीना जला हुआ लगता है और उसका एक बड़ा हिस्सा गायब है। गौरतलब है कि गत 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल ने तेहरान समेत ईरान के ठिकानों पर हमले किए, जिससे काफी जान माल का नुकसान हुआ। ईरान ने जवाब में इजरायली इलाके और पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमला किया, जिसमें बहरीन, कतर, संयुक्त अरब अमीरात और सऊदी अरब शामिल हैं।

आईआरजीसी ने ईरान की हवाई रक्षा प्रणाली के पूर्ण विनाश के बारे में ट्रम्प के दावे को झूठा दावा बताया है। इस बयान में ईरान के एकीकृत हवाई रक्षा नेटवर्क की निरंतर प्रभावशीलता पर जोर देते हुए कहा गया कि अमेरिकी राष्ट्रपति के झूठे दावे के बाद, कुछ ही क्षण पहले केशम द्वीप के दक्षिण में आईआरजीसी नौसेना की आधुनिक उन्नत हवाई रक्षा प्रणाली ने शत्रु के उन्नत लड़ाकू विमानों को मार गिराया है। ईरानी मीडिया के अनुसार, यह कार्रवाई अमेरिकी सेना के लिए हाल ही में बड़ा झटका है। युद्ध की शुरुआत के बाद से, ईरान ने दो एफ-35, एक एफ-18, दो एफ-16 और चार एफ-15 सहित कई उन्नत अमेरिकी विमानों को मार गिराया है।

# ट्रम्प सरकार में उथल-पुथल

## 24 घंटे के दौरान निकाले गए आर्मी चीफ और अटॉर्नी जनरल

**वाशिंगटन।** अमेरिका की अटॉर्नी जनरल पैम बॉन्डी को हटाए जाने के बाद अब ट्रम्प सरकार में कुछ और बड़े अफसरों को निकाले जाने की आशंका बढ़ गई है। अमेरिकी वेबसाइट द अटलांटिक की रिपोर्ट के मुताबिक अगला नंबर एफबीआई चीफ काश पटेल और नेशनल इंटेलिजेंस चीफ तुलसी गबार्ड का हो सकता है। रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने आर्मी चीफ जनरल रैंडी जार्ज को तुरंत रिटायर होने का आदेश दिया।

व्हाइट हाउस के प्लान से जुड़े कई लोगों ने बताया कि और भी अधिकारियों को हटाने पर चर्चा चल रही है। इसमें आर्मी सेक्रेटरी डेनियल ड्रिस्काल और लेबर सेक्रेटरी लोरी चावेज-डीरेमर का नाम भी शामिल है। ट्रम्प अपने दूसरे कार्यकाल में बड़े अधिकारियों को हटाने से बचते रहे थे। उन्हें लगता था कि ऐसा करना डेमोक्रेट्स और मीडिया के सामने झुकना होगा। पिछले कुछ महीनों तक यह आदेश था कि मिडटर्म चुनाव से पहले किसी कैबिनेट अधिकारी को नहीं हटाया जाएगा, लेकिन ईरान युद्ध के बाद ट्रम्प की लोकप्रियता घटने से स्थिति बदल गई है। ईरान से जंग के बीच अमेरिकी सरकार में तेजी से प्रशासनिक बदलाव हो रहे हैं। सबसे पहले होमलैंड सिक्योरिटी चीफ क्रिस्टी नोएम को बेदखल किए जाने से इसकी शुरुआत हुई। उन्हें किस वजह से हटाया गया इस बारे में आधिकारिक तौर पर कोई वजह नहीं बताई गई है। कुछ समय से उनकी काम करने की शैली और फैसलों पर सवाल उठ रहे थे। होमलैंड सिक्योरिटी विभाग की जिम्मेदारी होती है कि देश को अंदर और बाहर से आने वाले खतरों से सुरक्षित रखा जाए। उनकी राजनीतिक छवि भी विवादों में रही, जिससे सरकार पर दबाव बढ़ रहा था। आलोचकों का कहना था कि वे ज्यादा राजनीतिक बयानबाजी कर रही हैं। ट्रम्प ने राष्ट्रपति बनने से पहले ही साउथ डकोटा की गवर्नर क्रिस्टी नोएम को होमलैंड सिक्योरिटी विभाग का चीफ बनाने के लिए नामित कर दिया था। व्हाइट हाउस के एक करीबी ने द अटलांटिक से कहा कि क्रिस्टी नोएम को हटाने पर जो प्रतिक्रिया मिली, उससे ट्रम्प को हिम्मत मिली और उन्होंने बॉन्डी को हटाने का फैसला आगे बढ़ाया। माना जा रहा है कि पैम बॉन्डी ने एपस्टीन मामले को ठीक से नहीं संभाला। दरअसल, एपस्टीन मामले से जुड़ी सच्चाई सामने लाने की मांग लंबे समय से हो रही थी, खासकर 'क्लाइंट लिस्ट' को लेकर, जिसमें यह बताया जाता है कि किन-किन प्रभावशाली लोगों का उससे संबंध था। एपस्टीन पर आरोप था कि वह नाबालिग लड़कियों का शोषण करता था और एक बड़ा नेटवर्क चलाता था, जिसमें ताकतवर और अमीर लोग शामिल हो सकते थे। इसी वजह से लोग यह जानना चाहते हैं कि उस नेटवर्क में कौन-कौन शामिल था। इसी दबाव में बॉन्डी ने कुछ लोगों को व्हाइट हाउस बुलाया और उन्हें एपस्टीन फाइल्स फेज 1 नाम का फोल्डर दिया। फोल्डर देने के बाद मामला उल्टा बॉन्डी के लिए परेशानी बन गया। दरअसल उम्मीद थी कि कोई बड़ी जानकारी या खुलासा सामने आएगा, लेकिन जब लोगों ने उन्हें देखा, तो पता चला कि उनमें कोई नई या चौंकाने वाली जानकारी नहीं थी।

■ काश पटेल-तुलसी गबार्ड को भी हटाने की चर्चा



### रैंडी जॉर्ज समय से एक साल पहले जबरन निकाले गए

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सेना के चीफ ऑफ स्टाफ जनरल रैंडी जॉर्ज को भी तुरंत रिटायर होने का आदेश दिया गया है। सूत्रों ने दावा किया है कि रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने यह आदेश दिया। रैंडी का पद साल 2027 में समाप्त होने वाला था। उनके जाने के बाद वाइस चीफ ऑफ स्टाफ जनरल क्रिस्टोफर लॉ नेव कार्यवाहक आर्मी चीफ की जिम्मेदारी संभालेंगे। ला नेव पहले हेगसेथ के सहायक रह चुके हैं। इस पूरे मामले में आधिकारिक तौर पर कोई वजह नहीं दी गई है। पेंटागन ने सिर्फ इतना कहा कि वह रिटायर हो रहे हैं और उनकी सेवा के लिए धन्यवाद दिया, लेकिन जो संकेत मिलते हैं, उनसे लगता है कि यह फैसला व्यक्तिगत गलती की वजह से नहीं, बल्कि बड़े स्तर पर हो रहे बदलाव का हिस्सा है। रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ अपने पद संभालने के बाद कई वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों को हटा या बदल चुके हैं। यानी सेना के टॉप लेवल पर नई टीम बनाई जा रही है। एक और बात यह है कि रैंडी जॉर्ज को पिछली सरकार के समय नियुक्त किया गया था।

# तारागिरी युद्धपोत भारतीय नौसेना के बेड़े में शामिल

## रक्षा मंत्री ने कहा: मजबूत व सक्षम नौसेना समय की जरूरत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मजबूत और सक्षम नौसेना को समय की जरूरत बताते हुए कहा है कि भारतीय नौसेना महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों, 'चोक प्वॉइंट्स' और राष्ट्रीय हितों से जुड़े डिजिटल ढांचों की सुरक्षा कर रही है, जिससे भारत जिम्मेदार समुद्री शक्ति के रूप में पहचान बना रहा है।

प्रोजेक्ट 17 ए श्रेणी के चौथे अत्याधुनिक स्वदेशी युद्धपोत आईएनएस तारागिरी को शुक्रवार को आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में श्री सिंह की उपस्थिति में भारतीय नौसेना में शामिल किया गया। आधुनिक नौसैनिक जहाज निर्माण का उत्कृष्ट उदाहरण यह नवीनतम स्टील्थ फ्रिगेट, लगभग 6,670 टन के वजन के साथ, युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो द्वारा डिजाइन किया गया है और मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड द्वारा सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के सहयोग से ब हु-भूमिका अभियानों के लिए निर्मित किया गया है। यह उन्नत स्टील्थ तकनीक का उपयोग करता है, जिससे इसकी रडार पहचान क्षमता काफी कम हो जाती है और इसे चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में घातक बढ़त मिलती है। पचहत्तर प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री और कम समय में निर्मित आईएनएस तारागिरी भारत की जहाज निर्माण क्षमता और मजबूत सार्वजनिक- निजी सहयोग का उदाहरण है। रक्षा मंत्री ने अपने संबोधन में आईएनएस तारागिरी को केवल एक युद्धपोत नहीं, बल्कि भारत की बढ़ती तकनीकी क्षमता, आत्मनिर्भरता और सशक्त नौसैनिक शक्ति का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि यह जहाज उच्च गति से संचालित हो सकता है और लंबे समय तक समुद्र में तैनात रह सकता है। इसमें ऐसे तंत्र लगे हैं जो दुश्मन की गतिविधियों पर नजर रखते हैं, अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं और आवश्यकता पड़ने पर तुरंत जवाब दे सकते हैं। इसमें आधुनिक रडार, सोनार और ब्रह्मोस जैसी मिसाइल प्रणालियां तथा सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलें लगी हैं, जो इसकी क्षमता को और बढ़ाती हैं।

**तारागिरी केवल एक युद्धपोत नहीं, बल्कि भारत की बढ़ती तकनीकी क्षमता, आत्मनिर्भरता और सशक्त नौसैनिक शक्ति का प्रतीक: राजनाथ सिंह**



# हम अकेले जिसने होर्मुज में अपने नाविक खोए: भारत

## भारतीय विदेश सचिव ने कहा: इस संकट का समाधान बातचीत से ही संभव

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** ब्रिटेन की पहल पर होर्मुज स्ट्रेट को फिर से खोलने के लिए एक बड़ी ऑनलाइन बैठक हुई, जिसमें 60 से ज्यादा देशों ने हिस्सा लिया। इस बैठक में भारत की तरफ से विदेश सचिव विक्रम मिसरी शामिल हुए। बैठक में विक्रम मिसरी ने कहा कि होर्मुज संकट में अब तक सिर्फ भारत के ही नागरिक मारे गए हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक होर्मुज स्ट्रेट संकट में अब तक 3 भारतीय नाविक मारे जा चुके हैं, ये सभी विदेशी जहाजों पर काम कर रहे थे। भारत ने कहा कि इस पूरे संकट का हल सिर्फ बातचीत और शांति से ही निकल सकता है। भारत ने सभी देशों से अपील की कि तनाव कम करें और आपसी बातचीत के जरिये रास्ता निकालें। वहीं भारत के लिए आ रहा ईरानी कच्चे तेल का टैंकर अचानक अपना रास्ता बदलकर चीन की ओर मुड़ गया। यह टैंकर करीब 7 साल बाद भारत पहुंचने वाला पहला ईरानी तेल जहाज था और गुजरात के वाडिनार पोर्ट की ओर आ रहा था। इसमें करीब 6 लाख बैरल कच्चा तेल लदा हुआ था। शिप ट्रैकिंग डेटा के मुताबिक जहाज पिछले तीन दिनों से भारत की ओर बढ़ रहा था, लेकिन गुजरात के पास पहुंचने से ठीक पहले उसने अपना रास्ता बदल दिया और अब चीन के डोंगयिंग शहर की तरफ जा रहा है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि इसके पीछे पेमेंट से जुड़ी दिक्कतें हो सकती हैं। केपलर के लीड रिसर्च एनालिस्ट सुमित रितोलिया के मुताबिक, पहले सप्लायर्स 30 से 60 दिन का क्रेडिट देते थे, लेकिन अब वे एडवांस या तुरंत भुगतान की मांग कर रहे हैं। इसी वजह से डील अटक गई और टैंकर ने रूट बदल लिया। हालांकि, जहाज का एआईएस (ट्रैकिंग सिस्टम) डेस्टिनेशन कभी भी बदला जा सकता है। अगर पेमेंट से जुड़े मुद्दे सुलझ जाते हैं, तो टैंकर दोबारा भारत की ओर भी आ सकता है। वाडिनार पोर्ट पर नायरा एनर्जी की करीब 20 मिलियन टन क्षमता वाली रिफाइनरी है, जहां इस टैंकर के पहुंचने की संभावना थी। गौरतलब है कि 2018 तक भारत ईरान से बड़ी मात्रा में सस्ता तेल खरीदता था। उस समय भारत रोजाना करीब 5.18 लाख बैरल ईरानी तेल आयात करता था, जो कुल आयात का लगभग 11.5 प्रतिशत था। लेकिन अमेरिकी प्रतिबंधों के बाद भारत ने ईरान से तेल खरीदना बंद कर दिया और अन्य देशों से सप्लाई बढ़ा दी।




■ ऑनलाइन बैठक में 60 देश हुए शामिल

■ भारत आने वाला ईरानी तेल टैंकर चीन मुड़ा, गुजरात के पास बदला रूट, पेमेंट विवाद की आशंका

# एमसीडी और एएसआई के रिश्वतखोरी रैकेट का भंडाफोड़

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने राष्ट्रीय राजधानी में दो अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के अधिकारियों को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है।

पहला मामला 31 मार्च को दर्ज किया गया था, जिसमें शाहदरा नॉर्थ जोन में तैनात एक बेलदार पर आरोप है कि उसने एक व्यक्ति के घर को न गिराने के बदले 80,000 रुपये की रिश्वत मांगी। एक अप्रैल को सीबीआई ने जाल बिछाकर आरोपी को 5,000 रुपये लेते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया। जांच में सामने आया कि वह अपने लिए 5,000 रुपये और एक जूनियर इंजीनियर के लिए 70,000 रुपये मांग रहा था। इसके बाद जूनियर इंजीनियर की भूमिका भी सामने आने पर दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। दूसरे मामले में, सीबीआई ने नई दिल्ली स्थित जंतर-मंतर सब-सर्कल में तैनात एएसआई के एक संरक्षण सहायक और एक मॉन्यूमेंट अटेंडेंट को गिरफ्तार किया। आरोप है कि मॉन्यूमेंट अटेंडेंट ने संरक्षण सहायक की ओर से 3.50 लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी, ताकि 24 मार्च को जारी नोटिस वापस लिया जा सके और काम जारी रखने की अनुमति दी जा सके।

■ अधिकारियों को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया

## संक्षिप्त समाचार

### तमिलनाडु विस चुनाव को कांग्रेस ने उतारे 27 प्रत्याशी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने तमिलनाडु विधानसभा के लिए शुक्रवार को प्रदेश अध्यक्ष के सेल्वपेरुठन्गो सहित 27 उम्मीदवारों के नाम घोषित कर दिए। कांग्रेस ने 234 सदस्यों वाली तमिलनाडु विधानसभा के लिए जिन उम्मीदवारों की सूची जारी की है उसमें पूर्व विधायक के सेल्वापेरुन्थगई तथा एएम मुनिरत्नम भी शामिल हैं। पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति ने इन उम्मीदवारों के नाम का चयन किया है। कांग्रेस का राज्य विधानसभा चुनाव के लिए सत्तारुढ़ द्रमुक के साथ गठबंधन है। तमिलनाडु विधानसभा के लिए इस बार एक ही चरण में 23 अप्रैल को मतदान होगा और चुनाव के नतीजे 04 मई को घोषित होंगे।

### गांधी को है हार का शतक लगाने की जल्दी : मौर्य

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि उन्हें अपनी हार का शतक लगाने की जल्दबाजी है, असम में भारतीय जनता पार्टी की जीत उनकी इस ख्वाहिश जरूर पूरा करेगी। श्री गांधी द्वारा असम के मुख्यमंत्री हेमंता विस्वा सरमा पर की गई टिप्पणी को लेकर राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। श्री मौर्य ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर कहा कि असम के लोकप्रिय मुख्यमंत्री पर ओछी टिप्पणी कर गांधी ने साबित कर दिया है कि उनका सांसद के तौर पर पांच बार और एक बार लोकसभा में विपक्ष के नेता का अनुभव कुंठा से लबालब है। आमजन की तो छोड़िए, गांधी संवैधानिक पद पर बैठे किसी जम्मिदार व्यक्ति को भी किसी क्षण अपमानित कर सकते हैं।

# दिल्ली-एनसीआर में चार व पांच को बारिश

## तेज हवाओं ने बिगाड़ा मौसम, धूल भरी आंधी से लोग रहे परेशान

**नई दिल्ली, वार्ता**



दिल्ली-एनसीआर में शुक्रवार सुबह धूल भरी तेज आंधी चलने के साथ हल्की बूंदाबांदी हुई। तेज हवाओं की वजह से लोगों का बाहर निकलना मुश्किल हो गया और चारों तरफ धूल ही धूल नजर आई।

मौसम विभाग ने 3, 4 और 5 अप्रैल को बारिश की संभावना जताई है। मौसम विभाग के अनुसार इस दौरान तेज हवाएं भी चलेंगी, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिलेगी। इसे लेकर आईएमडी ने अलर्ट भी जारी किया है। मौसम विभाग ने कहा है कि ये बदलाव पश्चिमी विक्षोभ के कारण हो रहा है। आज दिल्ली का अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 21 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। आईएमडी के अनुसार 4 अप्रैल को दिल्ली में दोपहर के समय बिजली कड़कने और तेज हवाओं के साथ आंधी-तूफान और शाम के समय बारिश के आसार हैं। मौसम में यह बदलाव 8 अप्रैल तक जारी रह सकता है। आईएमडी के अनुसार ईरान के पास सक्रिय हो रहे नए पश्चिमी विक्षोभ के कारण मौसम में बदलाव हो रहा है, जिस कारण यूपी के कई जिलो में तेज आंधी के साथ बारिश हो सकती है। वहीं कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि की संभावना जताई गई है। हवा 40 से 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चल सकती है, जिस कारण तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट होने से लोगों को गर्मी से राहत मिलेगी। आईएमडी के अनुसार आज बिहार में मौसम साफ रहेगा, लेकिन 5

■ **यूपी के कई जिलो में तेज आंधी के साथ बारिश का अलर्ट कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि की संभावना जताई गई है**

अप्रैल के बाद आंधी, बारिश और बिजली गिरने को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार आज बिहार में बारिश के आसार नहीं हैं। राज्य में 5 से 7 अप्रैल के बीच मौसम में बदलाव होगा। एमपी के कई जिलों में कल बारिश के साथ ओले भी गिरे थे। मौसम विभाग ने कहा कि है राज्य के कई जिलों में 5 अप्रैल तक बारिश होने और ओले गिरने के आसार है। आज भी बादल छाए रहने और बारिश की संभावना जताई गई है। वहीं राजस्थान में भी तेज आंधी के साथ बारिश और ओले गिरने का अलर्ट जारी किया गया है। राजस्थान के मौसम में यह बदलाव 8 अप्रैल तक जारी रहेगा, जिस कारण तापमान में गिरावट होने से लोगों को गर्मी से राहत मिलने की संभावना है।

# पीओके बनेगा भारत का हिस्सा: इलियासी

## अखिल भारतीय इमाम संघ प्रमुख बोले: पश्चिम एशिया में शांति बनाने में मोदी भूमिका निभाएंगे

**श्रीनगर।** अखिल भारतीय इमाम संघ (एआईआईओ) के प्रमुख इमाम उमर अहमद इलियासी ने शुक्रवार को कहा कि पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर (पीओके) जो भारत का अभिन्न अंग है, बहुत जल्द भारत में शामिल होगा।

इसके साथ ही उन्हें यह भी उम्मीद है कि पश्चिम एशिया में शांति बनाने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अहम भूमिका निभाएंगे। उन्होंने दावा किया कि एकीकरण की यह इच्छा स्वयं पीओके के लोगों की ओर से आ रही है। श्रीनगर में पत्रकारों से बात करते हुए श्री इलियासी ने कहा कि पीओके के निवासी अपनी आकांक्षाओं को व्यक्त करने के लिए जनमत संग्रह कराना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि मैं कश्मीर से अपने पड़ोसी देश को कुछ बताना चाहता हूं कि पीओके हमारा अभिन्न अंग है और निश्चित रूप से फिर से भारत में शामिल होगा। पीओके के लोग जनमत संग्रह कराना चाहते हैं और अपने घरों को वापस लौटना चाहते हैं। इमाम ने कहा कि पीओके के लोग जम्मू-कश्मीर की प्रगति देखकर खुश हैं और उनकी भावनाएं भारत के साथ जुड़ने के पक्ष में हैं। उन्होंने टिप्पणी की कि यह हम नहीं, बल्कि पीओके के लोग हैं, जो ऐसा चाहते हैं। इंशाल्लाह! उनकी 'घर वापसी' जल्द होगी और पीओके भारत में शामिल हो जाएगा। अंतरधार्मिक संवाद में सक्रिय रहने वाले श्री इलियासी 'सत्तारूढ़ भाजपा-आरएसएस से निकटता' के लिए जाने जाते हैं। वह उन चुनिंदा मुस्लिम धर्मगुरुओं में भी शामिल थे, जिन्हें 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में आमंत्रित किया गया था। श्री इलियासी ने कहा कि अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद कश्मीर 'नया कश्मीर' में बदल गया है। उन्होंने दावा किया कि इस क्षेत्र में विकास, शिक्षा और पर्यटन में भारी इजाफा हुआ है। उन्होंने आगे कहा कि 2019 में अनुच्छेद 370 को हटाने से पूरे कश्मीर में खुशहाली आई और जमीनी स्तर पर प्रत्यक्ष बदलाव देखने को मिले हैं। उन्होंने कहा कि मुझे यह कहते हुए खुशी हो रही है कि आज कश्मीर एक 'नया कश्मीर' है। अनुच्छेद 370 हटने के बाद यहां विकास हुआ है और पर्यटन में भी वृद्धि हुई है। लोग खुश हैं। इलियासी ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में युवाओं की स्थिति में काफी बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि एक समय था, जब छोटे बच्चे पत्थरबाजी किया करते थे। आज बच्चों के हाथों में कलम है। इलियासी ने जम्मू-कश्मीर वक्फ बोर्ड की अध्यक्ष और भाजपा नेता दरख्शां अंद्राबी के काम की भी सराहना की।

# चड्ढा ने 'आप' पर लगाया आवाज दबाने का आरोप

**नई दिल्ली, वार्ता**

आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने पद से हटने के बाद अपनी पहली प्रतिक्रिया देते हुए चड्ढा ने एक वीडियो संदेश जारी किया है, जिसमें उन्होंने सीधे तौर पर अपनी ही पार्टी के फैसले पर सवाल उठाए हैं और एक शायराना अंदाज में चेतावनी भी दी है।

संसद भवन के बाहर से रिकॉर्ड किए गए इस वीडियो में चड्ढा काफी आक्रामक और भावुक नजर आ रहे हैं। उन्होंने अपनी बात की शुरुआत करते हुए कहा कि मुझे जब-जब संसद में बोलने का मौका मिलता है, मैं जनता के मुद्दे उठाता हूं। मैंने हवाई अड्डों पर महंगे खाने, जोमैटो-ब्लिंकिट के डिलीवरी राइडर्स की समस्याओं, टोल प्लाजा की लूट और मिडिल

■ **वीडियो जारी कर कहा-मेरी आवाज खामोश करने से क्या फायदा**

क्लास पर टैक्स के बोझ जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया है। चड्ढा ने आगे तीखे स्वर में पूछा कि क्या इन जनहित के मुद्दों पर बात करना कोई गुनाह है? उन्होंने कहा कि पार्टी ने राज्यसभा सचिवालय को पत्र लिखकर उनके बोलने पर रोक लगाने की सिफारिश की है, जो बेहद हैरान करने वाला है। राघव चड्ढा ने वीडियो में स्पष्ट किया कि पार्टी ने राज्यसभा को सूचित किया है कि उन्हें अब सदन में बोलने का मौका न दिया जाए। उन्होंने सवाल किया कि आखिर पार्टी उनकी आवाज को क्यों दबाना चाहती है? चड्ढा ने कहा कि भला कोई मेरे बोलने पर रोक क्यों लगाना चाहेगा? मेरी आवाज को खामोश करने से आम आदमी पार्टी का क्या फायदा है?

## मुख्यमंत्री योगी ने गृह विभाग की बैठक में दिए निर्देश

# यूपी पुलिस में 81 हजार पदों पर होंगी भर्तियां

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गृह विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में कानून-व्यवस्था, पुलिस आधुनिकीकरण और जनसुरक्षा को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ व प्रभावी बनाया जाए। योग ने गुरुवार देर रात हुई बैठक में निर्देश दिया कि वर्ष 2026 के दौरान उत्तर प्रदेश पुलिस में 81 हजार से अधिक पदों पर भर्ती की प्रक्रिया पूरी की जाए। उन्होंने कहा कि भर्ती प्रक्रिया में वरीयता और आरक्षण नियमावली का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए, ताकि पारदर्शिता बनी रहे।



■ **भर्ती प्रक्रिया में वरीयता और आरक्षण का कड़ाई से पालन किया जाए, 75 जिलों में डिजिटल ढांचा मजबूत हो**

कानून-व्यवस्था को लेकर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रदेश में अपराध नियंत्रण के लिए और अधिक प्रभावी रणनीति अपनाई जाए। उन्होंने पीआरवी 112 की कार्यप्रणाली की समीक्षा करते हुए कहा कि वर्तमान में 6 मिनट का रिस्पांस टाइम सराहनीय है, लेकिन इसे और कम करने के लिए तकनीकी और प्रबंधन स्तर पर सुधार किए जाएं। लखनऊ में लंबे समय से तैनात पुलिसकर्मियों को लेकर भी सख्ती दिखाई। उन्होंने राजभवन, मुख्यमंत्री आवास और पुलिस मुख्यालय सहित संवेदनशील स्थलों पर वर्षों से जमे पुलिसकर्मियों का स्थानांतरण करने के निर्देश दिए। अग्निशमन सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए मुख्यमंत्री ने एक तहसील-एक दमकल वाहन योजना को तेजी से लागू करने पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने जेलों में आभासी माध्यम से पेशी की समुचित व्यवस्था विकसित करने को कहा, ताकि सुरक्षा और समय दोनों की बचत हो सके। उन्होंने पुलिस रेडियो में ई-ऑफिस प्रणाली लागू करने और प्रदेश के सभी 75 जिलों में डिजिटल ढांचे को मजबूत करने के निर्देश दिए।

## असम को लव जिहाद और लैंड जिहाद की धरती नहीं बनने देंगे

**बारपेटा( असम )।** यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने असम के बारपेटा विधान सभा क्षेत्र में आयोजित जनसभा से चुनावी रण की हुंकार भरी है। इस दौरान सीएम योगी ने कहा कि असम की ये पावन धरा पूर्वोत्तर का द्वार है और हर भारत वासी मां कामाख्या का दर्शन करने यहां आता है। असम के इस पावन धरा पर आपसे संवाद करने आया हूँ, असम की अपनी गौरवशाली परंपरा रही है, यहां की आध्यात्मिक व सांस्कृतिक परम्परा गौरवशाली रही है। सीएम योगी ने इस जनसभा में कहा कि असम को लव जिहाद और लैंड जिहाद की धरती नहीं बनने देंगे। सीएम ने कहा कि डेमोग्राफी बदलने की कांग्रेस और यूडीएफ की साजिश को सफल नहीं होने देंगे। असम को घुसपैठियों का अड्डा नहीं बनने देंगे, ये केवल एनडीए की सरकार कर सकती है।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 71608.05
निफ्टी 22383.40



सोना 150930
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 250000
प्रति किलो



# इस सप्ताह के पांच धांसू शेयर, गिरते बाजार में मिला 50 प्रतिशत रिटर्न

**नई दिल्ली, वार्ता**

भारतीय शेयर बाजार में इस हफ्ते भले ही कमजोरी का माहौल रहा हो, लेकिन कुछ चुनिंदा शेयरों ने इस गिरावट के बीच भी शानदार प्रदर्शन किया। विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली, कच्चे तेल की ऊंची कीमतें और पश्चिम एशिया में जारी तनाव के चलते बाजार पर दबाव बना रहा।

सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन 2 अप्रैल को बेंचमार्क इंडेक्स लगातार छठे हफ्ते गिरावट के साथ बंद हुए। निफ्टी इस हफ्ते 2.5 प्रतिशत यानी 593.35 अंक गिरकर 22,713.10 पर बंद हुआ। वहीं बीएसई सेंसेक्स 2.6 प्रतिशत यानी 1,953.90 अंक टूटकर 73,319.55 के स्तर पर आ गया। इस दौरान बाजार में उतार-चढ़ाव का माहौल बना रहा। निवेशकों को एक तरफ ग्लोबल संकेतों से थोड़ी राहत मिली, वहीं दूसरी ओर क्रूड ऑयल की ऊंची कीमतों और कमजोर रुपये ने सेंटीमेंट पर दबाव बनाए रखा। इसके अलावा, इस हफ्ते ट्रेडिंग सेशन भी कम रहे। शुक्रवार 3 अप्रैल को गुड फ्राइडे के कारण बाजार बंद रहा, जबकि इससे पहले मंगलवार को महावीर जयंती के चलते भी बाजार में छुट्टी रही। इन तमाम दबावों के बावजूद कुछ शेयरों ने शानदार रिटर्न देकर निवेशकों को चौंका दिया।



कान्फिडेंस पेट्रोलियम इस हफ्ते का सबसे अधिक चढ़ने वाला शेयर है। गणेश इकोस्फीयर टेक्सटाइल इंडस्ट्री की इस कंपनी ने बीते हफ्ते निवेशकों को 44.8 का रिटर्न दिया है। आरपीएसजी वेंचर्स के शेयर ने निवेशकों को 41.7 फीसदी का रिटर्न दिया। पुष्पा ज्वैलर्स जेम्स एंड ज्वैलरी इंडस्ट्री का यह शेयर बीते हफ्ते 34.7 प्रतिशत चढ़ा है। गुरुवार को इसके शेयर 3.18 फीसदी की तेजी के साथ 123.30 रुपये के स्तर पर बंद हुए। नियोजिन फिनटेक के शेयर ने निवेशकों को 31.2 प्रतिशत का दमदार रिटर्न दिया। गुरुवार को यह 4.15 फीसदी की तेजी के साथ 44.39 रुपये के स्तर पर बंद हुआ।

## सोने में आई तेजी, चांदी में कोई बदलाव नहीं

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के कारण सोने और चांदी की कीमत में काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। गुड रिटर्न्स के मुताबिक शुक्रवार को सोने की कीमत में जहां तेजी आई, तो वहीं चांदी में कोई बदलाव नहीं हुआ। दोपहर 3 बजे 24 कैरेट सोने की कीमत प्रति 10 ग्राम 1960 रुपये की तेजी के साथ 1,50,930 रुपये पर थी। वहीं चांदी की कीमत प्रति किलो 2.50 लाख रुपये थी। आज शुक्रवार को गुड फ्राइडे के मौके पर एमसीएक्स बाजार बंद है।

इससे पहले बुधवार को जहां सोने और चांदी की कीमत में तेजी आई थी, वहीं गुरुवार को इनमें गिरावट रही। सर्राफा और वायदा दोनों कीमतों में गिरावट आई। सोने की कीमत 1.47 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम और चांदी की कीमत 2.28 लाख रुपये प्रति किलो के नीचे पहुंच गई। एमसीएक्स पर सोने की कीमत में कारोबार के दौरान 5,000 रुपये की गिरावट आई, जबकि चांदी 19,000 रुपये तक लुढ़क गई। इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक 24 कैरेट सोने की कीमत गुरुवार को 4,245 रुपये कम होकर 1,46,608 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई, जो पहले 1,50,853 रुपये प्रति 10 ग्राम थी।

# पेट्रो. पदार्थो की कालाबाजारी पर 233 एफआईआर दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर राज्य में पेट्रोल, डीजल और गैस की कालाबाजारी को लेकर चलाए गए विशेष अभियान के तहत अब तक 233 प्राथमिकी दर्ज की गई हैं। इस दौरान 20 लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि 237 आरोपियों के खिलाफ अभियोजन की कार्रवाई की जा रही है।

खाद्य एवं रसद विभाग के आयुक्त ने शुक्रवार को यहां बताया कि 12 मार्च से शुरू हुए इस अभियान के तहत प्रदेशभर में 19,882 स्थानों पर छापेमारी और निरीक्षण किए गए। एलपीजी वितरकों के खिलाफ 33 मामले दर्ज हुए हैं, जबकि गैस कालाबाजारी में संलिप्त अन्य व्यक्तियों के खिलाफ 200 प्राथमिकी दर्ज कराई गई हैं। कार्रवाई पूरे प्रदेश में एक साथ चलाकर कालाबाजारी पर प्रभावी अंकुश लगाया गया है। मुख्यमंत्री ने विभिन्न मंचों से स्पष्ट किया है कि अफवाह

■ **बीस लोगों को किया गया गिरफ्तार, 237 पर कार्रवाई**

फैलाकर बाजार में कृत्रिम संकट पैदा करने वालों के खिलाफ भी कठोर कार्रवाई की जाएगी। इसी क्रम में प्रशासन ने निगरानी बढ़ाते हुए ऐसे तत्वों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। सरकार ने यह भी सुनिश्चित किया है कि कार्रवाई के दौरान आम जनता को किसी प्रकार की असुविधा न हो। प्रदेश में पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य बनी हुई है। राज्य के 12,888 पेट्रोल पंपों के माध्यम से नियमित बिक्री हो रही है, जबकि 28 मार्च से एक अप्रैल तक बिक्री के आंकड़े भी सामान्य स्तर पर रहे हैं। वर्तमान में प्रदेश में 97,000 किलोलीटर पेट्रोल और 1,26,000 किलोलीटर डीजल का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। अधिकारियों के अनुसार मांग के अनुरूप आपूर्ति बनाए रखने के लिए निरंतर समन्वय किया जा रहा है। एलपीजी आपूर्ति को लेकर भी विभाग सतर्क है।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोंहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# जेवर हवाई अड्डे के उद्घाटन पर सियासत तेज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री पंकज चौधरी ने जेवर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के उद्घाटन को लेकर विपक्ष पर तीखा हमला बोला है और कहा है कि प्रदेश की जनता के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मेहमान नहीं, बल्कि घर के सदस्य की तरह हैं।

श्री चौधरी ने सोशल मीडिया एक्स पर जारी कहा कि प्रदेश की 25 करोड़ जनता के हर घर में प्रधानमंत्री का अपना स्थान है। उन्होंने विपक्षी दलों पर तंज कसते हुए कहा कि मेहमान वे लोग हैं, जो पांच साल में केवल चुनाव के समय ही जनता के बीच आते हैं और हार मिलने पर व्यवस्था पर सवाल उठाते हैं। केंद्रीय मंत्री ने नोएडा का उल्लेख करते हुए कहा कि जो लोग कभी राजनीतिक कारणों से नोएडा आने से भी कतराते थे, आज उसी नोएडा में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भव्य अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन हुआ है। इसे उन्होंने विकास की नई ऊंचाई करार दिया। श्री चौधरी ने विपक्ष की राजनीति को डरपोक और भ्रष्ट बताते हुए

■ **यूपी भाजपा अध्यक्ष चौधरी ने विपक्ष पर साधा निशाना**

कहा कि पहले नोएडा को केवल निजी लाभ का माध्यम बनाया गया, जबकि अब यह क्षेत्र वैश्विक स्तर पर पहचान बना रहा है। उन्होंने कहा कि यह एयरपोर्ट विकास की उस उड़ान का प्रतीक है, जिसे संकीर्ण सोच वाले लोग समझ नहीं पाएंगे। उन्होंने 2027 के विस चुनाव का जिक्र करते हुए कहा कि प्रदेश की जनता विपक्ष की राजनीति को पूरी तरह नकारने के लिए तैयार है और लोकतांत्रिक तरीके से उन्हें जवाब देगी। इस बयान के बाद प्रदेश की राजनीति में एक बार फिर नोएडा एयरपोर्ट और विकास बनाम राजनीति का मुद्दा गरमा गया है। पीएम मोदी ने जेवर हवाई अड्डा के उद्घाटन के दौरान अपने संबोधन में कहा था कि पहले की सरकारों ने नोएडा के विकास को नजरअंदाज किया और आरोप लगाया था कि सपा सरकार के समय इस क्षेत्र को योजनाबद्ध से आगे बढ़ाने के बजाय निजी स्वार्थों के लिए इस्तेमाल किया गया।

# डा. अंबेडकर की जयंती को गांव स्तर पर मनाएगी सपा: अखिलेश यादव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि समाजवादी पार्टी ने निर्णय लिया है कि डा. बीआर अंबेडकर की जयंती को इस बार गांव स्तर पर मनाया जाएगा। इस दौरान संविधान पर मंडरा रहे खतरे और सामाजिक न्याय के मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

श्री यादव ने शुक्रवार को कहा कि संविधान देश की बुनियाद है और इसे कमजोर करने की कोशिशें की जा रही हैं, जिन्हें समाजवादी लोग रोकने का काम करेंगे। उन्होंने पार्टी मुख्यालय में कार्यकर्ताओं की बैठक के बाद संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला और कहा कि यह अमृत काल नहीं बल्कि संकट काल है, जहां संतों की हत्या तक हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार सौदागर की तरह काम कर रही है और हर चीज को



■ **यह अमृत काल नहीं, संकट काल है, जहां संतों तक की हत्या हो रही**

बेचने में लगी है, जबकि उसका लक्ष्य केवल मुनाफा कमाना है। श्री यादव ने कहा कि हमें और आपको जो महंगाई देखने को मिल रही है भ्रष्टाचार की वजह से, भ्रष्टाचार के साथ-साथ तो मुनाफा ज्यादा कमा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिस तरह से 2024 में पीडीए के लोगों ने एकजुट होकर भारतीय जनता पार्टी का मुकाबला करके उन्हें हराया था। आने वाले समय में 2027 में बूथ स्तर पर काम करके बीजेपी को हरा कर समाजवादी सरकार बनाने का काम प्रदेश में करेंगे। उन्होंने कहा कानून व्यवस्था को चौपट करने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग को खत्म कर दिया है। समाजवादी सरकार में अभिनव स्कूल जो बनाए गए थे, उसकी हालत किसी से छिपी नहीं है। कोरोना के समय समाजवादी सरकार का लैपटॉप शिक्षा का सहारा बना था। उन्होंने कहा कि यह शिक्षा को नहीं बढ़ाना चाहते हैं, यह रूढ़िवादी रखना चाहते हैं। एंबुलेंस में लोगों की जान जा रही है, गलत ऑपरेशन हो रहा है। जो जिंदा है उन्हें जहां पर मुर्दाघर होता है, वहां ले जा रहे हैं। यादव ने कहा कि हम लोग सब मिलकर तकनीक का सहारा लेकर नकारात्मक प्रचार नहीं करेंगे, सकारात्मक रहेंगे। वह नकारात्मक लोग हैं, उनके अंदर और इतनी नकारात्मकता है कि उनके चेहरे पर आने लगी है।

# संसद की तीन दिनी बैठक बुलाना सरकार की मनमानी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि कुछ राज्यों के विधानसभा चुनावों के बीच 16 अप्रैल से महिला आरक्षण विधेयक में संशोधन पर चर्चा के लिए संसद की तीन दिवसीय बैठक बुलाना सरकार का एकतरफा निर्णय है और इस बैठक को लेकर विपक्ष को नजरअंदाज कर पूरी तरह से मनमानी की गई है।

कांग्रेस के संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने शुक्रवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि संसद की बैठक 16, 17 और 18 अप्रैल को बुलाई गई है। इस बारे में सरकार के साथ जो विचार विमर्श हुआ था उसमें कहा गया था कि कुछ राज्यों के विधानसभा चुनाव हो रहे हैं इसलिए 29 अप्रैल के बाद सर्वदलीय बैठक बुलाकर इस बारे में विचार किया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि 16 मार्च को संसदीय कार्य मंत्री किरन रिजिजू

■ **कांग्रेस ने लगाया आरोप, 16 को बैठक**

ने राज्यसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को पत्र लिखकर 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023' में प्रस्तावित संशोधनों पर चर्चा की इच्छा जताई, तो श्री खड़गे ने 15 मिनट के भीतर ही पत्र का जवाब देते हुए सुझाव दिया कि अलग-अलग चर्चा करने के बजाय सभी विपक्षी दलों को एक साथ आमंत्रित कर सर्वदलीय बैठक बुलाई जाए।

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भी कहा कि यदि सरकार महिला आरक्षण विधेयक में संशोधन करना चाहती है, तो इस पर सभी दलों की सहमति आवश्यक है और इसके लिए सर्वदलीय बैठक सबसे उपयुक्त मंच होगा।

# चुन्नी का फंदा गले में फंसने से 10 वर्षीय बच्चे की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** कृष्णा नगर थाना क्षेत्र मे कांति नगर के शांति मौहल्ला में एक हादसे में 10 वर्षीय बच्चे की चुन्नी गले में फंसने से मौत हो गई। घटना उस समय हुई जब बच्चा घर पर अकेला था और खेलते समय चुन्नी से उसके गले में फंदा लग गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है।

मृतक की पहचान अरहान (10) के रूप में हुई है। कांति नगर के मकान न-4393, गली न-22, शांति मौहल्ला में शाहिद हुसैद अपने परिवार के साथ रहते हैं। उनके तीन भाई भी अलग-अलग फ्लोर पर इसी मकान मे रहते है स उनका बेटा अरहान पांचवीं कक्षा का छात्र था। पुलिस के अनुसार, घटना शाम करीब छह बजे की है। उस समय अरहान की मां अस्पताल गयी हुई थी अस्पताल मे अरहान की बहन भर्ती थीं, जबकि उसकी दादी एक शादी समारोह में शामिल होने गई थीं। जिस वजह से अरहान अपने फ्लोर पर अकेला था। घटना से करीब एक घंटे पहले अरहान ने अपनी ताई से चाय बनवाकर पी थी। इसके बाद वह घर की चौथी



मंजिल पर अकेला था। पुलिस के अनुसार वह कमरे में टंगी चुन्नी पर लटक रहा था। इस दौरान चुन्नी उसके गले में फंस गई और फंदा लगने से उसकी मौत हो गई। स्वजन लौटे तो उन्होंने उसे बेहोशी की अवस्था में पाया। तुरंत उसे चुन्नी से निकालकर अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## घर में लगी आग कोई हताहत नहीं

**नई दिल्ली।** यमुना विहार के मोहनपुरी इलाके में शुक्रवार दोपहर एक घर में आग लग गई, यह आग गली नंबर-10 में स्थित घर की पहली मंजिल पर मंजिल पर लगी थी। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की दो यूनिटें मौके पर पहुंचे। लगभग 25 मिनट के प्रयास के बाद आग पर काबू पाया जा सका, और पूरी तरह बुझा दिया गया। दमकल अधिकारियों ने बताया कि आग घरेलू सामान में लगी थी।

घर में फंसे चार लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। दमकल अधिकारी हरिशंकर ने बताया सूचना मिली थी कि एक घर मे आग लग गयी है मौके पर पहुंचने पर बता लगा कि आग मे चार लोग घिर गए है, जिसके बाद प्रयास कर आग मे फंसे लोगों को सुरक्षित निकाला गया।

# मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड करेगा गुजरात विधानसभा से पारित यूसीसी को कोर्ट में चैलेंज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने गुजरात विधानसभा से पारित सामान्य नागरिक संहिता (यूसीसी) का कड़े शब्दों में विरोध करते हुए इसको गुजरात हाई कोर्ट में चौलेंज करने का फैसला किया है। बोर्ड प्रवक्ता कासिम रसूल इलियास ने कांस्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया के डिप्टी स्पीकर हाल में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा की गुजरात विधानसभा से पारित (यूसीसी) गैर संवैधानिक कदम है और यह संविधान में प्राप्त धार्मिक स्वतंत्रता का भी उल्लंघन है। संवाददाता सम्मेलन को जमात ए इस्लामी हिंद के उपाध्यक्ष मलिक मुत्तासिम खान ने भी संबोधित किया। कासिम रसूल इलियास ने बताया कि राज्य सरकारों को इस तरह का कानून बनाने का अधिकार नहीं है फिर भी राज्य सरकारों के जरिए अपने एजेंडे पर अमल करते हुए इस तरह का कानून बनाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि इस तरह के कानून से किसी भी तरह का कोई फायदा होने वाला नहीं है बल्कि इससे भविष्य में तमाम तरह की नई उलझने पैदा होगी । उन्होंने कहा कि पहले से फैमिली कोर्ट मौजूद है और वहां पर तमाम तरह की फैमिली से जुड़े विवाद हल किए जाते हैं। उन्होंने बताया कि हमारे देश में सभी धर्मो के मानने वाले अपने-अपने पर्सनल लॉ पर चलकर अपने विवादों को हल करते हैं। ऐसी स्थिति में (यूसीसी) की कोई जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि जो (यूसीसी) बनाया गया है उसमें हिंदू धर्म से जुड़े संस्कारों और मान्यताओं को थोपने का प्रयास किया गया है जिसे किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जा सकता है। उन्होंने केंद्र सरकार से गुजरात और उत्तराखंड (यूसीसी ) पर हस्तक्षेप करने की मांग करते हुए बताया कि हमने उत्तराखंड (यूसीसी) को उत्तराखंड हाईकोर्ट में चौलेंज किया है और इसी तर्ज पर गुजरात (यूसीसी) को गुजरात हाईकोर्ट में चैलेंज करेंगे। इस मौके पर मलिक मुत्तासिम खान ने कहा कि हमें समान नागरिक संहिता जैसी कोई भी चीज स्वीकार नहीं है और हम गुजरात में (यूसीसी) के पास होने का विरोध करते हैं। उन्होंने कहा कि जब यह बात कही जा रही है कि( यूसीसी) में सभी लोगों को शामिल किया गया है तो फिर आदिवासी और जनजातीय लोगों को इससे छूट क्यों दी गई है तो इस से (यूसीसी) लागू करने का मकसद पूरी तरह से विफल हो जाता है। उन्होंने कहा कि (यूसीसी) का हम हर स्तर पर विरोध करेंगे। उन्होंने मुसलमाष्नो का आह्वान किया है कि वह( यूसीसी) का विरोध करें और अपने घरेलू और खानदानी मामला शरअई तौर पर हल करने की को. शिश करें।

# दिल्ली अल्पसंख्यक मोर्चा ने किया भव्य स्वागत समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भाजपा की केंद्र सरकार द्वारा मुनव्वरी बेगम को अल्पसंख्यक आयोग भारत सरकार में सदस्य तथा सुमित भसीन को दिल्ली लाइब्रेरी बोर्ड का अध्यक्ष नियुक्त किये जाने पर भाजपा दिल्ली प्रदेश अल्प संख्यक मोर्चा के अध्यक्ष अनीस अब्बासी की अध्यक्षता में दोनों के अभिनन्दन के समारोह का आयोजन कांस्टीट्यूशन क्लब में किया गया। इस अवसर पर अल्पसंख्यक आयोग भारत में नवनियुक्त सदस्य मुनव्वरी बेगम एवं दिल्ली लाइब्रेरी बोर्ड के नवनियुक अध्यक्ष सुमित भसीन का कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया गया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।इस मौके पर दिल्ली अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष अनीश अब्बासी ने अपने वक्तव्य में कहा कि मुनव्वरी बेगम का अल्पसंख्यक आयोग में सदस्य के रूप में चयन अल्पसंख्यक समाज के लिए गर्व और विश्वास का विषय है। उनके अनुभव और समर्पण से निश्चित रूप से अल्पसंख्यक समुदाय के अधिकारों की रक्षा और उनके विकास को नई दिशा मिलेगी।उन्होंने आगे कहा कि सुमित भसीन का दिल्ली लाइब्रेरी बोर्ड के अध्यक्ष पद पर नियुक्त होना शिक्षा और ज्ञान के क्षेत्र में एक सकारात्मक कदम है, उनके नेतृत्व में दिल्ली की लाइब्रेरी व्यवस्था और अधिक सुदृढ़, आधुनिक एवं जनसुलभ बनेगी। अब्बासी ने यह विश्वास दिलाया कि दिल्ली अल्पसंख्यक मोर्चा दोनों नव-नियुक्त पदाधिकारियों को पूर्ण सहयोग प्रदान करेगा और समाज के सर्वांगीण विकास के लिए उनके साथ मिलकर कार्य करेगा। मुनववरी बेगम एवं सुमित भसीन ने अपनी नियुक्ति के लिए भाजपा नेतृत्व एवं भारत सरकार का धन्यवाद करते हुए कहा की वह नये दायित्व पर पदासीन जरूर हुए हैं पर कल भी कार्यकर्ता थे, आज भी हैं।




**कांस्टीट्यूशन क्लब में आयोजित कार्यक्रम में केंद्र सरकार द्वारा मुनव्वरी बेगम को अल्पसंख्यक आयोग भारत सरकार में सदस्य व सुमित भसीन को दिल्ली लाइब्रेरी बोर्ड का अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर अभिनंदन किया गया।**

## एक नजर

### एआई आधारित बांझपन उपचार की शुरुआत की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नवाचार और भारत के प्रजनन स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में अग्रणी गौडियम आईवीएफ ने एआई आधारित बांझपन उपचार की शुरुआत की है। यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, खासकर इसलिए क्योंकि कंपनी हाल ही में देश की पहली सूचीबद्ध आईवीएफ श्रृंखला भी बनी है। इस पहल के तहत एआई आधारित भ्रूण-विज्ञान प्रणालियों को रोजमर्रा के उपचार में शामिल किया गया है। इस पहल का उद्घाटन केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन जयराम गडकरी ने किया। उन्होंने कहा कि देश के भविष्य को बेहतर बनाने में तकनीक और नवाचार की महत्वपूर्ण भूमिका है।

### सड़क हादसे में जान गंवाने वाले 5 साल के मासूम के परिजनों को 29 लाख का मुआवजा

**नई दिल्ली।** नजफगढ़ इलाके में हुए दर्दनाक सड़क हादसे में जान गंवाने वाले 5 साल के मासूम रोहन गौतम के परिवार को न्याय मिला है। द्वारका कोर्ट के मोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल (एमएसीटी) ने बच्चे के माता-पिता को 29 लाख 1 हजार रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया है। मामले की सुनवाई करते हुए ट्रिब्यूनल के पीठासीन अधिकारी सुदीप राज सैनी ने कहा कि पुलिस की चार्जशीट, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और पिता की गवाही से साबित होता है कि दुर्घटना लापरवाही से वाहन चलाने से हुई। कोर्ट ने मुआवजे की राशि तय करते समय बच्चे की संभावित आय को ध्यान में रखा। इसमें भविष्य की संभावनाओं को जोड़ते हुए 29 लाख रुपये का मुआवजा निर्धारित किया गया। यह राशि बच्चे के माता-पिता को दी जाएगी। ट्रक का बीमा यूनिवर्सल सोम्पो जनरल इंश्योरेंस कंपनी के पास था। कंपनी ने पहले भुगतान से इनकार किया था, लेकिन कोर्ट ने मुआवजा देने का निर्देश दिया।

### हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में भव्य आयोजन



**नई दिल्ली।** हनुमान जयंती के पावन अवसर पर पूर्वी दिल्ली के ब्रह्मपुरी और शाहदरा क्षेत्र में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। श्री हनुमान मंदिरसमिति, ई-3 गली नं. 6, ब्रह्मपुरी द्वारा आयोजित 36वीं भव्य शोभायात्रा और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के स्थानीय अध्यक्ष एवं समाजसेवी अधिवक्ता अनिल कुमार शुक्ला के नेतृत्व में हुए धार्मिक कार्यक्रमों ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय बना दिया।

समिति के प्रधान विजय शर्मा के मार्गदर्शन में निकाली गई शोभायात्रा मक्की सराय, सुभाष नरुला चौक, रोहतास नगर, गोरख पार्क, बाबरपुर, मौजपुर, घौंडा और ब्रह्मपुरी मेन रोड सहित विभिन्न मार्गों से होकर पुन: मंदिर परिसर में संपन्न हुई।

यात्रा का शुभारंभ ईस्टर्न रेंज के ज्वाइंट सीपी अजीत कुमार सिंगला द्वारा श्री हनुमान बाबा के पूजन-अर्चन के साथ किया गया।दूसरी ओर, अधिवक्ता अनिल कुमार शुक्ला के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रमों में भंडारा, शोभायात्रा और धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। उन्होंने स्वयं व्यवस्थाओं की निगरानी करते हुए प्रसाद वितरण किया और क्षेत्र की सुख-शांति के लिए प्रार्थना की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि भगवान हनुमान शक्ति, सेवा और समर्पण के प्रतीक हैं, जिनके आदर्शों को अपनाकर समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है।

## 'इत्ती सी खुशी' में सुम्बुल तौकीर खान

**नई दिल्ली।** सोनी सब का शो इत्ती सी खुशी अन्विता (सुम्बुल तौकीर खान) की भावनात्मक कहानी को दर्शाता है, जिसमें वह अपने भाई-बहनों के लिए मजबूती, गरिमा और अटूट समर्पण के साथ जिंदगी की चुनौतियों का सामना करती है। अभिनेत्री नेहा एसके मेहता, जो शो में अन्विता की माँ हेतल दिवे. कर का किरदार निभा रही हैं ने अपने ऑफ-स्क्रीन रिश्ते के बारे में बात करते हुए नेहा एसके मेहता ने कहा, "शुरुआत से ही मेरे और सुम्बुल के रिश्ते में एक सच्ची और सुकून देने वाली भावना रही है। वह बेहद टैलेंटेड हैं, लेकिन साथ ही ईमानदार, सम्मानजनक और गर्मजोशी से भरी हुई भी हैं।

# ओखला लैंडफिल से कूड़े की अवैध डंपिंग के आरोपों का निगम ने किया खंडन

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने हाल ही में कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में ओखला लैंडफिल साइट से यमुना खादर क्षेत्र एवं आसपास के इलाकों में अवैध रूप से कचरा डंप किए जाने के आरोपों का गंभीरता से संज्ञान लिया है। ये रिपोर्ट्स तथ्यहीन एवं भ्रामक हैं। इन रिपोर्ट्स में यह आरोप लगाया गया है कि पॉलिथीन, कांच, कपड़ा एवं मलबा युक्त कचरा ओखला से लाकर मदनपुर खादर एक्सटेंशन सहित अन्य क्षेत्रों में अनियंत्रित रूप से डाला जा रहा है तथा भलस्वा के मामले में भी इसी प्रकार की गति. विधियां की जा रही हैं। एमसीडी इन आरोपों का स्पष्ट रूप से खंडन करती है। यह स्पष्ट किया जाता है कि ओखला लैंडफिल साइट से जो सामग्री परिवहन की जा रही है, वह बिना प्रोसेस हुआ कचरा नहीं है, बल्कि बायो-माइनिंग एवं बायो-रिमेडिएशन की वैज्ञानिक प्रक्रिया से उत्पन्न इनर्ट तथा निर्माण एवं विध्वंस (सी एंड डी) सामग्री है। इस सामग्री को एनटीपीसी बदरपुर इको पार्क के निकट स्थित एक निर्धारित एवं स्वीकृत स्थल पर ले जाया जा रहा है, जहां इसका उपयोग 42 एकड़ निम्न-स्तरीय भूमि को भरने के लिए किया जा रहा है। यह भूमि भारत सरकार के आवा. सन एवं शहरी कार्य मंत्रालय/ भूमि एवं विकास कार्यालय के अधीन है, और इस उद्देश्य के लिए एमसीडी एवं उसके कंसेशनायर द्वारा आवश्यक अनुमतियां विधिवत प्राप्त की गई हैं। चिह्नित स्थल यमुना नदी से लगभग 2 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है तथा इनर्ट एवं सी एंड डी सामग्री का उपयोग भूमि भराव के लिए स्वीकृत योजना का हिस्सा है। यमुना के बाढ़ क्षेत्र में किसी भी प्रकार का बिना प्रोसेस किया हुआ कचरा नहीं डाला जा रहा है। प्रतिदिन लगभग 6,000 से 8,000 मीट्रिक टन इनर्ट एवं सी एंड डी, जो ओखला में बायो-माइनिंग से उत्पन्न हो रहा है, को नियंत्रित एवं निगरानी के तहत इस स्थल तक पहुंचाया जा रहा है।

# नाइजीरियाई सिंडिकेट का भंडाफोड़ दस करोड़ की कोकीन बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।**दिल्ली के दक्षिण जिला पुलिस के स्पेशल स्टाफ ने ऑपरेशन कवच 13.0 के तहत नाइजीरियाई सिंडिकेट का भंडाफोड़ कर मुख्य सप्लायर को पकड़ा है।पुलिस ने उसके पास से दस करोड़ की 1.031 किलोग्राम कोकीन जब्त की है। आरोपी पहले भी एनडीपीएस मामले में शामिल रहा है।

दिल्ली के दक्षिण जिला पुलिस उपायुक्त अनंत मित्तल ने बताया कि 30.मार्च को मेहरौली के कोकीन की सप्लाई में शामिल एक नाइजीरियाई नागरिक के बारे में खुफिया जानकारी मिली। इस जानकारी पर एसीपी हेडक्वार्टर अभि नेंद्र जैन की देखरेख में इंस्पेक्टर अनुज कुमार के नेतृत्व में एसआई अमित ग्रेवाल,मनीष फोगाट,हेड कांस्टेबल ,अक्षय, राकेश ,संतवीर, मनीष, कांस्टेबल अंकित और सुरेंद्र की टीम ने मैनुअल और तकनीकी निगरानी के आधार पर इस्लाम कॉलोनी, मेहरौली स्थित घर पर छापा मारकर आरोपी नाइजीरियन नागरिक जॉन चिबुइके (35) कोपकड़ लिया । पुलिस ने उसके पास से 1031 ग्राम बेहतरीन गुणवत्ता वाली कोकीन बरामद की है जिसकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत दस करोड़ के करीब है।




**दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने द्वारका में एक्सपायर्ड खाने-पीने के सामान की रीपैकेजिंग की खेप जब्त कर मीडिया के सामने पेश किया।**

# नकली सेंसोडाइन टूथपेस्ट बनाने वाली यूनिट का भंडाफोड़, एक धरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने कंझावला में नकली सेंसोडाइन टूथपेस्ट बनाने वाली यूनिट का भंडाफोड़ कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से बड़ी मात्रा में नकली सेंसोडाइन टूथपेस्ट, खाली ट्यूब, कार्टन, भरने और सील करने वाली मशीन, कच्चा पेस्ट और पैकेजिंग सामग्री जब्त किया है। दिल्ली पुलिस उपायुक्त (अपराध) पंकज कुमार ने बताया कि 02 अप्रैल को एसआई गुमान सिंह को एक विश्वसनीय गुप्त सूचना मिली कि कुछ लोग एक



अवैध गतिविधि में लिप्त हैं। वे प्रतिष्ठित ब्रांड सेंसोडाइन की खाली ट्यूबों में अस्वच्छ, स्थानीय/कच्चा पेस्ट भर कर, उन्हें सील कर कार्टन में पैक कर उन्हें बाजार में असली उत्पादों के रूप में बेच रहे थे। यह सेटअप दिल्ली के कंझावला स्थित महावीर विहार में चल रहा था। ।मौके पर पहुँचने पर, टीम ने मुखबिर के साथ मिलकर गोदाम में रेड की। वहां 6 मजदूर भरने और सील करने के काम में सक्रिय रूप से लगे हुए पाए गए। मजदूरों ने बताया कि यह गोदाम हरि ओम मिश्रा (58), का है, जो सेक्टर 2, रोहिणी,में रहते हैं।

# खाने-पीने के सामान की रीपैकेजिंग करने वाले रैकेट का भंडाफोड़, तीन दबोचे

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने द्वारका में एक्सपायर्ड खाने-पीने के सामान की रीपैकेजिंग और सप्लाई करने वाला संगठित रैकेट का भंडाफोड़ कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से मल्टीनेशनल ब्रांड के सामान की बड़ी खेप जब्त की है जिन पर मैन्युफैक्चरिंग और एक्सपायरी डेट नकली थीं;। इसके अलावा तारीखों में हेरफेर के लिए इस्तेमाल होने वाले सीआईजे प्रिंटिंग उपकरण भी बरामद किए है। दिल्ली पुलिस उपायुक्त (अपराध) हर्ष इंदौरा ने बताया कि एसआई राहुल कुमार को गुप्त सूचना मिली कि कुछ लोग द्वारका के गांव बामनोली में एक अवैध सेटअप चला रहे हैं।

इस जानकारी की गंभीरता को देखते हुए एसीपी भगवती प्रसाद की देखरेख मेंइंस्पेक्टर अक्षय गहलोत के नेतृत्व में टीम ने द्वारका सेक्टर-28 स्थित गांव बामनोली में एक गोदाम पर छापा मारा। छापेमारी के दौरान, गोदाम के अंदर बहुराष्ट्रीय ब्रांडों के कोल्ड ड्रिंक्स और खाने-पीने की चीजों की बड़ी मात्रा में जमाखोरी पाई गई। मौके पर मौजूद दो लोगों, शिवम सिंह (27)और लो. केश कुमार (35) को हिरासत में लिया गया। पूछताछ के दौरान उन्होंने बताया कि वे कमल मुदगिल (56)के निर्देशों पर काम कर रहे थे, जो उस फर्म और सामान का मालिक है। इसके कुछ ही देर बाद, कमल मुदगिल भी मौके पर पहुँच गया और तीनों को हिरासत में ले लिया गया। पुलिस पूछताछ में पता चला कि वे बाजार से एक्सपायर हो चुके या एक्सपायरी के करीब वाले खाद्य और पेय उत्पाद खरीदते थे। असली मैन्युफैक्चरिंग तारीखें, एक्सपायरी डेट और बैच नंबर मिटाकर नकली डेट प्रिंट कर देते थे।इन उत्पादों को कार्टन में दोबारा पैक कर अवैध मुनाफे के लिए उन्हें बाजार में बेचते थे।

## रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के बढ़ते महत्व को रेखांकित किया

**नई दिल्ली।** वेदांत के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने लिंक्डइन पर एक पोस्ट साझाकी, जिसमें बदलती वैश्विक भू-राजनीतिक परिस्थितियों के बीच रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के बढ़तेमहत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि घरेलू निर्माण क्षमता हमेशा से किसी भी देश की ताकतका आधार रही है और भारत को अपने रक्षा उत्पादन क्षेत्र की पूरी क्षमता को हासिल करने के लिए।आधुनिक. ीकरण और निजी क्षेत्र की अधिक भागीदारी बढ़ानी चाहिए। अपने पोस्ट में उन्होंने भारत कीरक्षा तैयारी की मजबूत परंपरा का जिक्र करते हुए कहा कि इतिहास में मजबूत स्वदेशी रक्षा क्षमताएँ ही सुरक्षित और समृद्ध देशों की नींव रही हैं।

# जाम के 62 'हॉटस्पॉट' होंगे खत्म

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि शहर में जाम की समस्या को कम करने के लिए 62 प्रमुख जाम बिंदुओं पर समयबद्ध सुधार कार्य किए जा रहे हैं और एक शहरव्यापी इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम लागू किया जा रहा है।

स्मार्ट पार्किंग और मूल्य निर्धारण सुधार के माध्यम से सड़क उपयोग को बेहतर बनाया जाएगा और अनावश्यक उत्सर्जन को कम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक परिवहन को मजबूत करने के लिए सरकार बड़े स्तर पर निवेश कर रही है। वर्ष 2028-29 तक बसों की संख्या बढ़ाकर 13,760 करने का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें इलेक्ट्रिक बसों पर विशेष जोर होगा। मेट्रो और आरआरटीएस नेटवर्क के साथ फीडर बसों, ई-ऑटो और अन्य साझा परिवहन साधनों को जोड़कर अंतिम मील कनेक्टिविटी को बेहतर बनाया जा रहा है, जिससे लोग निजी वाहनों के बजाय सार्वजनिक परिवहन को प्राथमिकता दें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को बढ़ावा देने के लिए अगले चार वर्षों में 32,000 ईवी चार्जिंग पॉइंट स्थापित किए जाएंगे। आगामी ईवी पॉलिसी 2026 में दोपहिया और कमर्शियल वाहनों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

**शाह टाइम्स**
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।
**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं


फैसल कुरैशी
भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

# महर्षि कश्यप महाकुंभ का आयोजन आयोजन पांच अप्रैल को

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** महर्षि कश्यप जयंती के अवसर पर 5 अप्रैल को शहर के घंटाघर स्थित रामलीला मैदान में भव्य महर्षि कश्यप महाकुंभ का आयोजन किया जाएगा। इस विशाल कार्यक्रम का आयोजन उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री एवं कश्यप निषाद समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप के नेतृत्व में किया जा रहा है। प्रेसवार्ता के दौरान शहर विधायक संजीव शर्मा के अलावा अन्य लोग मौजूद रहे।



इस महाकुंभ में प्रदेश के दोनों उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और बृजेश पाठक मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में शामिल होंगे, जबकि स्वागत अध्यक्ष की भूमिका स्वयं मंत्री नरेंद्र कश्यप निभाएंगे। आयोजन में दिल्ली-एनसीआर सहित उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों से कश्यप निषाद समाज के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में आमजन भाग लेंगे। आयोजकों के अनुसार यह कार्यक्रम सामाजिक एकता और सांस्कृतिक पहचान को मजबूत करने का एक महत्वपूर्ण मंच बन चुका है, जिसमें हजारों लोगों के पहुंचने की संभावना है।


महाकुंभ के दौरान महर्षि कश्यप के जीवन, उनके आदशों और प्रेरक प्रसंगों पर चर्चा की जाएगी। समाज के लोगों को उनके विचारों को अपनाने, शिक्षा को बढ़ावा देने और संगठित होकर आगे बढ़ने का संदेश दिया जाएगा।

विशेष रूप से युवाओं को जागरूक करने और समाज को नई दिशा देने पर जोर रहेगा। कार्यक्रम में महिलाओं, बुजुगों और समाज के सभी वर्गों की व्यापक भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। गाजियाबाद और आसपास के जिलों से संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल होंगे। मंत्री के मीडिया प्रभारी सौरभ जायसवाल के अनुसार कार्यक्रम की तैयारियां अंतिम चरण में हैं।

रामलीला मैदान में विशाल पंडाल और बैठने की व्यवस्था की जा रही है। इसके साथ ही सुरक्षा, ट्रैफिक नियंत्रण और पार्किंग व्यवस्था को लेकर प्रशासन के साथ समन्वय किया जा रहा है, ताकि आगंतुकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि महर्षि कश्यप महाकुंभ अब पश्चिम उत्तर प्रदेश ही नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश और देश में अपनी अलग पहचान बना चुका है। उन्होंने सभी समाज के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

# अलग-अलग स्थान पर आग लगने की घटनाओं से लोगों में मची अफरा-तफरी





गाजियाबाद। राजनगर एक्सटेंशन में क्लासिक रेजिडेंसी सोसायटी के तीसरे फ्लोर के एक फ्लैट में शुक्रवार दोपहर अचानक भीषण आग लग गई। फ्लैट के मालिक और उनका परिवार घर पर नहीं था, जिससे बड़ी घटना टल गई। दमकल विभाग की टीम ने घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन पूरा फर्नीचर और इलेक्ट्रॉनिक सामान जलकर राख हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची। आग इतनी भीषण थी कि उसे काबू में करने में दमकलकर्मियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। मौके पर पहुंचे पड़ोसियों ने बताया कि आग की लपटें बहुत तेज थीं और धुआं आसपास के फ्लैट्स तक फैल गया था।

आसपास के लोग अपने-अपने घरों से बाहर आए और दमकलकर्मियों की मदद की। दमकल विभाग ने घंटों की कोशिश के बाद आग को पूरी तरह बुझाया। अधिकारियों ने बताया कि आग के कारणों का पता लगाया जा रहा है। प्रारंभिक जांच में कोई विस्फोट या दुर्घटना का संकेत नहीं मिला है। जानकारी के अनुसार स्थानीय प्रशासन ने प्रभावित परिवार को राहत और आवश्यक सहायता देने की बात कही है।

उधर, शहर कोतवाली क्षेत्र के नसरतपुरा में भी आग लगने की एक घटना सामने आई। जानकारी के अनुसार यहां किन्हीं कारणवश पेट के एक गोदाम में आग लग गई। मौके पर पहुंची दमकल करीना की टीम ने आज पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार इस घटना में कोई जनहानि तो नहीं हुई, लेकिन दुकान में रखा लाखों का सामान जल गया।

# 20 फीट नीचे खेत में गिरी कार

**अफजलगढ़।** समीपवर्ती ग्राम मानियावाला स्थित बनैली नदी पुल के तटबंध मोड़ पर एक कार अनियंत्रित होकर लगभग 20 फीट नीचे खेत में गिरकर पलट गई, जिसमें बैठे चालक सहित सभी यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी अफजलगढ़ भर्ती कराया गया। हरियाणा प्रदेश के जनपद रोहतक से रामनगर (उत्तराखंड) जा रही एक अर्टिका कार आज प्रातः मानियावाला स्थित बनैली नदी पुल के तटबंध के तीव्र मोड़ पर अनियंत्रित होकर लगभग 20 फीट नीचे खेत में जाकर पलट गई। कार को सोनू (32 वर्ष) पुत्र रामकुमार निवासी ग्राम चरणवास थाना कलानौर जनपद हिसार (हरियाणा) चल रहा था। कार में खेमचंद (40 वर्ष) पुत्र श्रीराम, जगदीश (40 वर्ष) पुत्र धनीराम, योगेश (17 वर्ष) पुत्र प्रेम प्रकाश, दयाल (55 वर्ष) पुत्र श्रीराम, गिरधारी (50 वर्ष) पुत्र धर्मराज, आनंद (52 वर्ष) पुत्र धनीराम निवासी ग्राम मिताल घाट जनपद नैनीताल (उत्तराखंड) सवार थे। यात्रियों के मुताबिक मोड़ तीव्र होने के कारण चालक कर पर नियंत्रण नहीं रख सका और कार अनियंत्रित होकर 20 फीट नीचे खेतों में जाकर पलट गई। कार में सवार सभी यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। घटनास्थल पर पहुंचकर ग्रामीणों ने राहत कार्य कर सभी यात्रियों को कार से बाहर निकाला तथा 108 एंबुलेंस को सूचना देकर घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अफजलगढ़ भर्ती कराया।

# सांसद ने की सीएम से निजी स्कूलों में महंगी किताबों को रोकने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** बागपत लोकसभा क्षेत्र से सांसद राजकुमार सांगवान ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। सांसद ने कहा कि निजी स्कूलों में महंगी किताबों के नाम पर अभिभावकों का आर्थिक शोषण किया जा रहा है। सांसद ने मुख्यमंत्री को दिए पत्र में कहा कि वर्तमान समय में मध्यम एवं निम्न आय वर्ग के अभिभावकों को भारी आर्थिक बोझ झेलना पड़ रहा है। प्रदेश के अधिकांश निजी विद्यालय, शिक्षा विभाग के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद, एनसीईआरटी की सस्ती एवं गुणवत्तापूर्ण पुस्तकों के स्थान पर निजी प्रकाशकों की अत्यधिक महंगी श्रेफरेंसश पुस्तकों को अनिवार्य कर रहे हैं। इन पुस्तकों की कीमतें



एनसीईआरटी पुस्तकों की तुलना में कई गुना अधिक होती हैं।

यह निजी विद्यालय प्रबंधन एवं कुछ चुनिंदा पुस्तक विक्रेताओं के बीच सांठगांठ के कारण अभिभावकों को केवल निर्धारित दुकानों से ही पुस्तकें खरीदने के लिए बाध्य किया जाता है, जहाँ किसी प्रकार की छूट उपलब्ध नहीं होती। इससे विद्यालयों द्वारा पाठ्यक्रम के नाम पर अनावश्यक एवं भारी-भरकम पुस्तकों का सेट लागू किया जा रहा है, जिसकी शैक्षणिक उपयोगिता सीमित है। प्रत्येक वर्ष पुस्तकों के नाम पर होने वाला यह अतिरिक्त खर्च आम जनता की आर्थिक स्थिति पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है। शिक्षा, जो एक सेवा होनी चाहिए, वह अब व्यापार का रूप लेती जा रही है। ऐसे में निवेदन है कि सभी निजी विद्यालयों को एनसीईआरटी पाठ्यक्रम एवं पुस्तकों को प्राथमिकता देने हेतु कठोर निर्देश जारी किए जाएँ। निजी प्रकाशकों की पुस्तकों के लिए एक निर्धारित मूल्य सीमा तय की जाए। किसी विशेष दुकान से पुस्तकें खरीदने के लिए अभिभावकों को बाध्य करने वाले विद्यालयों पर कड़ी दंडात्मक कार्रवाई की जाए। अभिभावकों की शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु जिला स्तर पर निगरानी समिति का गठन किया जाए।

# निवाड़ी के रविन्द्र त्यागी पुनः बने बिल्डर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष




**शाह टाइम्स संवाददाता**

मोदीनगर। नगर पंचायत निवाड़ी व समस्त क्षेत्र वासियों में खुशी की लहर दौड़ गई जब बिल्डर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के वार्षिक चुनाव में मूल रूप से कस्बा निवाड़ी निवासी रविन्द्र त्यागी को तीन वर्ष पश्चात पुनः दूसरी बार राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद पर चुना गया। किसान नेता सतेंद्र त्यागी ने कहा कि नगर पंचायत निवाड़ी व समस्त क्षेत्र के लिए अत्यंत गर्व का विषय है कि मुंबई स्थित एसोसिएशन के मुख्यालय में उन्होंने विधिवत रूप से अपने पद का कार्यभार ग्रहण किया इस खबर से पूरे निवाड़ी कस्बेवासियों व क्षेत्र वासियों में खुशी की लहर है।

खुशी जताने वालों में वरिष्ठ किसान नेता सतेंद्र त्यागी नगर पंचायत चेयरमैन अनिल त्यागी कोऑपरेटिव सोसाइटी के अध्यक्ष प्रवीण त्यागी कोऑपरेटिव सोसाइटी वाइस चेयरमैन आदित्य त्यागी अंकित त्यागी पूर्व अध्यक्ष राजकुमार वर्मा व्यापारी नेता आशीष गोयल कपिल बॉस बैनामा लेखक कुलदीप त्यागी सभासद शेखर त्यागी सभासद राजकुमार त्यागी जयभगवान फौजी मदनलाल फौजी, आदि शामिल रहे।

# अवैध अंग्रेजी शराब की 10 पेटियों के साथ दो तस्कर गिरफ्तार



**गाजियाबाद।** थाना वेव सिटी पुलिस ने अंग्रेजी शराब की तस्करी करने के दो आरोपियों को चेकिंग के दौरान गिरफ्तार किया है। आरोपियों के नाम रविंद्र उर्फ राजा पुत्र वीर सिंह और अवधेश यादव पुत्र रंजन सिंह को मानसरोवर पार्क लाल कुआं में स्थित धागे की फैक्ट्री से गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के अनुसार दोनों आरोपियों के पास से 10 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब हरियाणा मार्का और 2820 नगद बरामद किए गए हैं। पूछताछ में रविंद्र उर्फ राजा ने बताया कि उसकी मानसरोवर पार्क में धागे की फैक्ट्री है। इसी के चलते हुए वह अवधेश के साथ धागे का कच्चा माल खरीदने के लिए हरियाणा जाता रहता है। उसने बताया कि हरियाणा में शराब सस्ती मिलती है। इसीलिए वह हरियाणा मार्का शराब की दो-तीन पेटी खरीद कर धागे के कच्चे माल के बीच में रख लेते हैं और यहां लाकर दोगुने दामों में बेचते हैं।

# धूमधाम से मनाई गई महर्षि कश्यप जयंती



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** महर्षि कश्यप जयंती छतरी वाला शिव मंदिर में मनाई गई जिसमें मुख्य अतिथि मंत्री नरेंद्र कश्यप नगर विधायक डॉ मंजू सिवाज नगर पालिका का अध्यक्ष विनोद वैशाली जी सत्येंद्र त्यागी जी और जिला अध्यक्ष दिनेश सिंघल पवन सिंघल जी आदि उपस्थित रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ महेश चंद्रवंशी मंच संचालन महेश कुमार कश्यप ने किया। आज सभी की उपस्थिति में कश्यप समाज द्वारा अपने आदर्श में ऋषि कश्यप जी की मूर्ति की स्थापना को लेकर मंत्री जी विधायक एवं चेयरमैन साहब से कश्यप समाज द्वारा की गई कार्यक्रम में उपस्थित अध्यक्ष मनजीत कश्यप आशीष कश्यप रवि कश्यप पूरन कश्यप बॉबी कश्यप सूरज कश्यप एवं कश्यप समाज के सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# कॉलोनी में लगी आग, कमरे में चारपाई पर सो रही बुजुर्ग महिला की दर्दनाक मौत

**लोनी।** बॉर्डर थाना क्षेत्र की गुलाब वाटिका कॉलोनी में बृहस्पतिवार देर रात मकान की दूसरी मंजिल पर बने कमरे में अचानक से आग लग गई। हादसे में चारपाई पर सो रही बुजुर्ग महिला की मौत हो गई।

बराबर के कमरे में सो रहे स्वजन को धुआं उठने पर आग लगने का पता चला। तुरंत स्वजन नीचे पहुंचे और सबमर्सिबल चलाकर पाइप से आग को बुझा दिया। अस्पताल में चिकित्सक ने बुजुर्ग महिला को मृत घोषित कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कॉलोनी में किराये के मकान में पुष्पा (75) स्वजन के साथ रहती थीं। वह मूलरूप से खट्टा डोला बागपत की रहने वाली थीं। परिवार में बेटे-बेटी, बहुएं और पोते-पोती रहते हैं। पुष्पा के पास उनका बड़ा बेटा सोनू व पुत्रवधू बच्चों के साथ रहते हैं। स्वजन ने बताया कि बृहस्पतिवार देर रात वह अलग कमरे में सोई हुई थीं। पास के कमरे में पुत्रवधू अपनी बेटियों के साथ पास के सोई हुई थी। बड़ा बेटा सोनू किसी काम से बेंगलुरु गया हुआ था। अचानक रात दो बजे धुआं उठता देख बराबर के कमरे सो रही पुत्रवधू ने बाहर आकर देखा तो सास पुष्पा के कमरे में आग लगी देख मदद के लिए लोगों को आवाज लगाई।

शोर सुन मौके पर पहुंचे लोगों ने सबमर्सिबल चला आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था। गेट तोड़ कर अंदर देखा तो चारपाई पर सो रहीं पुष्पा की मौत हो गई।

परिजन उन्हें अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सक ने इसकी पुष्टि की। बताया जा रहा है कि पुष्पा 95 फीसदी जली हालत में अस्पताल लाई गई थीं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज मामले की जांच शुरू की है।

एसीपी अंकुर विहार ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में झुलसने से मौत का कारण आया है। आग लगने के कारण का पता नहीं चल सका है। स्वजन से पूछताछ में पता चला है कि बुजुर्ग महिला बीड़ी पीने की आदी थीं। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

# मोदीनगर महोत्सव 2026 का पांच अप्रैल को होगा भव्य आयोजन: अमित गोयल

**■ जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 5 अप्रैल को किड्जी स्कूल मोदीनगर में 5:00 बजे शाम को भव्य स्तर पर मोदीनगर महोत्सव का आयोजन किया जाएगा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** प्राइममैक्स म्यूजिक स्टूडियो एवं द पिंक जिम के तत्वावधान में शुक्रवार को मोदीनगर महोत्सव 2026 को लेकर एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया।

प्रेस वार्ता के दौरान आयोजकों ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 5 अप्रैल 2026 को किड्जी स्कूल, मोदीनगर में 5:00 बजे शाम को भव्य स्तर पर मोदीनगर महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस महोत्सव का उद्देश्य क्षेत्र की प्रतिभाओं को एक मंच प्रदान करना है, जहां युवा अपनी कला का प्रदर्शन कर सकें।

कार्यक्रम के अंतर्गत नृत्य, गायन एवं मॉडलिंग जैसी आकर्षक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। साथ ही प्रतिभागियों को मिस्टर एवं मिस मोदीनगर के खिताब से सम्मानित किया जाएगा।

इस अवसर पर आयोजक अमित गोयल एवं राधा गोयल ने संयुक्त रूप से बताया कि यह महोत्सव युवाओं के लिए एक सुनहरा अवसर है, जिससे वे अपनी प्रतिभा को निखार सकेंगे और आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में प्रसिद्ध हस्तियां जैसे द ग्रेट खली, खुशी बलियान एवं डीजे शेजवुड की उपस्थिति कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहेगी।

आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में पहुंचकर इस भव्य आयोजन को सफल बनाएं। प्रेस वार्ता में अंकुर सक्सेना, झलक शर्मा, ऊर्जा गोयल, युगल गोयल व अन्य मौजूद रहे।

# घटिया सामग्री से बना नाला चैनल टूटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** मौहल्ला शेखान में नगर पालिका द्वारा ठेकेदार के माध्यम से कराया गया नाला चैनल निर्माण कार्य अब विवादों में आ गया है।



नागरिकों का आरोप है कि निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का प्रयोग किए जाने के कारण चैनल मात्र दो महीने में ही क्षतिग्रस्त हो गया। मौहल्ले वालों के अनुसार चैनल टूटे हुए करीब डेढ़ से दो माह का समय बीत चुका है, लेकिन अब तक उसकी मरम्मत नहीं कराई गई है। टूटा हुआ चैनल सड़क पर खुला पड़ा होने से आए दिन दोपहिया वाहन चालक उसमें गिरकर घायल हो रहे हैं। वहीं ई-रिक्शा चालक और छोटे वाहन भी उसमें फंसकर क्षतिग्रस्त हो रहे हैं। जिससे नागरिकों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य में मानकों की अनदेखी करते हुए घटिया सामग्री लगाई गई है। नागरिकों का आरोप है कि निर्माण के दौरान गुणवत्ता नियंत्रण पर ध्यान नहीं दिया गया और जल्दबाजी में कार्य पूरा कर दिया गया। जिसका परिणाम अब नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है। नागरिकों ने बताया कि कई बार संबंधित अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। रात के समय टूटा हुआ चैनल राहगीरों के लिए और अधिक खतरनाक साबित हो रहा है। जिससे किसी बड़े हादसे की आशंका बनी हुई है।

# आईटीएस डेंटल कॉलेज में दीक्षांत समारोह का किया गया आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** आईटीएस डेंटल कॉलेज में बीडीएस के 21वें बैच (2020-25) एवं एमडीएस के 17वें बैच (2022-25) के लिए भव्य दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विशिष्ट अतिथि डॉ0 (ऑनरेरी ब्रिगेडियर) अनिल कोहली, पूर्व प्रेसिडेंट, डेन्टल काउंसिल ऑफ इंडिया, मुख्य अतिथि, मेजर जनरल, डॉ0 अमित देवगन, कुलपति अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल विश्वविद्यालय, लखनऊ, आईटीएस-द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन, डॉ0 आरपी चड्ढा तथा वाईस चेयरमैन, अर्पित चड्ढा ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर आईटीएस-द एजुकेशन ग्रुप के सेक्रेट्री, भूषण कुमार अरोड़ा और डायरेक्टर-पीआर सुरिन्द्र सूद भी उपस्थित रहें।

आईटीएस-द एजुकेशन ग्रुप के वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने छात्रों एवं उनके माता-पिता को बधाई देते हुए बताया कि संस्थान को लगातार तीसरी बार नैक (एन.ए.ए.सी) से ए ग्रेड प्राप्त हुआ है। साथ ही इण्डिया टुडे एवं द-वीक सर्वे के अनुसार आई0टी0एस0 डेन्टल कालेज को नॉर्थ इंडिया के बेस्ट प्राइवेट कॉलेजों में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। विशिष्ट अतिथि डॉ0 (ऑनरेरी ब्रिगेडियर) अनिल कोहली ने संस्थान द्वारा निरंतर समाज में रहने वाले गरीब व्यक्तियों को न्यूनतम शुल्क पर




उच्च गुणवत्ता वाले दंत चिकित्सा उपचार प्रदान करने के लिए संस्थान की सराहना की।

इसके बाद मुख्य अतिथि मेजर जनरल, डॉ0 अमित देवगन ने विद्यार्थियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं प्रदान करने के लिए संस्थान के प्रयासों की सराहना की।

इसके अतिरिक्त उन्होंने एम0डी0एस0 के सर्वोत्तम विद्यार्थियो को भी सम्मानित किया- डॉ0 विद्या अय्यर - प्रथाम स्थान महाविद्यालय में, डॉ0 स्वाति मिश्रा - द्वितीय स्थान महाविद्यालय में, डॉ0 काजी सबा - तृतीय स्थान महाविद्यालय में, डॉ0 लुबना हसन - चतुर्थ स्थान महाविद्यालय में, डॉ0 अनम आलम - पांचवा स्थान महाविद्यालय में, डॉ0 बाजिला मलिक - छठवां स्थान महाविद्यालय में, डॉ0 आयुषी चिरेनिया - सातवां स्थान महाविद्यालय, डॉ0 गीतांजलि गुप्ता एवं डॉ0 अचोम उमा देवी - आठवां स्थान महाविद्यालय, एवं डॉ0 सानिया खालिद - दसवां स्थान महाविद्यालय सम्मिलित थे।

कार्यक्रम के अंत में डॉ0 प्रियंका दास एवं आकांक्षा हनी बी0डी0एस0 एवं डॉ0 विद्या अय्यर और डॉ0 स्वाति मिश्रा एम0डी0एस0, की छात्राओं ने उच्च कोटि की शिक्षा तथा सभी आधुनिक सुविधाओं के लिए संस्थान को धन्यवाद दिया। अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

# अभय प्रताप का जोरदार स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** ग्राम मटौरा दुर्गा निवासी अभय प्रताप सिंह ने उ.प्र. लोक सेवा आयोग (यूपीपीसीएस) की प्रतिष्ठित परीक्षा में प्रदेश भर में तीसरी रैंक हासिल करने पर इस उपलब्धि पर गांव में उनका जोरदार स्वागत किया गया। प्राप्त समाचार के अनुसार अभय प्रताप सिंह की इस सफलता का जश्न मनाने के लिए उनके आवास पर भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों का जमावड़ा लगा रहा। इस दौरान कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ब्लॉक प्रमुख नहटौर राकेश चौधरी, भाजपा किसान मोर्चा के जिला महामंत्री शोभित त्यागी और भाजपा भटियाना मंडल अध्यक्ष हिमांशु पाराशर के अलावा नहटौर के प्रतिष्ठित व्यापारी काके जैन शामिल थे।

# प्रदूषण पर लांच किया एक्शन प्लान-2026

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने राजधानी में वायु प्रदूषण के खिलाफ एक निर्णायक और व्यापक अभियान की शुरुआत की।

मुख्यमंत्री ने इसकी घोषणा करते हुए कहा कि वर्ष 2026-27 के ऐतिहासिक ग्रीन बजट के बाद दिल्ली सरकार ने एयर पॉल्यूशन मिटिगेशन एक्शन प्लान-2026 (वायु प्रदूषण शमन कार्य योजना-2026) लागू कर दिया है। प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण को लेकर मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री जनसेवा सदन' में एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में केबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह, मनजिंदर सिंह सिरसा, डॉ. पंकज कुमार सिंह, मुख्य सचिव राजीव वर्मा, दिल्ली मेट्रो रेल निगम, याताया पुलिस व सरकार के सभी विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

उन्होंने कहा कि ग्रीन बजट के जरिए दिल्ली सरकार ने साफ हवा और पर्यावरण को अपनी प्राथमिकता बनाया है। इस बजट में साफ परिवहन, धूल पर नियंत्रण, कचरा प्रबंधन, हरियाली बढ़ाने और प्रदूषण की निगरानी के लिए पर्याप्त धन दिया गया है। एयर पॉल्यूशन मिटिगेशन एक्शन प्लान-2026 इन्हीं योजनाओं को तय समय में और पूरी जिम्मेदारी के साथ लागू करेगा। उन्होंने कहा कि यह केवल घोषणा नहीं, बल्कि संसाधनों, तकनीक और सख्ती के साथ चलाया जा रहा अभियान है, जिसका मकसद दिल्ली के हर नागरिक को साफ और बेहतर हवा देना है। यह एक्शन प्लान प्रदूषण के बड़े कारणों जैसे वाहनों का धुआं, सड़कों की धूल, निर्माण कार्य, फैक्ट्रियों का प्रदूषण और कचरा या बायोमास जलाने को ध्यान में रखकर वैज्ञानिक तरीके से तैयार किया गया है। इसमें 11 अहम क्षेत्रों पर काम किया जाएगा और अलग-अलग विभाग मिलकर इसे लागू करेंगे। हर काम के लिए समय-सीमा व जिम्मेदारी तय है।

## जन्मदिन वाले दिन स्टेटस लिखकर की आत्महत्या

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के जगतपुरी इलाके में एक युवक ने जन्मदिन के दिन फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान अंकित तिवारी (25) के रूप में हुई है, जो मूल रूप से हमीरपुर का रहने वाला था और जगतपुरी में रह रहा था। वह एक ऑनलाइन कम्पनी मे काम करता था। गौरतलब है उसकी जिस लड़की से शादी होने वाली थी उस लड़की ने किसी अन्य लड़के से शादी कर ली थी जिसकी जानक. ारी मिलने के बाद वह डिप्रेशन मे था आत्महत्या करने से पहले उसने व्हाट्सअप पर दो स्टेटस लगाए थे स

पहले स्टेटस मे उसने लिखा था प्लीज मुझे कोई कॉल या मैसेज मत करो मैं मर गया हूं सबके लिए अलविदा जिंदगीष स जबकि दूसरे स्टेटस मे लिखा जिसने भी जिसका साथ दिया, मुझे परवाह नही, हिमांशी को खुश रखना, अंकित पंडित अब इस दुनिया में नहीं है इस नंबर पर उसे मना लो, अगर उसका 'हां' आ गया तो शायद मैं बच जाऊं, वरना नहींष लिखा था। पुलिस के अनुसार, घटना मंगलवार रात करीब 10:30 बजे की है। अंकित ने कमरे में पंखे से धोती का फंदा बनाकर खुदकुशी कर ली। शुरुआती जांच में सामने आया है कि वह पिछले कुछ दिनों से तनाव में था। दो-तीन दिन पहले उसे पता चला था कि उसकी मंगेतर ने किसी और के साथ भागकर शादी कर ली है। परिजनों ने बताया कि दो महीने पहले ही दोनों की गोदभराई (रोका) कि रस्म हुई थी। घटना से एक दिन पहले भी अंकित की लड़की से बातचीत हुई थी, लेकिन वह काफी परेशान लग रहा था। परिवार में माता-पिता और एक भाई हैं, जिनका रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच की जा रही है।

# एक्सटेंशन के सहारे चल रही ईवी पॉलिसी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राजधानी में 2023 में समाप्त हो चुकी पुरानी नीति लगातार एक्सटेंशन के सहारे चल रही है। इसे फिर तीन महीने के लिए बढ़ा दिया गया है।

अगस्त 2020 में लागू की गई दिल्ली की ईवी पॉलिसी को देश की सबसे महत्वाकांक्षी योजनाओं में गिना गया था। इसका मकसद प्रदूषण कम करना और इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देना था। लेकिन अगस्त 2023 में इसकी अवधि समाप्त होने के बाद नई नीति समय पर नहीं लाई जा सकी। तब से अब तक यह पॉलिसी बार-बार अस्थायी विस्तार पर टिकी हुई है। सरकार की ओर से दावा किया जा रहा है कि नई नीति का ड्राफ्ट अंतिम चरण में है और इसे जल्द लागू किया जाएगा। अधिकारियों के मुताबिक, 2026 से 2030 तक की अवधि के लिए तैयार की जा रही ईवी पॉलिसी 2.0 में इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या बढ़ाने, प्रदूषण कम करने और चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर को विस्तार देने पर विशेष जोर होगा। योजना के तहत इस साल 7,000 नए चार्जिंग पॉइंट और 100 बैटरी स्वैपिंग स्टेशन जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है, जिससे कुल संख्या 16,000 से अधिक हो जाएगी। ऑटो कंपनियां, निवेशक और उपभोक्ता यह जानना चाहते हैं कि आगे की दिशा क्या होगी, सब्सिडी क्या मिलेगी, नियम क्या होंगे और सरकार की प्राथमिकताएं क्या रहेंगी।

## ईंट मारकर युवक की हत्या

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के मंडावली थाना क्षेत्र मे शराब पीने के दौरान हुए झगड़े मे एक युवक के सिर मे ईंट मारकर हत्या करने का मामला सामने आया है, फिलहाल पुलिस ने मामले मे कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मृतक की पहचान रविंद्र महतो के रूप मे हुई है, वह मूलरूप से बिहार के छपरा का रहने वाला था ओर दिल्ली के खिचड़ीपुर मे अपनी पत्नी ओर दो बच्चो के साथ किराये पर रह रहा था वह सेटरिंग का काम करता था। शराब पीने के दौरान आरोपी से झगड़ा हो गया था जिसके बाद आरोपी ने उसे घर से बाहर खींचकर पिटाई की थी ओर इसी दौरान उसने मृतक के सिर पर ईंट से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया स उसके परिजनो ने उसे उपचार के लिए अस्पताल मे भर्ती करा दिया था जिसकी मौत हो गयी।

# सिलेंडर की कालाबाजारी करने वालों पर दिल्ली पुलिस की लगाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में एलपीजी सिलेंडर की कालाबाजारी को लेकर दिल्ली पुलिस काफी सख्त मुंड में दिखाई दे रही है। हर एक सूचना के तुरंत बाद मौके पर पहुंचकर ज्यादा पैसों में बेचने वाले सिलेंडर को जब्त करके सप्लायरों को पकड़ रही है। बवाना पुलिस ने भी अवैध एलपीजी सिलेंडर की जमाखोरी और कालाबाजारी के रैकेट का पर्दाफाश करते हुए 75 सिलेंडर और सप्लाई करने में इस्तेमाल वाहन बरामद करके आरोपी अनिल को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते वीरवार को एसीपी जोगिन्द्र सिंह की देखरेख में बवाना एसएचओ आईपीएस गौरव सिंह के निर्देशन में पुलिस टीम ने एक पुख्ता जानकारी के बाद शाम करीब चार बजे जिला पार्क, सेक्टर-2, डीएसआई आईडीसी बवाना के पास नाकेबंदी की। टाटा ऐस वाहन को रोककर 27 एलपीजी गैस सिलेंडर बरामद किए, जिनमें 13 घरेलू सिलेंडर और 14 व्यावसायिक सिलेंडर शामिल थे। इनमें से 10 घरेलू सिलेंडर और 7 कमर्शियल सिलेंडर भरे हुए पाए गए। चालक अनिल को गिरफ्तार किया। जब सिलेंडरों की ओनरशिप, ट्रांसपोर्ट और ऑथराइजेशन के बारे में पूछताछ की गई, तो आरोपी कोई जवाब या वैलिड डॉक्यूमेंट नहीं दे पाया।



प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण को लेकर मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री जनसेवा सदन' में एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

# यातायात नियमों के उल्लंघन के विरुद्ध चलाया गया अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के सिविल लाइंस ट्रैफिक सर्किल द्वारा मार्च माह से यातायात नियमों के उल्लंघन के विरुद्ध विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ करना, यातायात अनुशासन को बढ़ावा देना तथा दुर्घटनाओं में कमी लाना है।इस अभियान के अंतर्गत सर्वप्रथम कमला नगर मार्केट क्षेत्र में 10 दिनों तक सघन कार्रवाई की गई, जिसमें लगभग 5200 चालान किए गए तथा 18 वाहनों को जब्त किया गया। इसके उपरांत राजपुर रोड पर भी लगभग 10 दिनों तक विशेष अभियान चलाया गया, जिसमें 5500 से अधिक चालान किए गए।

ये चालान मुख्य रूप से रॉन्ग साइड ड्राइविंग, बिना हेलमेट वाहन चलाने तथा अन्य यातायात उल्लंघनों के विरुद्ध किए गए। बुलेवर्ड रोड, गेट नंबर 3 एवं 4 पर टीएसआर (ऑटो) चालकों के विरुद्ध प्राप्त शिकायतों पर विशेष कार्रवाई करते हुए लगभग 700 चालान किए गए तथा 19 ज्ैत्त जब्त किए गए।इसके अतिरिक्त, सिविल लाइंस क्षेत्र में डग्गामार बसों के विरुद्ध भी सघन अभियान चलाया जा रहा है। पिछले एक माह के दौरान अब तक 56 बसों को जब्त किया गया है तथा लगभग 1100 चालान किए गए हैं। समग्र रूप से, पिछले एक माह में सिविल लाइंस ट्रैफिक सर्किल द्वारा लगभग 200 वाहनों को जब्त किया गया है। जन-जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सिविल लाइंस ट्रैफिक पुलिस द्वारा दो चरणों में लगभग 110 हेलमेट भी वितरित किए गए।

# राघव चड्ढा को राज्यसभा में उपनेता पद से हटाने के बाद आरोप प्रत्यारोप का दौर शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा पर आरोप लगाया है कि चड्ढा प्रधानमंत्री मोदी से डरते हैंश। साथ ही आरोप लगाए हैं कि बोलने के लिए मिलने वाले समय का इस्तेमाल समोसे सस्ते कराने में लगाते हैं। आप ने आरोप लगाया है कि जब मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ प्रस्ताव लाया गया था तो चड्ढा ने उस पर सिग्नेचर भी नहीं किए थे। पार्टी ने गुरुवार को राघव चड्ढा को राज्यसभा में उपनेता पद से हटाने के लिए सचिवालय को पत्र लिखा था। साथ ही पंजाब से उद्योगपति से सांसद बने अशोक मित्तल को पार्टी ने नया उपनेता नियुक्त किया है।

एक्स पर एक पोस्ट में ढांडा ने कहा कि चड्ढा पीएम नरेंद्र मोदी के खिलाफ बोलने से हिचकिचाते हैं। आप नेता ने कहा कि पार्टी को संसद में बोलने के लिए बहुत कम समय मिलता है। इस सीमित समय में पार्टी या तो देश को बचाने के लिए संघर्ष कर सकती है, या फिर ष्हवाई अड्डे पर समोसे सस्ते करवानेष की मांग कर सकती है।ढांडा ने आगे आरोप लगाया कि राघव चड्ढा ने संसद में मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ आप के प्रस्ताव पर हस्ताक्षर करने से मना कर दिया था, जबकि जब गुजरात पुलिस आप कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर रही थी, तब उन्होंने कुछ भी नहीं कहा। उन्होंने कहा कि हम केजरीवाल के सिपाही हैं। निडरता हमारी पहली पहचान है। अगर कोई मोदी से डरता है, तो क्या वह देश के लिए लड़ेगा? संसद में पार्टी को बोलने के लिए बहुत कम समय मिलता है, इस समय में हम या तो देश को बचाने के लिए संघर्ष कर सकते हैं, या फिर हवाई अड्डे की कैंटीन में समोसे सस्ते करवाने की मांग कर सकते हैं।

# पुरानी सीमापुरी में युवक ने 16 साल की किशोरी की चाकू से गोदकर हत्या कर दी

**नई दिल्ली।** पुरानी सीमापुरी में युवक ने 16 साल की किशोरी की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। इसके बाद घर जाकर सिलिंडर से गैस खोलकर खुद को आग लगा ली। इस घटना में युवक की मौत हो गई, वहीं किशोरी ने भी अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

पुलिस ने बताया कि नई सीमापुरी निवासी जतिन और किशोरी के बीच पहले से दोस्ती थी और किसी बात को लेकर विवाद हुआ। इसी विवाद के दौरान युवक ने किशोरी पर हमला कर दिया। घटना के तुरंत बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और लोगों ने पुलिस को सूचना दी। घायल किशोरी को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी मौत हो गई। वारदात के कुछ देर बाद युवक अपने घर गया और खुद को आग के हवाले कर दिया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक युवक की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और दोनों के बीच दोस्ती और घटनाक्रम की गहराई से पड़ताल की जा रही है, ताकि पूरे मामले की सच्चाई सामने आ सके।

## चोरी की स्कूटी संग धरा

**नई दिल्ली।** थाना जामा मस्जिद पुलिस ने सतर्क पेट्रोलिंग के दौरान 24 घंटे के भीतर स्कूटी चोरी के आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी की एक्टिवा बरामद की है। आरोपी की पहचान पटपड़गंज निवासी 26 वर्षीय भोलेश्वर के रूप में हुई है। पुलिस उपायुक्त रो. हित राजवीर सिंह ने बताया कि शुक्रवार को हेड कांस्टेबल विपिन कुमार और कांस्टेबल सीताराम बीट क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। मीना बाजार स्थित दंगल पार्क के पास एक स्कूटी सवार संदिग्ध हालत में दिखा। इसी दौरान पास में मौजूद हेड कांस्टेबल विजय ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। जांच में पता चला कि बरामद ग्रे रंग की होंडा एक्टिवा थाना मधु विहार क्षेत्र से एक दिन पहले चोरी हुई थी।

# छोटे सिलिंडर की किल्लत के चलत हो रही अवैध रिफिलिंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के कई इलाकों में गैस एजेंसियों के बाहर लंबी कतार रोज लग रही है। सबसे ज्यादा दिक्कत छोटे सिलिंडरों की किल्लत से हो रही है। लक्ष्मी नगर, शाहदरा, मयूर विहार और संगम विहार समेत कई इलाकों में उपभोक्ताओं को सिलिंडर लेने के लिए घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। उपभोक्ताओं के अनुसार, ऑनलाइन बुकिंग के दौरान जो डिलीवरी तारीख दी जाती है, उस पर सिलिंडर घर तक नहीं पहुंचता है। कई एजेंसियों पर छोटे सिलिंडर या तो मिलते ही नहीं या बेहद सीमित संख्या में उपलब्ध होते हैं, जो जल्दी खत्म हो जाते हैं। ठेला चलाने वालों, छोटे दुकानदारों और किराए पर रहने वाले लोगों के लिए यह स्थिति ज्यादा गंभीर है, क्योंकि वह बड़े सिलिंडर का खर्च नहीं उठा सकते। मजबूरी में उन्हें महंगे विकल्पों का सहारा लेना पड़ रहा है। अभी तक पुलिस की सख्ती नहीं होने से गैस की कालाबाजारी करने वालों को खुली छूट थी, जिसकी वजह से हर गली और मोहल्ले में 80 से 90 रुपये में एक किलो गैस मिल जाती थी लेकिन गैस किल्लत होते ही अवैध रिफलिंग करने वालों प्रति किलो गैस के दाम बढ़ाकर 200 से 400 रुपये कर दिए।





इंद्रप्रस्थ कल्चरल फेस्टिवल 2026 का शुभारंभ करते कला, संस्कृति एवं भाषा, पर्यटन एवं श्रम मंत्री कपिल मिश्रा।

# डिप्रेशन को नजरअंदाज करती हैं महिलाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** महिलाओं के बीच डिप्रेशन, एंजायटी और घरेलू तनाव के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं, चिंता की बात यह है कि अधिकांश महिलाएं इलाज लेने से हिचकती हैं। विशेषज्ञों के अनुसार सामाजिक दबाव, परिवार की जिम्मेदारियां और मानसिक स्वास्थ्य को लेकर झिझक के कारण महिलाएं अपनी समस्या को दबा रही हैं। डॉक्टरों का कहना है कि कई महिलाएं मान. सिक परेशानी को बीमारी मानने के बजाय इसे नजरअंदाज करती हैं। कई मामलों में वे परिवार या समाज के डर से अपनी स्थिति साझा नहीं करतीं। इससे समस्या और गंभीर हो जाती है और समय पर इलाज नहीं मिल पाता। नींद न आना, चिड़चिड़ापन, लगातार उदासी, थकान और किसी काम में मन न लगना ये सभी डिप्रेशन और एंजायटी के शुरुआती लक्षण हैं। लेकिन जानकारी के अभाव में महिलाएं इन्हें सामान्य समझकर नजरअंदाज कर देती हैं। समय पर काउंसलिंग, परिवार का सहयोग और खुलकर बातचीत करना बेहद जरूरी है। यदि लक्षण लंबे समय तक बने रहें तो तुरंत विशेषज्ञ से संपर्क करना चाहिए, क्योंकि देरी से समस्या गंभीर रूप ले सकती है।

# चेनू गैंग का बदमाश गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्वी जिला पुलिस के एएटीएस स्टाफ ने ष्चेनू गैंगष के सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उसके पास से उन्नत किस्म की देसी पिस्टल और दो जिंदा कारतूस बरामद किए है। आरोपी को उस समय पकड़ा गया जब वह रॉबरी की संदिग्ध मंशा से घूम रहा था।

दिल्ली के पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त राजीव कुमार ने बताया कि आपराधिक गतिविधियों में हालिया वृद्धि को देखते हुए एएटीएस को विशेष रूप से निगरानी बढ़ाने और अवैध रूप से हथियार रखने तथा संगठित अपराध में शामिल व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का काम सौंपा गया था। इसके तहत एसीपी ऑपरेशंस पवन कुमार की देखरेख में इंस्पेक्टर पवन यादव के नेतृत्व में टीम खुफिया जानकारी जुटाने और फील्ड निगरानी में सक्रिय रूप से लगी हुई थी।

इसी बीच टीम को कुख्यात 'चेनू गैंग' से जुड़े एक संदिग्ध व्यक्ति की आवाजाही और उसके पास कथित तौर पर अवैध हथियार होने के बारे में विश्वसनीय खुफिया जानकारी मिली। इसके बाद टीम ने अपना जाल बिछाकरआरोपी सलमान कुरैशी (34) को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी लेने पर, उसके पास से से एक देसी पिस्टल और दो जिंदा कारतूस बरामद कर लिया। पुलिस पूछताछ के दौरान, उसने बताया कि वह ष्चेनू गैंगष का एक सक्रिय सदस्य है और गैंग को साजो-सामान संबंधी सहायता प्रदान करता है। वह शेजाद नामक एक व्यक्ति से जुड़ा हुआ पाया गया, जो एक सक्रिय रॉबर है और दिल्ली भर में हाल ही में हुई कई रॉबरी की घटनाओं में शामिल रहा है। खास बात यह है कि शहजाद को इससे पहले 22 मार्च को शाहदरा जिले के स्टाफ ने गिरफ्तार किया था और उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। यह आरोपी, शेजाद के साथ एक चोरी के मामले में भी सह-आरोपी है। आरोपी ने आगे बताया कि वह इस इलाके में बंदूक की नोक पर रॉबरी करने के इरादे से घूम रहा था।

# स्कूलों में साढ़े तीन लाख पौधे लगाने का लक्ष्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के स्कूलों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 में वृक्षारोपण/हरियाली अभियान के तहत साढ़े तीन लाख पौधे लगाए जाएंगे। इस संबंध में शिक्षा नि. देशालय की विज्ञान व टीवी शाखा ने सर्कुलर जारी किया है।

वायु प्रदूषण को कम करने और परिसर को हरा-भरा बनाने के लिए यह कदम उठाया गया है। सर्कुलर के अनुसार दिल्ली सरकार के पर्यावरण विभाग और इको क्लब के सदस्यों के जरिए एक लाख पेड़ और ढाई लाख पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस संबंध में निदेशालय ने स्कूलों को दिशा-निर्देश जारी किए है। नए दिशा-निर्देशों के मुताबिक, दिल्ली के प्रत्येक स्कूल को मौजूदा सत्र में कम से कम 350 पौधे लगाने अनिवार्य होंगे। इस कार्य के लिए स्कूल दिल्ली सरकार के वन विभाग की किसी भी नर्सरी से निशुल्क पौधे प्राप्त कर सकेंगे। वृक्षारोपण की पूरी जिम्मेदारी स्कूल के इको-क्लब, विभागाध्यक्ष और छात्रों के सहयोग पर होगी। नि. देशालय ने साफ किया है कि केवल पौधे लगाना ही काफी नहीं है, बल्कि उनकी नियमित निगरानी और मासिक रिपोर्ट भी देनी होगी।

# इंद्रप्रस्थ कल्चरल फेस्टिवल का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार द्वारा आयोजित इंद्रप्रस्थ कल्चरल फेस्टिवल 2026 का भव्य शुभारंभ हुआ। 3 से 5 अप्रैल तक आयोजित इस तीन दिवसीय उत्सव में 100 से अधिक प्रतिष्ठित वक्ता, 50 से अधिक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, साहित्यिक सत्र, युवा टाउनहॉल और विशेष प्रदर्शनी के माध्यम से भारत की समृद्ध सभ्यतागत विरासत और समकालीन सांस्कृतिक विमर्श को एक मंच पर प्रस्तुत किया जा रहा है। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि, दिल्ली सरकार के कला, संस्कृति एवं भाषा, पर्यटन एवं श्रम मंत्री कपिल मिश्रा ने अपने संबोधन में इस आयोजन को "सांस्कृतिक पुनर्जागरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल" बताया। उन्होंने कहा कि "इंद्रप्रस्थ नाम का चयन अपने आप में एक सांस्कृतिक घोषणा है।

यह दिल्ली की उस ऐतिहा. सिक और सभ्यतागत पहचान को पुन: स्थापित करने का प्रयास है, जिसे लंबे समय तक सीमित दृष्टिकोण में प्रस्तुत किया जाता रहा।"उन्होंने संगम टॉक्स और आयोजन से जुड़े सभी सहभागियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि "ऐसे मंच, जहां संवाद तथ्य, तर्क और प्रमाण पर आधारित हो, वही समाज को सही दिशा देते हैं। जब विमर्श वैज्ञानिक दृष्टिकोण और साक्ष्यों के आधार पर आगे बढ़ता है, तब भ्रम और असत्य स्वत: समाप्त हो जाते हैं।"दिल्ली की बहुसांस्कृतिक पहचान पर प्रकाश डालते हुए मिश्रा ने कहा कि "दिल्ली 'मिनी इंडिया' के रूप में देश के हर क्षेत्र की सांस्कृतिक अभिव्यक्ति का केंद्र है। यहां देश के विभिन्न हिस्सों के त्योहार और परंपराएं अपने सबसे व्यापक और जीवंत स्वरूप में दिखाई देती हैं। यही दिल्ली की वास्तविक पहचान है, और उसी पहचान को सशक्त करने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है।"उन्होंने पिछले एक वर्ष में दिल्ली सरकार द्वारा किए गए प्रमुख सांस्कृतिक आयोजनों और पहलों का उल्लेख करते हुए कहा कि "राजधानी में सांस्कृतिक कार्यक्रमों को नई ऊर्जा और व्यापकता दी गई है। कर्तव्य पथ पर दीपोत्सव, यमुना तट पर छठ पर्व के भव्य आयोजन, तीज एवं नवरात्रि जैसे उत्सवों का व्यापक स्तर पर आयोजन, और विश्वविद्यालयों में युवाओं की सक्रिय भागीदारी के साथ कार्यक्रमों का संचालनख्इन सभी प्रयासों ने दिल्ली की सांस्कृतिक चेतना को नई दिशा दी है।"

मिश्रा ने इस अवसर पर जनता से व्यापक भागीदारी का आह्वान करते हुए कहा कि "इंद्रप्रस्थ कल्चरल फेस्टिवल के माध्यम से एक महत्वपूर्ण शुरुआत हो रही है, जहां देशभर से जाने-माने इतिहासकार, लेखक, कलाकार और साहित्यकार एक मंच पर एकत्रित हुए हैं।

## आम आदमी पार्टी के सिद्धांत खत्म हो चुके: सचदेवा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने आम आदमी पार्टी में लगातार बढ़ रहे अंदरूनी असंतोष पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि अब यह पूरी तरह स्पष्ट हो चुका है अपने नेताओं से राघव चड्ढा के विरूद्ध ब्यान दिलवा कर "आप" नेता अरविंद केजरीवाल केवल बाहर से पार्टी को एकजुट दिखने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि अंदर से पार्टी पूरी तरह बिखर चुकी है। वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि राघव चड्ढा का वीडियो बयान भी इस बात का प्रमाण है कि पार्टी के भीतर संवाद और लोकतंत्र पूरी तरह समाप्त हो चुका है।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

खुली ई-निविदा सूचना संख्या
NER-BSB0SnT-OT-17-2026

मण्डल रेल प्रबन्धक/सिग. एवं दूरसंचार/पूर्वोत्तर रेलवे/वाराणसी कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यो के लिये "खुली ई-निविदा" आमंत्रित की जाती है :-

**क्रमांक-1,** निविदा सूचना संख्या एवं कार्य का नाम: NER-BSB0SnT-OT-17-2026: कार्य का नाम: वाराणसी मंडल में स्टेटकॉन मेक आई.पी.एस. का 03 वर्षो (36 माह) के लिये विस्तृत वार्षिक अनुरक्षण कार्य। **विवरण:** अनुमानित लागत (रू० में): ₹ 2,58,07,871.70, बयाना की राशि (रू० में): ₹ 5,16,200/-, निविदा प्रपत्र की कीमत: ₹ 00.00, कार्य पूर्ण करने की अवधि: 36 माह, निविदा बंद होने की अंतिम तिथि एवं समय: 24-04-2026 को 15:00 बजे।

(1) ई-निविदा दिनांक 24-04-2026 को 15:00 बजे तक आन लाईन जमा किया जा सकेगा।

(2) पूर्ण विवरण की जानकारी प्राप्त करने एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेलवे की वेबसाईट i.e. www.ireps.gov.in देखें।

मण्डल रेल प्रबन्धक/सिंग. एवं दूरसंचार
मुजाधि/सिगनल-04 वाराणसी

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

# टोल प्लाजा बना रणक्षेत्र, प्रशासन की कार्रवाई के बाद किसान यूनियन का उग्र प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** छिजारसी टोल प्लाजा पर शुक्रवार तड़के करीब चार बजे प्रशासन द्वारा भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के कथित अवैध अस्थाई कार्यालय को हटाए जाने के बाद क्षेत्र में तनाव की स्थिति पैदा हो गई। कार्रवाई की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में किसान यूनियन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए और धरने पर बैठकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया।





किसानों ने प्रशासन की कार्रवाई को अन्यायपूर्ण बताते हुए जमकर नारेबाजी की। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारियों और किसान नेताओं के बीच कहासुनी बढ़ गई, जो देखते ही देखते झड़प में बदल गई। मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया, हालांकि पुलिस बल ने तत्परता दिखाते हुए स्थिति को संभाल लिया। बताया गया कि छिजारसी टोल पर बना यह अस्थाई कार्यालय कथित रूप से अवैध था, जिसे हटाने के लिए जमीन मालिक द्वारा पहले ही शिकायत की गई थी। इसी के आधार पर प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए निर्माण को ध्वस्त करा दिया। इससे नाराज किसान यूनियन के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में टोल प्लाजा पहुंच गए और हंगामा शुरू कर दिया। स्थिति को नियंत्रण में करने के लिए पुलिस ने सख्ती और समझाइश दोनों का सहारा लिया। प्रदर्शन कर रहे सैकड़ों कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को बसों में बैठाकर मौके से हटाया गया। इसके बाद क्षेत्र में शांति व्यवस्था बहाल कर दी गई। मौके पर एसडीएम धौलाना मनोज सिंह, नायब तहसीलदार, क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी सहित कई चौकी इंचार्ज और भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। प्रशासन का कहना है कि कानून-व्यवस्था बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वहीं किसान यूनियन के नगर अध्यक्ष प्रदीप चौधरी, मंडल सचिव यशवीर सिंह, फराहीम तोमर और शेखर चौधरी सहित अन्य नेताओं ने चेतावनी दी है कि यदि किसानों की मांगों को अनदेखा किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। फिलहाल छिजारसी टोल क्षेत्र में शांति बनी हुई है और प्रशासन व किसान नेताओं के बीच वार्ता की कोशिशें जारी हैं।

# डीजल से इलेक्ट्रिक तक, आनंदा का बड़ा ट्रांजिशन प्लान, पर्यावरण को मिलेगा फायदा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** देश में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को लेकर तेजी से बदलाव देखने को मिल रहा है और आने वाले वर्षों में यह परिवहन का प्रमुख माध्यम बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। सरकार और निजी कंपनियों के प्रयासों के बीच अब उद्योग जगत भी इस क्रांति को नई गति देने में जुट गया है। इसी क्रम में आनंदा द्वारा टाटा मोटर्स और अशोक लेलैंड के साथ की गई साझेदारी को एक बड़ा कदम माना जा रहा है, जो देश में इलेक्ट्रिक वाहन क्षेत्र को नई दिशा देने का काम करेगी। इस पहल के तहत न केवल उत्पादन लागत में कमी आने की उम्मीद है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के लक्ष्यों को भी मजबूती मिलेगी। विशेषज्ञों का मानना है कि इस तरह के प्रयास भारत को प्रदूषण मुक्त और हरित ऊर्जा आधारित



परिवहन व्यवस्था की ओर तेजी से ले जाएंगे।

आनंदा के चेयरमैन डा. राधे श्याम दीक्षित ने बताया कि कंपनी वर्ष के अंत तक अपने डीजल और सीएनजी से चलने वाले वाहनों को चरणबद्ध तरीके से इलेक्ट्रिक वाहनों में परिवर्तित करने का लक्ष्य लेकर चल रही है। उन्होंने कहा कि इस बदलाव से ईंधन की खपत में कमी आएगी और देश की आर्थिक प्रगति को भी बल मिलेगा। उन्होंने यह भी कहा कि कंपनी का उद्देश्य केवल व्यावसायिक विस्तार नहीं, बल्कि पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाना भी है। इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देकर कार्बन उत्सर्जन में कमी लाई जा सकती है, जिससे आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित किया जा सके।

# भारतेन्दु नाट्स अकादमी से निकलने वाले छात्र देश व प्रदेश का करेंगे नाम रोशन : जयवीर

'kkg VkbEl loknnkrk

y[kuÅA उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री जयवीर सिंह ने आज गोमती नगर स्थित भारतेन्दु नाट्य अकादमी भवन का विधिवत निरीक्षण और मुख्यमंत्री द्वारा किए जाने वाले लोकार्पण कार्यक्रम की तैयारियों की जानकारी ली।

संस्कृति विभाग उ0प्र0 द्वारा इस जीर्ण-शीर्ण भवन का सौंदर्यीकरण एवं नवीनीकरण कराया गया है। आगामी 05 अप्रैल, 2026 को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इसका लोकार्पण करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि यह संस्कृति विभाग के अधीन एक प्रतिष्ठित नाट्य प्रशिक्षण संस्थान है। इसकी स्थापना 1975 में हुई थी। अकादमी में अभिनय, रंगमंच और इससे संबंधित विभिन्न कलाओं में दो वर्षीय डिप्लोमा कोर्स चलाया जाता है। उन्होंने कहा कि यहां से निकलने वाले छात्र भारतीय संस्कृति एवं नाटक की विभिन्न विधाओं का देश-विदेश में प्रदर्शन कर अपना तथा उ0प्र0 का नाम रोशन कर रहे है। उन्होंने अकादमी के प्रबंधकों से कहा कि इस भवन का उपयोग नवोदित प्रतिभाओं को निखारने में किया जाना चाहिए। पर्यटन मंत्री ने अकादमी के पूरे परिसर में कराए गए जीर्णोद्वार कार्यों के निरीक्षण के उपरांत जनसमुदाय को संबोंधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सभी कार्य मानक तथा गुणवत्ता के अनुरूप पूरे किए जाने चाहिए। साथ ही साफ-सफाई पर विशेष ध्यान एवं नाट्य विधा में प्रयोग होने वाले सभी उपकरणों का रख-रखाव और बेहतर किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार योगी आदित्यनाथ की अपेक्षाओं के अनुरूप कला, संस्कृति, गीत-संगीत, नाट्य को बढ़ावा देने के साथ ही कलाकारों का भी सम्मान कर रही है। उन्होंने कहा कि भारत को विश्व गुरू कहा जाता था लेकिन आजादी के बाद की सरकारों ने धर्मनिरपेक्षता के नाम पर तुष्टिकरण को बढ़ावा दिया परंतु आज केन्द्र में मोदी एवं प्रदेश में श्रद्धेय योगी की सरकार सनातनी संस्कृति को आगे बढ़ा रही है। उन्होंने बताया कि देश के इस प्रतिष्ठित संस्थान में मौजूदा समय में 09 राज्यों के छात्र-छात्राएं प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है। पर्यटन मंत्री ने कहा कि यहां से प्रशिक्षण के बाद निकलने वाले छात्र देश व प्रदेश तथा लखनऊ का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने कहा कि सौभाग्य से आज हिन्दी रंग-मंच दिवस भी है। यह दिवस आधुनिक रंगमंच के जनक कहे वाले भारतेन्दु हरिशचन्द के नाम पर मनाया जाता है। उन्होनें प्रशिक्षणरत छात्रों का आवाह्न किया कि यहां से नाटक की बारीकियां और इससे जुड़ी विधाएं उनके लिए एक पूंजी है।

# गुड फ्राईडे पर ईसा मसीह की शहादत को किया याद

'kkg VkbEl C;jk

i|jui|jA नगर के चर्च में गुड फ्राइडे को विशेष प्रार्थना कराकर मनाया गया। ईसा मसीह के शहादत के दिन को मनाने के लिए बड़ी संख्या में एकत्रित ईसाई समुदाय के लोगों ने उनकी कुर्बानी को गमी के दिन के रूप में मनाया। पुरोहित ने 'क्रूस रास्ते' का आयोजन कराया।

ईसाई समुदाय के लोगों ने पुण्य शुक्रवार को ईसा मसीह के शहादत के दिन के रूप में मनाया। नगर के एक मात्र सेंट जोसेफ चर्च में दुख भोग को मनाने के लिए बड़ी संख्या में नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों सें लोग विशेष प्रार्थना में शामिल होने के लिए आये।

स्कूल प्रांगण के प्रभु ईसा मसीह के दुख भोग को दर्शाने के लिए चैदह स्थानों को प्रतीक के रूप में चिंहित किया गया था जहां पर क्रूस रास्ते का आयोजन किया गया। प्रार्थना में पुरोहित फादर ग्रेगरी मस्क्रेनहस ने जालिमों के जरिये ईसा मसीह पर किये गये जुल्मों का जिक्र किया। प्रभु ईसा पर झूठे इल्जाम लगाकर सलीब पर लटकाकर मौत की सजा सुनाई गयी थी।

उन्होंने ईसा मसीह की विभिन्न यातनाओं के बारे में बताया उन्हें कोड़ों की मार दी गयी, सिर पर कांटों का मुकुट रखा गया, निर्वस्त्र किया, ऊपर थूका, उनकी मां से मिलवाकर अपशब्द कहकर जलील किया गया। इसके बाद फादर ने चर्च में क्रूस की आराधना करायी। फादर ने अपने प्रवचन में कहा कि ईसा ने यह सब खुद के लिए नहीं बल्कि मानव जाति के उद्वार के लिए सारी तकलीफों को सहा।

# बच्चों को बांटे प्रमाण पत्र शिक्षकों को किया सम्मानित

y[kuÅA बी के एस कॉन्वेंट स्कूल स्वाभिमानपुरम बलरामपुर द्वारा वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सदर विधायक पलटू राम व कुंवर सुमेर सिंह महासचिव, कैलाश नाथ शुक्ला विधायक तुलसीपुर व डॉक्टर धीरेंद्र प्रताप सिंह आदर्श नगर पालिका अध्यक्ष बलरामपुर की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

विद्यालय निदेशक डी एन सिंह व प्रबंधक श्रीमती मृदुला सिंह ने मुख्य अतिथियों का स्वागत स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया उक्त अवसर पर मुख्य अतिथियों द्वारा सभी बच्चों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया एवं सभी शिक्षकों को सम्मानित किया गया शिक्षिका श्रीमती सीमा शुक्ला ,कुमारी राधा पांडे कुमारी, शुभी पांडे, बबली गुप्ता कुमारी नैंसी यादव, शिक्षा सहायिका उर्मिला कश्यप, अंजलि तिवारी,के सराहनीय प्रयास से कार्यक्रम संपन्न हुआ सभी शिक्षकों द्वारा एवं छात्र छात्राओं का उत्साह बर्दन किया गया और सम्मान स्वरूप आदर्श शिक्षक अपने छात्रों के मन में मानवीय मूल्य राष्ट्रीय चेतना सद्भाव जैसे गुण को विकसित करते हैं जो एक सभ्य समाज के लिए अति आवश्यक है उक्त अवसर पर मंगल प्रसाद वर्मा डी पी सिंह प्रतिनिधि गौरव मिश्रा अभिषेक प्रताप राष्ट्रहित मुकेश पांडे दया शुक्ला सविता सिंह श्रीमती शुचिता शुक्ला व शुभम तथा सभी अभिभावक उपस्थित रहे विद्यालय के छात्र छात्राओं में भावेश पांडे सोनाक्षी चौरसिया आरोही गिरी आस्था वर्मा कृष्णा पांडे आस्था सिंह स्वरा शुक्ला दिव्यांशी सिंह आयुष मिश्रा स्तुति शुक्ला शिवांश प्रताप सिंह आराध्या वर्मा लावण्या विश्वकर्मा ईशा पासवान आदर्श गिरी शिवांश आर्य को पुरस्कृत किया गया।

# खण्ड शिक्षा अधिकारी, तिलोई की कार्यशैली से शिक्षक संगठन नाराज

frykÃ&veBhA विकास क्षेत्र तिलोई में वर्तमान में खण्ड शिक्षा अधिकारी राम किशन कश्यप तैनात हैं।

यह जिस भी ब्लाक में रहे,अपनी भ्रष्टतम कार्यशैली से हटाये जाते रहे हैं। इनकी भ्रष्टतम कार्यशैली को लेकर ब्लाक संसाधन केन्द्र तिलोई पर समस्त शिक्षक संगठनों की बैठक प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष धीरेन्द्र प्रताप सिंह के संयोजन में एवं जिलाध्यक्ष राज किशोर सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में सभी संगठनों के पदाधिकारियों ने शुभम मिश्रा-कम्प्यूटर आपरेटर ,एवं राम किशन कश्यप खण्ड शिक्षा अधिकारी के काले कारनामों को उजागर करते हुए खूब खरी खोटी सुनायी ।बैठक में सभी संगठनों ने निर्णय लिया गया कि सभी संगठनों के पदाधिकारियों का एक संयुक्त प्रतिनिधि मण्डल,शिक्षा,शिक्षक एवं बच्चों के हित में निम्नलिखित बिन्दुओं पर खण्ड शिक्षा अधिकारी से वार्ता करेगा।

1-निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों को विद्यालयों पर समय से पहुंचाना,2-बाल्य देखभाल अवकाश का समय से अग्रसारण,3-चिकित्सीय अवकाश को समय पर स्वीकृत करना,4-एरियर बिलों का समय से अग्रसारण 5-शिक्षामित्रों के मानदेय बिल का समय से प्रेषण,6-बी आर सी पर तैनात सभी पटल सहायकों को कार्य आवंटित करके शिक्षकों को अवगत कराना ।7 -कार्यालय के किसी भी कर्मचारी को निरीक्षण में साथ लेकर विद्यालय न जाना ।8- व्यायाम शिक्षक व ए०आर०पी०के बैठने लिए एक अतिरिक्त कक्ष की व्यवस्था ।9-मास के अन्तिम शनिवार को संगठन के पदाधिकारियों के साथ बैठक ।10-सभी प्रकार के कार्यक्रमों व प्रशिक्षणों को ए० आर०पी०गणों के सहयोग से भव्य व सुव्यवस्थित कराना।

## एक नजर

### गैंगस्टर एक्ट का वांछित चढ़ा पुलिस के हत्थे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के मामले में फरार चल रहे वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को रोडवेज बस स्टैंड के पास से दबोचा गया, जिसके बाद पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

थाना प्रभारी के अनुसार थाना हापुड़ नगर पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में फरार चल रहे आरोपी उपदेश कुमार पुत्र रामसागर निवासी ग्राम नंदा पुरवा सराय भाट, थाना रामकोट, जनपद सीतापुर को गिरफ्तार किया। बताया गया कि आरोपी लंबे समय से पुलिस की पकड़ से दूर था और उसकी तलाश की जा रही थी। पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी रोडवेज बस स्टैंड के पास मौजूद है, जिसके आधार पर टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और उसे दबोच लिया। पुलिस जांच में सामने आया है कि गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ पहले भी धोखाधड़ी के मामले दर्ज हैं। उसके खिलाफ थाना हापुड़ नगर में वर्ष 2023 में धारा 420 भादवि के तहत मुकदमा दर्ज है, जबकि वर्ष 2020 में धारा 420 और 406 भादवि के तहत भी मामला दर्ज किया जा चुका है। फिलहाल पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### अवैध हथियार के साथ युवक पकड़ा गया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड़ नगर पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से एक अवैध चाकू बरामद हुआ है, जिसके बाद उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

थाना प्रभारी के अनुसार नियमित चेकिंग अभियान के दौरान टीम मेरठ रोड स्थित एटमोस हॉस्पिटल के सामने वाले रास्ते पर संदिग्ध व्यक्तियों की जांच कर रही थी। इसी दौरान एक युवक पुलिस को संदिग्ध अवस्था में घूमता दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रोककर तलाशी ली, तो उसके पास से एक अवैध चाकू बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम शावेज पुत्र इस्लामुद्दीन निवासी बिस्मिल्लाह मस्जिद के पास, मेवगढ़ी मजीदनगर, थाना लिसाड़ी गेट, जनपद मेरठ बताया। पुलिस ने मौके पर ही उसे गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में थाना हापुड़ नगर पर संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है।

### महंत अमोल वशिष्ठ एवं महंत सागर वशिष्ठ ने बालाजी महाराज के सुनाए भजन

'kkg VkbEl loknnkrk

ihyhHkhrA श्री संकट मोचन बालाजी महाराज मंदिर में चल रही राम कथा के छठवें दिन में पहुंच कर प्रभु श्रीराम बालाजी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया साथ ही प्रभु श्री राम की कथा में महंत अमोल वशिष्ठ एवं महंत सागर वशिष्ठ को पटका पहनाकर सम्मानित किया, तत्पश्चात महंत अमोल वशिष्ट जी के आवाह्न पर महंत सागर वशिष्ठ ने शैली शर्मा को भी पटका पहनाकर सम्मानित अभिनंदन किया। जिसमें बाबा के दरबार में लगातार सवामणि के भोग लगाया जा रहा है। महंत अमोल वशिष्ठ जी के द्वारा राम कथा सुनाई गई जिसमें सभी भक्तों ने कथा को बहुत ही भक्ति भाव से सुना जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा, उनके ओजस्वी प्रवचनों ने सभी श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। उन्होंने कथा के माध्यम से कहा कि ऐसे आध्यात्मिक आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और आपसी भाईचारा मजबूत होता है। भजन कीर्तन के दौरान भगवान हनुमान के जयकारों से मंदिर परिसर गूंज उठा तत्पश्चात भव्य आरती का आयोजन हुआ। साथ ही 6 अप्रैल दिन सोमवार को राम कथा विश्राम यज्ञ एवं भंडारे का विशाल आयोजन होगा। कार्यक्रम में उपस्थित रहे शिखा वशिष्ठ, कोमल वशिष्ठ, सुगंधा वशिष्ठ सौरभ सक्सेना, शैली शर्मा, अभिलाष गुप्ता, रवि श्रीवास्तव , सरवन तिवारी, विवेक, अनित, मनीष आदि दरवारी भक्तगण उपस्थित रहे।

# पीलीभीत में मगरमच्छ के जबड़े से बेटे को निकाल लाया पिता

'kkg VkbEl loknnkrk

ihyhHkhrA जहानाबाद थाना क्षेत्र के नगरिया सहगवा गांव में नदी किनारे खेत में गेहूं की कटाई के दौरान एक किशोर पर मगरमच्छ ने हमला कर दिया। पिता ने बच्चे को मगरमच्छ के जबड़े से छुड़ा लिया। प्रेम शंकर अपने बेटे मोहित कुमार के साथ हाईवे किनारे स्थित खेत में गेहूं की कटाई कर रहे थे। इस दौरान खेत के पास बह रही नदी के किनारे जाते ही मोहित पर अचानक मगरमच्छ ने हमला कर दिया। मगरमच्छ ने मोहित को अपने जबड़े में दबोच लिया और उसे पानी की ओर खींचने लगा। बेटे की चीख-पुकार सुनकर पिता प्रेम शंकर तुरंत मौके पर पहुंचे और बिना अपनी जान की परवाह किए मगरमच्छ से भिड़ गए। कड़ी मशक्कत के बाद उन्होंने बेटे को उसके चंगुल से छुड़ा लिया। घायल मोहित को तुरंत पीलीभीत के स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय (जिला अस्पताल) ले जाया गया। अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में तैनात डॉक्टर गौरव गंगवार ने बताया कि बच्चे को गंभीर चोटें आई हैं।

# माहेश्वरी समाज लखनऊ की नई कार्यसमिति घोषित

शाह टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। माहेश्वरी समाज लखनऊ की कार्यसमिति चुनाव 14 शास्त्री नगर राधे श्याम जाजू के निवास पर विनोद प्रकाश के सहयोग एवं संजय काबरा नामित पर्यवेक्षक पूर्वी उत्तर प्रदेश एवं विष्णु कांत माहेश्वरी चुनाव अधिकारी के नेतृत्व में 2026दृ2028 के तहत नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है।

चुनाव प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद घोषित पदाधिकारियों में अध्यक्ष पद पर गोविंद माहेश्वरी को निर्विरोध चुना गया।

घोषित कार्यसमिति में निखिल माहेश्वरी एवं निर्भय प्रकाश माहेश्वरी को उपाध्यक्ष, विनम्र माहेश्वरी को मंत्री, नितिन माहेश्वरी को अर्थ मंत्री ,राजीव माहेश्वरी को संगठन मंत्री, गौरव माहेश्वरी को प्रचार मंत्री तथा सताक्षी नंदन माहेश्वरी एवं विक्की माहेश्वरी को संयुक्त मंत्री बनाया गया है। सदस्य पद पर अमर कुमार माहेश्वरी सहित अन्य सदस्यों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

नई कार्यसमिति की प्रथम बैठक भी 2 अप्रैल 2026 को आयोजित की गई, जिसमें नव-निर्वाचित अध्यक्ष गोविंद माहेश्वरी ने सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए उनके चयन के लिए आभार व्यक्त किया।

बैठक में विनोद माहेश्वरी को मीडिया संयोजक नियुक्त किया गया, जबकि विजय प्रकाश गुप्ता (असावा) को तकनीकी सलाहकार (कंप्यूटर ऑपरेशन) की जिम्मेदारी सौंपी गई ।इसके अलावा, समाज के संविधान के अंतर्गत हनुमान प्रसाद लोया एवं अभिषेक अटल को कार्यसमिति में मनोनीत सदस्य के रूप में शामिल करने का निर्णय लिया गया। बैठक के अंत में सभी सदस्यों ने समाज के विकास, एकजुटता और सेवा कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

बैठक में समाज के वरिष्ठ लक्ष्मीकांत, विनोद प्रकाश , डॉ बी के जाजू , डॉ सुभाष, शरद लाहोटी राधेश्याम जाजू, मनीष बलदुआ अजय गट्टानी , लक्ष्मण पलतानी सहित समाज के अन्य वरिष्ठ एवं युवा मौजूद रहे अध्यक्ष द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक का समापन किया गया।

# कुशीनगर कॉन्क्लेव- वैश्विक संगम से 3,000 करोड़ निवेश की संभावना

'kkg VkbEl loknnkrk

y[kuÅA कुशीनगर में आयोजित इंटरनेशनल बौद्ध कॉन्क्लेव 2026 का समापन बड़े स्तर पर भागीदारी और निवेश की मजबूत संभावनाओं के साथ संपन्न हुआ। तीन दिन तक चले इस आयोजन ने एक बार फिर उत्तर प्रदेश को वैश्विक बौद्ध पर्यटन के केंद्र के रूप में स्थापित करने का प्रयास किया गया। भगवान बुद्ध के महापरिनिर्वाण स्थल पर आयोजित इस कॉन्क्लेव में 2,300 से अधिक श्रद्धालु एवं पर्यटक शामिल हुए। इनमें 2,000 से ज्यादा भिक्षु, विद्वान, नीति-निर्माता और विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ थे, जबकि 300 से अधिक विदेशी मेहमान थाईलैंड, जापान, म्यांमार, भूटान और नेपाल जैसे देशों से पहुंचे। कॉन्क्लेव के दौरान पर्यटन से जुड़े क्षेत्रों में करीब 3,000 करोड़ रुपये के निवेश की संभावनाएं सामने आईं। होटल और रिजॉर्ट बनाने वाली कंपनियों, रियल एस्टेट डेवलपर्स, बायो-सीएनजी और फूड प्रोसेसिंग से जुड़े उद्योगों ने कुशीनगर में निवेश को लेकर रुचि दिखाई। यहां दो नए टाउनशिप विकसित करने की योजना पर भी चर्चा हुई, जिससे आने वाले समय में शहर के विकास को नई गति मिल सकती है। कॉन्क्लेव में इस बात पर भी जोर दिया गया कि बौद्ध पर्यटन को सिर्फ तीर्थयात्रा तक सीमित न रखकर इसे सांस्कृतिक आदान-प्रदान, स्थानीय कारोबार और सतत विकास से जोड़ा जाए। कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की बेहतर सुविधाओं और कनेक्टिविटी को भी यहां प्रमुखता से पेश किया गय।

# चोरी के गेहूं सहित तीन अभियुक्त गिरफ्तार

veBhA थाने की पुलिस ने आपरेशन चक्रव्यूह चलाकर चोरी के दो बोरी गेहूं सहित तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है बताया जाता है,

पुलिस अधीक्षक अमेठी सरवणन टी. के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे "ऑपरेशन चक्रव्यूह" अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना श्री अतुल कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में दिनांक 02 अप्रैल 2026 को थाना बाजारशुक्ल पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 72/26 धारा 303(2) बीएनएस थाना बाजार शुक्ल जनपद अमेठी में वांछित 03 अभियुक्तों 1.जाने आलम पुत्र जुम्मन निवासी पूरे भरोसी मजरे शेखपुर भड़रा थाना बाजार शुक्ल जनपद अमेठी उम्र करीब 23 वर्ष, 2.चाँद पुत्र ताज मो0 निवासी पूरे मेढी लाल मजरे बदलगढ़ थाना बाजार शुक्ल जनपद अमेठी उम्र करीब 24 वर्ष, 3.मशरूफ पुत्र मंसूर निवासी बदलगढ़ थाना बाजार शुक्ल जनपद अमेठी उम्र करीब 22 वर्ष को गिरफ्तार किया गया । बाजार शुक्ल एस एच ओ विवेक कुमार वर्मा ने बताया कि अभियुक्तों के कब्जे से चोरी की 02 बोरी गेहूँ बरामद हुआ ।

### मुकदमे में वांछित चल रहा व्यक्ति गिरफ्तार

txnh'ki|j veBhA कोतवाली पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है बताया जाता है पुलिस अधीक्षक अमेठी सरवणन टी. के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम शुक्रवार 3अप्रैल 2026 को क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना जगदीशपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 335/25 धारा 191(2), 115(2), 352, 351(3), 324(2), 117(3), 110 बीएनएस थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी में वांछित अभियुक्त रामभवन सिंह पुत्र शोभनाथ सिंह निवासी महमदपुर थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी उम्र 59 वर्ष को गिरफ्तार किया गया।

# किडनी के अवैध कारोबार में राजेश गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** कानपुर में 30 मार्च को पर्दाफाश किए गए किडनी के अवैध कारोबार में संलिप्त ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित एक निजी हॉस्पिटल में ओटी इंचार्ज के पद पर कार्यरत राजेश गिरफ्तार किया गया है। राजेश ने एक महीने पहले ही अस्पताल से इस्तीफा दे दिया था। वह अस्पताल में तीन वर्ष से काम कर रहा था।



बता दें कि कानपुर में लंबे समय से किडनी का अवैध कारोबार चल रहा था। 30 मार्च को कानपुर पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त कार्रवाई में अवैध कारोबार का पर्दाफाश किया गया। इसमें पुलिस की जांच में मेरठ, नोएडा, गाजियाबाद के अलावा अन्य शहरों के अस्पतालों का नाम सामने आए थे। कानपुर पुलिस की ओर से गिरफ्तार किए गए राजेश तीन वर्ष से ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित एक निजी अस्पताल में ओटी इंचार्ज के तौर पर काम कर रहा था। यह मूलरूप से गाजियाबाद का निवासी था।

अस्पताल में सामान्य कर्मचारियों के तरह ही काम करता था, कभी भी अजीब तरह का व्यवहार नहीं दिखा। सूत्रों ने बताया कि वह हर किसी से बिल्कुल सामान्य तरीके पेश आता था और मेहनत से काम करता था। काम को जिम्मेदारी के साथ निर्वाहन करता था, कभी किसी को अस्पताल में इस तरह के कामों में संलिप्त होने का शक ही नहीं हुआ। सभी के साथ मेल-जोल रखता था।

**अस्पताल प्रबंधन ने क्या कहा?:** वहीं, अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि राजेश उनके यहां पर तीन वर्ष से ओटी इंचार्ज पद पर कार्यरत था। एक महीने पहले उसने संस्थान में इस्तीफा दे दिया था और बुधवार को उसका नोटिस पीरियड का अंतिम दिन था। इस तरह के कार्य के बारे में कोई जानकारी नहीं है।

# सोसाइटी में हैंडओवर पर विवाद एओए-बिल्डर आमने-सामने

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट की हिमालय प्राईड सोसाइटी में हैंडओवर प्रक्रिया के दौरान बड़ा विवाद सामने आया है। शुक्रवार को एओए और बिल्डर प्रबंधन के बीच टकराव इतना बढ़ गया कि पुलिस को बुलाना पड़ा और सोसायटी के गेट पर जमकर हंगामा हुआ।

बिसरख कोतवाली क्षेत्र स्थित इस सोसाइटी में एओए ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के दिशानिर्देशों के तहत हैंडओवर प्रक्रिया शुरू की थी। शुरुआत में सब कुछ शांतिपूर्ण था, लेकिन कुछ ही देर बाद स्थिति तनावपूर्ण हो गई। निवासियों और एओए सदस्यों का आरोप है कि बिल्डर प्रबंधन ने हैंडओवर के दौरान अपने पुराने हाउसकीपिंग और सिक्योरिटी कर्मचारियों को दोबारा सोसाइटी में लाने की कोशिश की। एओए का कहना है कि जब सोसाइटी का प्रबंधन उन्हें सौंपा जा रहा है, तो इस तरह का हस्तक्षेप नियमों के खिलाफ है।

इससे हैंडओवर प्रक्रिया प्रभावित हो रही है और भ्रम की स्थिति पैदा हो रही है। इसी बात को लेकर बिल्डर, सोसाइटी के निवासी और एओए के सदस्य आमने-सामने आ गए। मामला बढ़ने पर पुलिस मौके पर पहुंची। हालांकि, निवासियों का आरोप है कि पुलिस ने उनकी बात को गंभीरता से नहीं लिया। कई रेजिडेंट्स का कहना है कि पुलिस की मौजूदगी में ही बिल्डर के लोगों को अंदर लाने की कोशिश की गई, जिससे माहौल और बिगड़ गया। स्थिति बिगड़ते ही बड़ी संख्या में सोसाइटी के निवासी मुख्य गेट पर इकट्ठा हो गए। उन्होंने बिल्डर प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की और अपने अधिकारों की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे निवासियों का कहना है कि वे लंबे समय से हैंडओवर का इंतजार कर रहे थे, लेकिन बिल्डर की ओर से अब भी अड़चनें पैदा की जा रही हैं। निवासियों के अनुसार, सोसाइटी में ।ठ। का चुनाव पहले ही कराया जा चुका है और पूरी कमेटी विधिवत बनाई गई है। इसके बाद प्राधिकरण के निर्देशों के अनुसार ही हैंडओवर प्रक्रिया शुरू की गई थी, ताकि सोसाइटी का संचालन निवासियों के हाथ में आ सके।

## कार की टक्कर से स्कूटी सवार घायल

**नोएडा।** सेक्टर-126 थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार कार की टक्कर से स्कूटी सवार दो लोग घायल हो गए। एक घायल ने अज्ञात चालक के खिलाफ संबंधित थाने में केस दर्ज कराया है। थाने में दी शिकायत में दिल्ली के रोहिणी निवासी संदीप गुप्ता ने बताया कि वह वेल्डिंग का काम करते हैं। वह 11 मार्च को अपने भाई सुधीर को लेकर दोस्त की स्कूटी से नोएडा आए थे। वह नोएडा से दिल्ली जा रहे थे। सेक्टर-128 फुट ओवरब्रिज के पास तेज रफ्तार वाहन ने स्कूटी में टक्कर मार दी। हादसे में संदीप और सुधीर घायल हो गए। पुलिस की मदद से दोनों घायलों को नोएडा के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर की समस्या बरकरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जिले में घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर की किल्लत बरकरार बनी हुई है। उपभोक्ताओं का कहना है कि बुकिंग से लेकर सिलेंडर लेने तक में दिक्कतें आ रही हैं। इससे उपभोक्ताओं को समय पर सिलेंडर की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। जिले में इंडेन गैस, भारत गैस और एचपी गैस की 64 गैस एजेंसियां हैं। इन तीनों एजेंसियों के जिले में करीब 10 लाख एलपीजी के घरेलू उपभोक्ता हैं। वहीं, आठ हजार वाणिज्यिक कनेक्शन के उपभोक्ता हैं। गैस एजेंसियों के अनुसार घरेलू कनेक्शन पर एकल सिलेंडर प्राप्त करने वाले उपभोक्ता न्यूनतम 25 दिनों में बुकिंग करा सकते हैं।



वहीं दो सिलेंडर प्राप्त करने वाले उपभोक्ता न्यूनतम 35 दिनों में बुकिंग करा सकते हैं। इसके अलावा उज्जवला योजना और ग्रामीण एजेंसियों से गैस कनेक्शन प्राप्त करने वाले उपभोक्ता न्यूनतम 45 दिनों में बुकिंग करा सकते हैं। एलपीजी के घरेलू कनेक्शन के अधिकांश ऐसे उपभोक्ता है, जो ऑनलाइन बुकिंग नहीं कर पाते हैं। ऐसे उपभोक्ता गैस एजेंसी पहुंचकर ही बुकिंग कराते हैं। ऐसे में उपभोक्ताओं को पहले एजेंसी पहुंचकर बुकिंग करानी पड़ रही है। इसके लिए उपभोक्ताओं को कतार में लगना पड़ रहा है। गैस सिलेंडर की आपूर्ति के समय भी उपभोक्ताओं को लंबी कतार में लगना पड़ रहा है।चोटपुर के रहने वाले नरेंद्र कुमार ने बताया कि ऑनलाइन बुकिंग करनी नहीं आती है। मेहनत मजदूरी करके परिवार का पालन-पोषण कर रहे हैं। पहले बुकिंग के लिए एजेंसी पर कतार में लगना पड़ता है। फिर गैस लेने के लिए लिए लाइन में लगना पड़ रहा है। इसी तरह अन्य उपभोक्ताओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। वहीं, भंगेल के रहने वाले राहुल शर्मा ने बताया कि उन्हें बुकिंग कराए बहुए दो दिन हो गए। एजेंसी के दो दिन से चक्कर लगाने के बाद भी गैस सिलेंडर नहीं मिल रहा। लगातार तीसरे दिन शुक्रवार को एजेंसी आने पर गैस सिलेंडर मिला है। इस वजह से तीन दिनों तक उनका दैनिक कामकाज पूरी तरह प्रभावित हुआ है।सिलेंडर में कम गैस होने का आरोपउपभोक्ता शेर सिंह ने बताया कि उनका एक सिलेंडर महीने भर चल जाता था। उन्होंने बुकिंग के बाद 12 मार्च को गैस सिलेंडर लिया था। अभी महीनाभर नहीं हुआ है कि सिलेंडर खत्म हो गया। सदरपुर एजेंसी पर गए, लेकिन बुकिंग नहीं हो पा रही है। अब ब्लैक में तीन से चार हजार रुपये में गैस सिलेंडर लेना संभव नहीं है। उपभोक्ता शुभम ने बताया कि जिला आपूर्ति अधिकारी द्वारा भी कोई कार्रवाई होती नजर नहीं आ रही है। इससे एजेंसियों द्वारा गैस सिलेंडर में कम मात्रा में गैस दी जा रही है। एजेंसी प्रबंधकों का मनोबल बढ़ा हुआ है।

## एक नजर

### बुजुर्ग महिला के मकान से जेवरात, नकदी व तीन किलो देसी घी चोरी

**यमुना सिटी ( शाह टाइम्स )।** थाना जेवर क्षेत्र के चौरोली गांव में रहने वाली एक बुजुर्ग महिला की गैरमौजूदगी में बदमाशों ने मकान पर धावा बोलकर लाखों के जेवरात, नकदी तथा तीन किलो देसी घी चोरी कर लिया। इस घटना की रिपोर्ट महिला ने थाने में दर्ज कराई है। थाना पुलिस दर्ज रिपोर्ट के आधार पर चोरों की तलाश कर रही है। थाना जेवर क्षेत्र के चौरोली गांव निवासी संजीव कुमार उर्फ मनोज पुत्र बाबू सिंह ने बताया कि वह वर्तमान में जेवर की शिवपुरम कालोनी में रहता है। चौरोली वाले मकान में उसकी मां रहती हैं। लगभग दो माह से वह अपने बेटे संजीव के साथ रह रही है। संजीव ने बताया कि कुछ दिन पूर्व उसके पैत्रिक घर में घुसकर चोरों ने कमरे का ताला तोड़ा। इसके बाद चोरों ने कमरे में रखी एक आलमारी से लाखों की नकदी और 10 से 11 तोले के सोने के आभूषण और लगभग 500 ग्राम चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। पीड़ित का यह भी आरोप है कि चोर जाते समय घर में रखा तीन किलो देसी घी भी चुरा ले गए। थाना जेवर के प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि इस घटना का शीघ्र खुलासा होगा।

### आवंटित दुकानों को खाली करने का आदेश हाईकोर्ट ने किया निरस्त

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** दादरी के रेलवे रोड पर आवंटित दुकानें खाली कराने के नगर पालिका के नोटिस को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने निरस्त कर दिया। अदालत ने नगर पालिका की कार्रवाई को अनुचित ठहराया। कोर्ट के इस फैसले ने प्रभावित दुकानदारों को बड़ी राहत दी है। जानकारी के अनुसार, भारत-पाकिस्तान विभाजन के दौरान विस्थापित होकर आए पंजाबी परिवार दादरी में बस गए थे। आजीविका के लिए वे रेलवे रोड पर खोखे लगाकर व्यापार करते थे, लेकिन अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान उन्हें बार-बार हटाया जाता था। इसके बाद साल 1990 में नगर पालिका ने उन्हें पक्की दुकानें आवंटित कीं। तभी से करीब 25 दुकानदार इन दुकानों में फल और सब्जी बेचते थे। हाल ही में नगर पालिका परिषद की अधिशासी अधिकारी ने इन 25 दुकानदारों को नोटिस जारी किया था। इसके अनुसार, 1 सितंबर 1990 को 33 वर्षों के लिए दुकानें आवंटित की गई थीं और अब उनकी अवधि समाप्त हो चुकी है। इसलिए दुकानदारों को 15 दिनों के भीतर दुकानें खाली करने के आदेश दिए गए थे। दुकानदारों ने अपने जवाब में कहा कि उन्हें अतिक्रमण हटाने के दौरान पुनर्वास के तहत दुकानें दी गईं थीं और उस समय किसी निश्चित अवधि का उल्लेख नहीं किया गया था।

### आइडिया हैकाथॉन 5.0 के तहत मिला 34 लाख का अनुदान

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** नॉलेज पार्क स्थित आईटीएस इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्रों को एमएसएमई आइडिया हैकाथॉन 5.0 के तहत 34 लाख रुपये का अनुदान मिला है। छात्र ऋत्तिश की शोर एनर्जी स्वच्छ ऊर्जा समाधान पर काम करेगी। हरसत्य सिंह ने प्लास्टिकनिट एक पर्यावरण-अनुकूल पहल, जो समुद्री प्लास्टिक को यार्न में परिवर्तित कर सतत और परिपत्र फुटवियर का निर्माण करती है। सुखमन कौर ने भारतशील्ड भारतीय रक्षा के लिए उच्च-प्रदर्शन वाले टैक्टिकल बूट्स का डिजाइन, जो जलरोधक, हल्के और भारतीय भू-भाग के अनुरूप टिकाऊपन प्रदान करते हैं। निदेशक डॉ. मयंक गर्ग ने कहा कि छात्रों में नवाचार और उद्यमिता को निरंतर समर्थन और पोषण देने के लिए प्रतिबद्ध हैं, ताकि वे समाज के लिए प्रभावशाली समाधान विकसित कर सकें।

## एक हजार करोड़ की परियोजनाओं का होगा लोकार्पण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा की स्थापना के 50 साल होने जा रहे है। 17 अप्रैल को प्राधिकरण स्थापना दिवस मनाएगी। इसके लिए तैयारियों शुरू हो चुकी है। इस बार करीब 1000 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास कराया जाएगा।

प्राधिकरण सीईओ कृष्णा करुणेश ने बताया कि इसमें 450 करोड़ रुपए से ज्यादा की लागत से तैयार प्राधिकरण का नया ऑफिस शामिल है। यहां फिनिशिंग का काम किया जा रहा है। बाकी काम पूरा हो चुका है। जिसका लोकार्पण किया जाएगा। इसके साथ भंगेल एलिवेटेड पर 35 करोड़ की लागत से बनने वाले लूप का शिलान्यास शामिल है। भंगेल एलिवेटेड का औपचारिक लोकार्पण भी कराया जा सकता है। वहीं कई परियोजनाएं पाइप लाइन में है। जिनको रफ्तार देने की बात भी होगी। सीईओ ने बताया कि लोकर्पण के लिए सीएम सर से समय मांगा गया है। उम्मीद है कि वो नोएडा आ सकते है।

**सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे:** कार्यक्रम स्थल का चयन किया जा रहा है। स्थापना दिवस पर नोएडा में कई सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। जिसमें स्कूली बच्चों द्वारा हिस्सा लिया जाएगा। नोएडा की विकास यात्रा को गैलरी के जरिए दिखाया जाएगा। स्टेज से एक डॉक्यूमेंट्री भी दिखाई जाएगी। जिसकी तैयारियां की जा रही है।

## उधार दिए पैसे को वापस मांगा तो युवक को पीटा

**ग्रेटर नोएडा।** दादरी के गांव छोलस में उधार दिए पैसे को जब युवक वापस मांगने गया तो उससे मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित युवक के चचेरे भाई ने चार लोगों के खिलाफ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

प्रभारी निरीक्षक कैलाश नाथ ने बताया कि गांव छोलस निवासी वसीम के चचेरा भाई नजफ ने गांव में ही रहने वाले इमरान को पैसे उधार दिए थे। जब नजफ एक अप्रैल को इमरान से पैसे वापस मांगने गया तो इमरान समेत उसके साथियों अफजल, अब्बास और रहीस ने मारपीट शुरू कर दी और धक्का देकर घर से भगा दिया। पीड़ित को घायलावस्था में उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# सीमा हैदर ने बेटे का नाम भारत रखा

## सिर पर लोटा रखकर कुआं पूजन किया; बोलीं- हिंदू होने पर गर्व

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** पाकिस्तान से भारत आई सीमा हैदर ने अपने बेटे का नाम 'भारत' रखा है। रबूपुरा स्थित घर पर बेटे का नामकरण हुआ। नामकरण संस्कार के पहले सीमा ने जागरण कराया। इसके बाद कुंआ पूजन किया। डीजे की धुन पर नाचती-गाती मोहल्ले की महिलाएं पूजा के लिए निकलीं। घर पर भी संगीत समारोह का आयोजन किया गया। सीमा ने कहा, मेरे बेटे का नामकरण था। घर में जागरण भी कराया। हिंदू धर्म में जब घर में बेटा होता है तो नामकरण किया जाता है। बहुत अच्छा महसूस कर रही हूं। बहुत खुशी का पल है। यह दूसरा कुआं पूजन है, इससे पहले जब मीरा हुई थी, तब कराया था। हिंदू धर्म बहुत खूबसूरत है। उन्हें हिंदू होने पर गर्व है। सीमा हैदर ने कहा, मैं क्रिकेट मैच में भारत को सपोर्ट करती हूं। भारत जब मैच जीतता है तो मुझे खुशी होती है। मैच के दौरान भगवान से प्रार्थना करती हूं कि भारत की ही जीत हो। भारत के लोग बहुत ही अच्छे हैं। वापस पाकिस्तान नहीं जाना चाहती। हर कास्ट के लोग रबूपुरा में रहते हैं। मुझे प्यार करते हैं, सम्मान देते हैं। मुझे अपनी बहू मानते हैं।

दरअसल, गुरुवार को सीमा हैदर के छठवें बच्चे का नामकरण संस्कार हुआ। उन्होंने 18 फरवरी 2026 को नोएडा के एक अस्पताल में बच्चे को जन्म दिया था। इससे पहले एक बेटी को भी जन्म दिया था। सीमा के पाकिस्तानी पूर्व पति से चार बच्चे है। जबकि भारतीय पति सचिन मीणा से 2 बच्चे हैं। सीमा, पाकिस्तान छोड़कर चार साल पहले अपने प्रेमी सचिन के पास आ गई थी। सीमा हैदर ने कहा- पंडित जी ने जब नाम निक. ला तो श्भश अक्षर से आया। हम लोगों ने बहुत देर तक सोच विचार किया। उसका बाद नाम श्भारतश रखा। भारत से सुंदर नाम कोई हो ही नहीं सकता है। पाकिस्तान से भारत आकर मैं बहुत खुश हूं। यहां आकर बहुत अच्छा लगता है। मुझे कभी पाकिस्तान छोड़ने का पछतावा नहीं होता है।

# एक्सप्रेस-वे पर अंडरपास बनाने के लिए डायवर्जन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा विकास प्राधिकरण द्वारा नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे पर चौनेज 6. 10 किमी सेक्टर 108 छोटा अंडरपास पर मेजर अंडरपास के निर्माण कार्य किया जाना प्रस्तावित है। जिसके तहत नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे के समान्तर सर्विस मार्ग पर नोएडा से ग्रेटर नोएडा की ओर जाने पर सेक्टर 82 उतरने वाले कट से 100 मीटर आगे से सेक्टर 82 एक्सप्रेस-वे चढने वाले कट तक तथा ग्रेटर नोएडा से नोएडा जाने वाले सर्विस मार्ग पर सेक्टर 130

सुल्तानपुर कट से सेक्टर 128 की ओर उतरने वाले कट तक सर्विस मार्ग पर यातायात का आवागमन प्रतिबन्धित रहेगा। सेक्टर 108 छोटा अंडरपास का निर्माण कार्य प्रारम्भ होने के कारण आमजन को सुरक्षित एवं सुगम यातायात व्यवस्था उपलब्ध कराए जाने के दृष्टिगत सर्विस मार्ग के यातायात का डायवर्जन किया जायेगा।

नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे से सेक्टर 82 उतरने वाले कट से सेक्टर 108 अंडरपास



का प्रयोग कर सेक्टर 127, 128, 129, 132 की ओर जाने वाले वाहन सेक्टर 108 छोटा अंडरपास से पहले बाये टर्न कर एचएमईएल पेट्रोल पंप के सामने बने सेंट्रल वर्ज कट से यू-टर्न कर डबल सर्विस 45 मीटर मार्ग से जेपी फ्लाईओवर एटीएस विलेज के पास बने लूप से चढकर जेपी फ्लाईओवर होकर अपने गंतव्य की ओर जा सकेगा।

सेक्टर 132, 128, 129 की ओर से आने वाला यातायात सेक्टर 128 चढने वाले कट से चढकर दिल्ली, नोएडा की ओर जाने वाला यातायात बख्तावरपुर गोलचक्कर से डबल सर्विस (45 मीटर) मार्ग होकर सेक्टर 127/126 चढने वाले कट से चढकर नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे होकर गंतव्य की ओर जा सकेगा।

सेक्टर 82, 108, 110 ग्राम गेझा की ओर से आने वाले वाहन सेक्टर 108 छोटा अंडरपास का प्रयोग कर दिल्ली नोएडा की ओर जाने वाला यातायात जेपी फ्लाईओवर का प्रयोग कर नोएडा की ओर उतरने वाले लूप से उतरकर डबल सर्विस (45 मीटर) मार्ग पर बने सेंट्रल वर्ज कट से यू-टर्न कर बाये टर्न कर सेक्टर 130 चढने वाले कट से एक्सप्रेस-वे चढकर गंतव्य की ओर जा सकेगा।

सेक्टर 92, 93 की ओर सर्विस मार्ग से सेक्टर 108 छोटा अंडरपास का प्रयोग कर दिल्ली नोएडा की ओर जाने वाला यातायात पंचशील अंडरपास का प्रयोग कर अपने गंतव्य की ओर जा सकेगा। सेक्टर 108 छोटा अंडरपास से यातायात का आवागमन पूर्णता: प्रतिबन्धित रहेगा। नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे पर यातायात का आवागमन सुचारू रूप से पूर्व की तरह चलता रहेगा।

## रक्षा मंत्रालय के पूर्व अधिकारी पर कुत्ते ने किया अटैक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में आवारा कुत्ते ने रक्षा मंत्रालय के पूर्व अधिकारी पर अटैक कर दिया। कुत्ते ने उनके शरीर पर 13 जगहों पर काटा। पत्नी के शोर मचाने पर लोग इकट्ठा हुए और कुत्ते को किसी तरह भगाया जा सका। इलाज के लिए उन्हें ग्रेटर नोएडा के एक यथार्थ अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पूरी घटना जेवर थाना क्षेत्र के अजनारा पना. रमा सोसाइटी में शुक्रवार को हुई।

यमुना विकास प्राधिकरण क्षेत्र की अजनारा पनोरमा सोसाइटी में रहने वाले डॉ. दीर्घ नारायण 1977 बैच के सिविल सेवा अधिकारी रहे हैं। उन्होंने लगभग 27 वर्षों तक रक्षा मंत्रालय में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवाएं दी हैं। डॉ. दीर्घ नारायण करीब 2 महीने से अपनी पत्नी के साथ अजनारा पनोरमा सोसाइटी में रह रहे हैं। डॉ. नारायण ने बताया- शुक्रवार को मैं अपनी पत्नी के साथ सोसाइटी परिसर में टहल रहा था। तभी अचानक एक आवारा कुत्ते ने मुझ पर हमला कर दिया। मैंने बचने की कोशिश की, लेकिन कुत्ता लगातार मुझे काटता रहा। मेरी पत्नी ने कुत्ते को भगाने की कोशिश की, लेकिन वह नहीं भागा। पत्नी के शोर मचाने पर लोग इकट्ठा हुए और कुत्ते को किसी तरह भगाया।

गंभीर रूप से घायल डॉ. नारायण को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया। परिजनों और सोसाइटी निवासियों ने दनकौर पुलिस से शिकायत दर्ज कराकर कार्रवाई की मांग की है।

# जेवर में 1.86 करोड़ के विकास कार्य शुरू

**नोएडा एयरपोर्ट के बाद बुनियादी सुविधाओं का विस्तार**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** नोएडा अंत. रराष्ट्रीय एयरपोर्ट के उद्घाटन के बाद जेवर क्षेत्र में विकास कार्यों में तेजी आई है। इसी क्रम में शुक्रवार को जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने कई गांवों में लगभग 1 करोड़ 86 लाख रुपये की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का शुभारंभ किया।

ये कार्य ग्राम रामपुर बांगर, सिरसा माचीपुर, बल्लभनगर उर्फ करौंल और डुढ़ेरा में शुरू किए गए हैं। इनमें मुख्य रूप से सड़क निर्माण, नाली निर्माण और जल निकासी से संबंधित परियोजनाएं शामिल हैं। इन योजनाओं से ग्रामीणों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं मिलेंगी। इस अवसर पर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में जेवर क्षेत्र में व्यापक विकास हुआ है। नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के निर्माण से क्षेत्र की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी, जिससे रोजगार और निवेश के नए अवसर पैदा होंगे। उन्होंने बताया कि प्रदेश और केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। एयरपोर्ट के कारण जेवर अब वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बना रहा है। विकास कार्यों के शुभारंभ के बाद विधायक खंड विकास कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने आम लोगों की समस्याएं सुनीं, जिनमें बिजली और जल निकासी से संबंधित मुद्दे प्रमुख थे। विधायक ने संबंधित अधिकारियों को इन समस्याओं का शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए।

## नाबालिग किशोरी अपहरण मामले में मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र से 13 वर्षीय नाबालिग किशोरी के अपहरण मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को शुक्रवार को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस इस घटना में शामिल दो अन्य फरार आरो. पियों की तलाश कर रही है।

पीड़ित परिवार के अनुसार, बीते मंगलवार को उनकी नाबा. लिग बेटी को रबूपुरा कोतवाली के रौनिजा गांव निवासी सुमित नामक युवक अपने दो साथियों के साथ बहला-फुसलाकर अगवा कर ले गया था। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार ने दनकौर कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई, जिसके आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों की निशानदेही पर किशोरी को झांसी से सकुशल बरामद कर लिया। इस दौरान मुख्य आरोपी सुमित को गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि उसके दोनों साथी मौके से फरार हो गए। पुलिस फरार आरोपियों की तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपी सुमित के खिलाफ अपहरण समेत संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

# नोएडा के आठ नालों पर बनेंगे एसटीपी

## पांच के लिए किया जा रहा कंपनी का चयन, 18 महीने में काम होगा पूरा; दो करोड़ प्रति प्लांट खर्च

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा में नालों और नदियों को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए नोएडा प्राधिकरण ने बड़ा कदम उठाते हुए आठ नए सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) बनाने का निर्णय लिया है। जिसमें से पांच नालों पर एसटीपी प्लांट लगाने के लिए कंपनियों को आमंत्रित किया गया है। कंपनी का चयन होने के साथ एसटीपी प्लांट लगाने का काम शुरू कर दिया जाएगा।

यह फैसला नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के फरवरी 2020 के उस आदेश के बाद लिया गया है, जिसमें नालों में गिरने वाले सीवेज के उपचार को अनिवार्य बताया गया था। प्राधिकरण के




अनुसार, इन एसटीपी के जरिए नालों में जाने वाले गंदे पानी को ट्रीट कर पुन: उपयोग में लाया जाएगा, जिससे यमुना नदी और हिंडन नदी में प्रदूषण कम होगा और भूजल संरक्षण में भी मदद मिलेगी। ये एसटीपी नालों में जहां से गंदगी गिरती है वहां लगाए जाएंगे।

**पहले फेज में इन नालों को चुना गया:** पहले चरण में मोरना, सेक्टर-34, 25, 91, 105, 108, एमिटी यूनिवर्सिटी के पास, हरौला और सेक्टर-62 के नालों पर एसटीपी स्थापित किए जाएंगे। जरूरत पड़ने पर आगे अन्य नालों को भी इस योजना में शामिल किया जाएगा। इन प्लांट्स की क्षमता करीब 8 एमएलडी (मिलियन लीटर प्रतिदिन) होगी और प्रति प्लांट लगभग 2 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है।

परियोजना की विस्तृत रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने के लिए नेशनल एनवायरनमेंटल रिसर्च इंस्टीट्यूट (नेरी) को नियुक्त किया गया था। इसकी रिपोर्ट के अनुसार की आगे की काम किया जा रहा है। रिपोर्ट के आधार पर टेंडर जारी कर निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।

**18 महीने में काम हो जाएगा पूरा:** इसके साथ ही, पांच नालों पर एसटीपी प्लांट लगाने के लिए प्राधिकरण ने एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट भी जारी कर दी है। अधिकारियों के मुताबिक, कंपनी का चयन होते ही इन परियोजनाओं पर काम शुरू कर दिया जाएगा।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email : parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# दाह संस्कार करने आए एक ही परिवार के चार लोग गंगा में डूबे

- हस्तिनापुर थाना क्षेत्र के मखदूमपुर गंगा घाट का मामला
- इंचौली थाना क्षेत्र के जलालपुर गांव के रहने वाले हैं







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना/हस्तिनापुर।** मखदूमपुर गंगा घाट पर शव का दाह संस्कार करने आए एक परिवार पर कहर टूट गया। दाह संस्कार के बाद गंगा नदी में नहाने के दौरान एक ही परिवार के दो सगे भाइयों व दो किशोर सहित कुल चार लोग नदी में डूब गए। सभी इंचौली थाना क्षेत्र के जलालपुर गांव के रहने वाले थे। डूबे लोगों की तलाश के लिए पुलिस ने पीएसी के गोताखोर बुलाए। एसएसपी मेरठ के अलावा कई पुलिस-प्रशासनिक अफसर घाट पर पहुंचे और उनकी तलाश कराई, लेकिन घंटों बाद भी गोताखोरों को कोई सफलता नहीं मिली।

इंचौली थाना क्षेत्र के जलालपुर गांव में कमल सिंह व सोनू पुत्रगण बाबू का परिवार रहता है। कमल व सोनू की 102 वर्षीय मौसी भगवती का देहांत हो गया था। मौसी के दाह संस्कार के लिए पूरा परिवार व गांव के कुछ लोग शुक्रवार दोपहर मखदूमपुर गंगा घाट पर पहुंचे थे। दाह संस्कार के बाद उनके परिवार के कुछ लोग गंगा नदी में नहा रहे थे। नहाने के दौरान कमल के दो बेटे अभिषेक (21) व हिमांशू (17) और सोनू के दो पुत्र दीपांशू (15) व प्रयांशू (17) डूब गए। परिजनों ने उन्हें बचाने की कोशिश की, लेकिन वे गंगा की तेज धार में बह गए। इससे मौके पर मौजूद परिवार के लोगों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची हस्तिनापुर पुलिस ने तुरंत स्थानीय गोताखोरों को बुलाकर उनकी तलाश कराई। उसके बाद पीएसी के गोतोखोर बोट लेकर पहुंचे और घंटों उनकी तलाश की गई, लेकिन किसी का पता नहीं चल पाया। सूचना पर एसएसपी मेरठ अविनाश पांडेय, एसपी देहात अभिजीत कुमार, एसडीएम संतोष सिंह आदि मौके पर पहुंचे और डूबे लोगों की तलाश कराई। देर रात तक उनमें से किसी का पता नहीं चल पाया था।

## मंदिर में चोरी करने वाले को कोर्ट में पेशी के बाद भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** नगर के मोहल्ला माता वाला के गोपेश्वर मंदिर से गुरुवार को छतर व दीपक चोरी हो गया जिसे लोगों ने मौके पर सामान सहित पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपी को न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष सुदीश सिंह सिरोही ने बताया कि नगर के मोहल्ला माता वाला में गोपेश्वर मंदिर से छतर व 5 दीपक पीतल के चोरी करते हुए लोगों ने एक युवक को चोरी का सामान सहित पकड़ लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम रुस्तम उर्फ सोनू पुत्र शमसुद्दीन निवासी बनारस हाल पता मोहित पुत्र विनोद मोहल्ला माता वाला कस्बा व थाना परीक्षितगढ़ बताया जो नाम बदलकर नगर में रह रहा था जिसे लोगों ने सामान सहित पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया था। आरोपी को कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया है।

## सीवीपीएस इंटीग्रेटेड स्टार कोर्स के मॉड्यूल्स लॉन्च



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कैंट स्थित सर्कुलर रोड पर सीवीपीएस द्वारा इंटीग्रेटेड स्टार कोर्स (संस्करण-द्वितीय) के अंतर्गत कक्षा 8 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए तैयार किए गए नए शैक्षणिक मॉड्यूल्स का भव्य विमोचन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विद्यालय की चेयरपर्सन डॉ. सरोजिनी अग्रवाल रहीं, जिन्होंने विधिवत रूप से मॉड्यूल्स का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विद्यालय की डायरेक्टर डॉ. हिमानी अग्रवाल, प्रधानाचार्य एन.पी. सिंह, उप-प्रधानाचार्या, शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के उत्साह और जिज्ञासा का विशेष माहौल देखने को मिला। इंटीग्रेटेड स्टार कोर्स के सीईओ डॉ. आर्यन अग्रवाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि ये मॉड्यूल्स जेईई, नीट एवं ओलंपियाड जैसी प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं को ध्यान में रखकर सरल एवं स्पष्ट भाषा में तैयार किए गए हैं, जिससे छात्रों के मूलभूत कॉन्सेप्ट मजबूत होंगे। मुख्य अतिथि डॉ. सरोजिनी अग्रवाल ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह प्रयास विद्यार्थियों को शैक्षणिक उत्कृष्टता की ओर अग्रसर करेगा।

# पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह पर अभद्र टिप्पणी के विरोध में मौन व्रत, कार्रवाई की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**


**मेरठ।** किसान-मजदूरों के मसीहा एवं भारत रत्न चौधरी चरण सिंह पर एक व्यक्ति द्वारा की गई कथित अभद्र टिप्पणी के विरोध में स्थानीय पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं में भारी रोष देखने को मिला। इस दौरान सभी ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए इसे दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय बताया।

कार्यकर्ताओं ने चौधरी साहब की प्रतिमा की साफ-सफाई कर दूध से अभिषेक किया और माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद एक घंटे का मौन व्रत रखकर उनकी पुण्य आत्मा से क्षमा याचना की गई। वक्ताओं ने कहा कि इस आपत्तिजनक टिप्पणी से देश का किसान और मजदूर वर्ग गहराई से आहत हुआ है।

राष्ट्रीय सचिव प्रतीक जैन ने कहा कि चौधरी साहब किसानों और मजदूरों के सच्चे हितैषी थे और उनके सम्मान के लिए कार्यकर्ता हर बलिदान देने को तैयार हैं। महानगर अध्यक्ष नईम सागर ने कहा कि देश के महापुरुष के खिलाफ एक शब्द भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

कार्यक्रम में राजू पार्षद, राज. कुमार, मोबीन कुरैशी, फुरकान अल्वी, नफीस सैफी, हर्ष सैनी, संदीप गुप्ता, भूपेंद्र सिंह, शादाब महीगीर, राजा खान सहित अन्य लोग मौजूद रहे। सभी ने प्रशासन से मांग की कि दोषियों के खिलाफ जल्द से जल्द सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।

## बाबा साहब डॉ. भीम राव आंबेडकर की जयंती पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा करेंगे मुकेश सिद्धार्थ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** 2 अप्रैल के दलित आंदोलन में शहीद होने वाले लोगों के लिए मेरठ के भगवतपुर में आयोजित हुई श्रद्धांजलि सभा में बोलते हुए समाजवादी पार्टी के पूर्व मंत्री मुकेश सिद्धार्थ ने कहा कि वह बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती पर बाबा साहेब भीमराव के अनुयायियों पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा करेंगे। यह कार्यक्रम बाबा साहब डॉ. भीम राव आंबेडकर जन्मोत्सव समारोह समिति के कोषाध्यक्ष वरुण जाटव के नेतृत्व में किया गया। और इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप पूर्व मंत्री मुकेश सिद्धार्थ शामिल हुए थे।

2 अप्रैल के कार्यक्रम में बोलते हुए दलित समाज के लोगों ने कहा कि एससी एसटी एक्ट में हुए संशोधन के खिलाफ दलित समाज ने बड़ा आंदोलन किया था और इस आंदोलन में दलित समाज के कई वीरों ने अपनी शहादत दी थी इस दौरान वीर नौजवानों के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर उन्हें श्रद्धांजलि भी अर्पित की गई इसके पश्चात मुकेश सिद्धार्थ कहा कि बाबा साहब डॉ. भीम राव आंबेडकर के आगामी 14 अप्रैल जन्मोत्सव समारोह के पर हुई चर्चा के दौरान अगर प्रशासन प्रमोद खड़ौली के नेतृत्व में जयंती समारोह की परमिशन देता है, तब पूर्व की भांति बाबा साहब डॉ. भीम राव आंबेडकर के जन्मोत्सव समारोह में हेलिकॉप्टर से पुष्प वर्षा की जाएगी। पूर्व में भी मुकेश सिद्धार्थ के नेतृत्व में आयोजित बाबा साहब डॉ. भीम राव आंबेडकर की जयंती पर विमान से शहर भर में पुष्प वर्षा की गई थी। कोषाध्यक्ष वरुण जाटव ने कहा कि इस बार की जयंती बहुत ज्यादा भव्य होगी। जिसको लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं।

# संजीव बालियान के खिलाफ खुलकर बोले जिला पंचायत अध्यक्ष गौरव चौधरी

### कहा मोदी जी और योगी जी के खिलाफ बोलने वाले का कर देंगे इलाज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** 29 मार्च को मेरठ के सकौती में महाराजा सूरजमल की प्रतिमा अनावरण को लेकर जाट सांसद का कार्यक्रम आयोजित हुआ था जिसमें महाराजा सूरजमल की प्रतिमा के नीचे से जाट शब्द हटाया गया जिसके बाद से मामले में तूल पकड़ा। मंच से हरियाणा के बड़े नेता हनुमान बेनीवाल ने कहा कि महाराजा सूरजमल जी के नाम से जाट शब्द हटाया गया है जो सही नहीं है उन्होंने मंच से ही पूर्व केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान से कहा कि वह योगी जी से बात करें और अगर जाट शब्द दोबारा नहीं लिखा गया तो उत्तर प्रदेश से योगी को हटवा देंगे। वहीं पंजाब के सीएम भगवत मान भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बारे में बात करते हुए सबको हसाया। उन्होंने इसरो को लेकर मोदी जी पर कटाक्ष किया इसके बाद अब मेरठ जिला पंचायत के अध्यक्ष गौरव चौधरी ने संजीव बालियान के खिलाफ खुलकर बोला है मंच पर मोदी और योगी को लेकर जो बात हुई उसका ठीकरा जिला पंचायत अध्यक्ष ने संजीव बालियान पर फोड़ा है। उन्होंने कहा कि संजीव बालियान कोई हाऊ नहीं है जो खा जाएंगे। मेरठ की धरती से मोदी जी और योगी जी के खिलाफ एक शब्द नहीं सुनेंगे और जो भी उनके खिलाफ बोलेगा उसका इलाज कर देंगे। जिला पंचायत अध्यक्ष के बोल भाजपा में चल रही अंतर कलह को साफ दिखा रहे हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष गौरव चौधरी इन दिनों टिकट की दौड़ में भी है और जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आ रहा है वह भी बयान बाजी में खुद को आगे रखने के अभियान में कूद गए हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष गौरव चौधरी ने जिस तरीके से भाजपा के बड़े नेता के खिलाफ बोला है उससे एक बात साफ हो गई है कि भाजपा में संजीव बालियान की हैसियत और ताकत को कम करने की तैयारी शुरू हो चुकी है। पूर्व केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान को लेकर जिला पंचायत अध्यक्ष का बयान बहुत कुछ इशारा कर रहा है। साथ ही साथ अब 2027 को लेकर भी अब खेल शुरू हो गया है। अब नेताओं के मुंह से निकलने वाले बयान किसी को फूल नजर आएंगे तो किसी को तलवार की तरह काटते हुए दिखाई देंगे। फिलहाल जिला पंचायत अध्यक्ष के सामने आकर पूर्व केंद्रीय मंत्री के खिलाफ बयानबाजी की है अब देखना यह है कि आने वाले समय में जिला पंचायत अध्यक्ष गौरव चौधरी के द्वारा दिए गए बयान पूर्व केंद्रीय मंत्री किस तरह देखते हैं। साथ ही साथ जाट समाज के लोगों का कहना है कि महाराजा सूरजमल की प्रतिमा के नीचे से जाट शब्द हटाना पश्चिम उत्तर प्रदेश के जाट समाज पर के मुंह पर एक तमाचा है। पश्चिम उत्तर प्रदेश में जाट समाज ताकतवर स्थिति में है और भाजपा को बड़ा मजबूत बनाता है लेकिन उसके बावजूद जाट शब्द सें नफरत यह बता रही है की जात सिर्फ राजनीति में सत्ता हासिल करने के लिए ही भाजपा को प्यारा लगता है।

वहीं जाट समाज के लोगों ने साफ कह दिया है कि जो लोग महाराजा सूरजमल जी के नाम से जाट शब्द हटाने के बाद चुप है ऐसे लोग समाज के वफादार नहीं हो सकते।

## केमिस्ट एसोसिएशन की बैठक में 'एक साल्ट अलग एमआरपी' मुद्दे पर धन्यवाद प्रस्ताव




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जिला मेरठ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन की बैठक खैर नगर स्थित महामंत्री कार्यालय पर आयोजित हुई। बैठक में सांसद डॉ. लक्ष्मीकांत बाजपेई द्वारा संसद में 'एक ही साल्ट की दवाओं पर अलग-अलग एमआरपी' का मुद्दा उठाने पर धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया गया। अध्यक्षता देवेंद्र भसीन व संचालन महामंत्री रजनीश कौशल ने किया। महामंत्री कौशल ने बताया कि संगठन लंबे समय से इस समस्या को उठाता रहा है और प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को ज्ञापन भी भेजे गए हैं। उन्होंने कहा कि दवाओं पर साल्ट का उल्लेख अनिवार्य होने से मरीजों को सस्ती दवा मिल सकेगी।

बैठक में FSSAI के खाद्य लाइसेंस की सीमा 12.50 लाख से बढ़ाकर 1.5 करोड़ किए जाने पर सरकार का आभार जताया गया। साथ ही एपीआई कच्चे माल की बढ़ती कीमतों पर चिंता व्यक्त की गई। खैर नगर में पुलिस पिकेट स्थापित कराने पर एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह का भी धन्यवाद दिया गया। बैठक में मोइनुद्दीन गुड्डू, सुनील अग्रवाल, राजीव ग्रोवर सहित कई सदस्य मौजूद रहे।

# सुभारती विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय मीडिया संगोष्ठी का आयोजन

### मीडिया, सामाजिक उत्तरदायित्व और सतत विकास पर मंथन, कुलपति व सीईओ ने दिया मूल्यनिष्ठ पत्रकारिता का संदेश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के गणेश शंकर विद्यार्थी सुभारती पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग द्वारा 'मीडिया, सामाजिक उत्तरदायित्व और सतत विकास: एक बहुआयामी दृष्टिकोण' विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन विश्वविद्यालय परिसर स्थित सत्यजीत रे सभागार में किया गया। इस महत्वपूर्ण आयोजन में देशभर के शिक्षाविदों, मीडिया विशेषज्ञों और विद्यार्थियों ने भाग लेकर समसामयिक मीडिया परिदृश्य पर गहन विचार-विमर्श किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) पी. के. शर्मा, मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी की उपाध्यक्ष विभा सिंह, विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ फिल्ममेकर व शिक्षाविद् अमलान कुसुम घोष, वरिष्ठ पत्रकार व साहित्यकार जयंती रंगनाथन, आबिद रजा, प्रो. (डॉ.) अजिताभ दास, भारत एक्सप्रेस राष्ट्रीय समाचार चैनल के एंकर सूर्य त्रिपाठी तथा शहीद मंग पांडेय गवर्नमेंट गर्ल्स पीजी कॉलेज की प्रोफ़ेसर कैप्टन (डॉ.) लता कुमार की गरिमामयी उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि विभा सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि मीडिया समाज में जागरूकता फैलाने का एक सशक्त माध्यम है और यह सामाजिक उत्तरदायित्व तथा सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वहीं वरिष्ठ पत्रकार जयंती रंगनाथन ने पत्रकारिता में सत्यनिष्ठा और निष्पक्षता को सबसे बड़ी शक्ति बताते हुए विद्यार्थियों को निर्भीक और जिम्मेदार पत्रकार बनने की प्रेरणा दी। उत्तर प्रदेश विधान सभा, लखनऊ के संपादक आबिद रजा ने डिजिटल युग में मीडिया के बदलते स्वरूप पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज के समय में तथ्यात्मकता और जिम्मेदार रिपोर्टिंग पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) प्रमोद कुमार शर्मा ने अपने संदेश में कहा कि मीडिया केवल सूचना का माध्यम नहीं, बल्कि समाज को दिशा देने वाली एक सशक्त शक्ति है। आज आवश्यकता है कि पत्रकारिता सत्य, संवेदनशीलता और सामाजिक उत्तरदायित्व के साथ आगे बढ़े।

विश्वविद्यालय की मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रो. (डॉ.) श्लया राज ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि इस प्रकार की राष्ट्रीय संगोष्ठियां विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास के साथ-साथ उन्हें सामाजिक सरोकारों के प्रति जागरूक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। मीडिया के क्षेत्र में कार्यरत युवाओं को चाहिए कि वे सकारात्मक सोच, नैतिक मूल्यों और सतत विकास के दृष्टिकोण को अपनी कार्यशैली का अभिन्न हिस्सा बनाएं।

**यह रहे मौजूद:** इस अवसर पर प्रो. अशोक त्यागी, डॉ. संतोष कुमार गौतम, डॉ. आशुतोष वर्मा, राम प्रकाश तिवारी, शैली शर्मा, तरुण जैन, गुंजेश ओझा, डॉ. भंते चंद्रकीर्ति, डॉ. प्रवीण कुमार, डॉ. एस.सी. तिवारी, डॉ. रीना विश्नोई, डॉ. ज्योति गौर, डॉ. अमृता चौधरी, डॉ. दिनेश कुमार, डॉ. किरण, डॉ. स्वाती शर्मा, डॉ. सारिका अभय सहित विभिन्न विभागों के शिक्षक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# हाइवे पर ट्रक खराब होने से लगा जाम



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** हाईवे पर गढ़ दिशा में ट्रक खराब होने के कारण ब्रजघाट में मुरादाबाद से दिल्ली जाने वाली दिशा में करीब एक घण्टे तक जाम लगा रहा। जाम के कारण वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। मौके पर पहुंची पुलिस ने खराब ट्रक को क्रेन के माध्यम से साइड में करवा कर यातायात चालू कराया, तब जाकर जाम में फंसे लोगों को राहत मिली।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार की सुबह करीब 11:00 बजे गढ़ क्षेत्र में हाइवे पर मुरादाबाद से दिल्ली को जाने वाली साइड में एक ट्रक खराब हो गया। ट्रक खराब होने के बाद यातायात अवरुद्ध होने लगा और देखते ही देखते जाम की स्थिति बन गई। कुछ ही मिनट में हाईवे पर वाहनों की लंबी कतारें नजर आने लगीं। कुछ ही देर में जाम में फंसे वाहनों में सवार लोगों का गर्मी के कारण हाल बेहाल होने लगा। गढ़ क्षेत्र की पुलिस के साथ साथ ब्रजघाट चौकी की पुलिस भी जाम खुलवाने में जुट गई। करीब एक घण्टे के प्रयास के बाद पुलिस को क्रेन के माध्यम से खराब ट्रक हटवाने में सफलता मिली, जिसके बाद धीरे धीरे वाहनों को आगे बढ़ाकर जाम खुलवाया गया। जाम खुलने के बाद ही लोगों को राहत मिली। ब्रजघाट चौकी इंचार्ज सुधीर कुमार ने बताया कि शुक्रवार की सुबह करीब 11:00 बजे गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र में ट्रक खराब होने के कारण जाम लग गया था। पुलिस ने प्रयास करके जल्द ही जाम पर काबू पाया और यातायात व्यवस्था दुरुस्त की।

# 20 फीट नीचे खेत में गिरी कार

## हरियाणा से उत्तराखंड जा रहे थे यात्री, सात घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** समीपवर्ती ग्राम मानियावाला स्थित बनैली नदी पुल के तटबंध मोड़ पर एक कार अनियंत्रित होकर लगभग 20 फीट नीचे खेत में गिरकर पलट गई, जिसमें बैठे चालक सहित सभी यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी अफजलगढ़ भर्ती कराया गया।

हरियाणा प्रदेश के जनपद रोहतक से रामनगर (उत्तराखंड) जा रही एक अर्टिका कार आज प्रातः मानियावाला स्थित बनैली नदी पुल के तटबंध के तीव्र मोड़ पर अनियंत्रित होकर लगभग 20 फीट नीचे खेत में जाकर पलट गई। कार को सोनू (32 वर्ष) पुत्र रामकुमार निवासी ग्राम चरणवास थाना कलानौर जनपद हिसार (हरियाणा) चल रहा था।

कार में खेमचंद (40 वर्ष) पुत्र श्रीराम, जगदीश (40 वर्ष) पुत्र धनीराम, योगेश (17 वर्ष) पुत्र प्रेम प्रकाश, दयाल (55 वर्ष) पुत्र श्रीराम, गिरधारी (50 वर्ष) पुत्र धर्मराज, आनंद (52 वर्ष) पुत्र धनीराम निवासी ग्राम मिताल घाट जनपद नैनीताल (उत्तराखंड) सवार थे। यात्रियों के मुताबिक मोड़ तीव्र होने के कारण चालक कर पर नियंत्रण नहीं रख सका और कार अनियंत्रित होकर 20 फीट नीचे खेतों में जाकर पलट गई। कार में सवार सभी यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। घटनास्थल पर पहुंचकर ग्रामीणों ने राहत कार्य कर सभी यात्रियों को कार से बाहर निकाला तथा 108 एंबुलेंस को सूचना देकर घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अफजलगढ़ भर्ती कराया। जहां गंभीर अवस्था देखते हुए चालक सोनू को चिकित्सक द्वारा हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। यात्री खेमचंद के मुताबिक उन्होंने हिसार के एक होटल द्वारा कार बुक किया था, जबकि कार में हरियाणा सरकार की एक पट्टिका लगी हुई थी। सूचना मिलने पर विवेकानंद चौकी प्रभारी मनवीर सिंह व मुख्य आरक्षी प्रशांत कुमार ने घटनास्थल पर पहुंचकर किसान मौहम्मद असलम सिद्दीकी के ट्रैक्टर द्वारा कार को सीधा कर खेत से बाहर निकालकर पुलिस चौकी पर खड़ा कर दिया। कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। खेत स्वामी मौहम्मद फारूक की गेहूं की फसल बर्बाद हो गई, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा।

## अभय प्रताप का जोरदार स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** ग्राम मटौरा दुर्गा निवासी अभय प्रताप सिंह ने उ.प्र. लोक सेवा आयोग (यूपीपीसीएस) की प्रतिष्ठित परीक्षा में प्रदेश भर में तीसरी रैंक हासिल करने पर इस उपलब्धि पर गांव में उनका जोरदार स्वागत किया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार अभय प्रताप सिंह की इस सफलता का जश्न मनाने के लिए उनके आवास पर भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों का जमावड़ा लगा रहा। इस दौरान कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ब्लॉक प्रमुख नहटौर राकेश चौधरी, भाजपा किसान मोर्चा के जिला महामंत्री शोभित त्यागी और भाजपा भटियाना मंडल अध्यक्ष हिमांशु पाराशर के अलावा नहटौर के प्रतिष्ठित व्यापारी काके जैन शामिल थे। इन अतिथियों ने अभय प्रताप सिंह को अंग वस्त्र पहनाकर और पुष्प गुच्छ भेंट कर उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। ब्लॉक प्रमुख राकेश चौधरी ने कहा कि अभय प्रताप ने न केवल अपने गांव और जनपद का नाम रोशन किया है, बल्कि प्रदेश स्तर पर तीसरा स्थान प्राप्त कर यह साबित किया है कि दृढ़ संकल्प और कठिन परिश्रम से कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने अभय को क्षेत्र के युवाओं के लिए एक बड़ा प्रेरणास्रोत बताया। नेताओं ने अभय के माता-पिता और परिवारजनों को भी इस ऐतिहासिक सफलता के लिए बधाई दी।

## आग से बचाव के प्रति जागरुक किया



**नहटौर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में अग्निशमन दल ने छात्रों को आग से बचाव और सुरक्षा के प्रति जागरुक किया। धामपुर से आए अग्निशमन निरीक्षक दीपक चौधरी ने विद्यार्थियों को आग लगने की स्थिति में बरती जाने वाली सावधानियों और बचाव के तरीकों की जानकारी दी। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को रसोई घर के गैस सिलेंडर में आग लगने या अन्य स्थानों पर लगने वाली आग से निपटने के लिए तैयार करना था। निरीक्षक चौधरी ने विभिन्न प्रकार की आग पर नियंत्रण पाने के व्यावहारिक तरीके बताए। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आग लगने पर घबराना नहीं चाहिए। यदि आग गैस सिलेंडर में लगी हो, तो उसे अग्निशमन यंत्र (फायर एक्सटिंग्विशर), गीले कपड़े या पानी के तेज बहाव से नियंत्रित किया जा सकता है। इसके साथ ही, उन्होंने 112 नंबर डायल कर तुरंत अग्निशमन दल को सूचित करने की सलाह दी। ऐसा करने से आग से होने वाली जान-माल की हानि को कम किया जा सकता है और उसे फैलने से रोका जा सकता है। इस मौके पर कक्षा छह से कक्षा 12 तक के विद्यार्थी, सभी शिक्षक और प्रधानाचार्य मौजूद रहे।

# जनगणना तैयारियों पर बैठक

## जिलाधिकारी जसजीत कौर ने अधिकारियों को दिए निर्देश



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** डीएम जसजीत कौर की अध्यक्षता कलेक्ट्रेट सभागार में जनगणना से संबंधित बैठक का आयोजन किया गया। इस मौके पर एडीएम वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट स्मृति मिश्रा, उपनिदेशक कृषि डा. घनश्याम सिंह, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी धर्मवीर सिंह, सभी तहसीलदार बीडीओ एवं अधिशासी अधिकारी नगर निकाय मौजूद थे।

डीएम जसजीत कौर ने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि जनगणना के अंतर्गत जो एचएलबी बनाए गए हैं, उनकी आबादी का मुआयना कर लें और कोई भी एचएलबी मानक से अधिक आबादी पर नहीं बननी चाहिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जा चुकी है, उनका जियो टैग कार्य पूर्ण कर, पोर्टल पर उनकी मैपिंग करना भी सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जिन स्थानों पर कर्मचारियों की संख्या कम है, दूसरे स्थान से उनकी कमी को पूरा करें और जो सूचनाएं जिले में प्रेषित की जा रही है, उन्हें निर्धारित फॉर्मेट्स पर पूर्ण सूचनाओं के साथ भेजें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि एचएलबी पर जो भी बैच बनाया जाए, आवश्यकता के अनुसार उन पर एक नोडल अधिकारी भी नियुक्त करें और ट्रेनिंग की गुणवत्ता की निगरानी भी करना सुनिश्चित करें ताकि कार्य के दौरान में किसी भी प्रकार की असु. विधा न होने पाए। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि अध्यापकों एवं महिला कर्मचारियों की जनगणना में ड्यूटी उन्हीं के कार्य क्षेत्र के आसपास लगाई जाए। उन्होंने बताया कि प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों की 31 मार्च तक नियुक्ति की जा चुकी है। सीएमएस पोर्टल पर प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों के लिए पांच अप्रैल, 2026 को यूजर आईडी, उनके प्रशिक्षण के लिए सीएमएस पोर्टल पर बैच बनाना तथा प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को एचएलबी का आवंटन किया जाएगा।

# घटिया सामग्री से बना नाला चैनल टूटा

## ठेकेदार की कार्यशैली पर उठे सवाल, मरम्मत न होने पर हादसों का खतरा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** मौहल्ला शेखान में नगर पालिका द्वारा ठेकेदार के माध्यम से कराया गया नाला चैनल निर्माण कार्य अब विवादों में आ गया है।

नागरिकों का आरोप है कि निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का प्रयोग किए जाने के कारण चैनल मात्र दो महीने में ही क्षतिग्रस्त हो गया। मौहल्ले वालों के अनुसार चैनल टूटे हुए करीब डेढ़ से दो माह का समय बीत चुका है, लेकिन अब तक उसकी मरम्मत नहीं कराई गई है। टूटा हुआ चैनल सड़क पर खुला पड़ा होने से आए दिन दोपहिया वाहन चालक उसमें गिरकर घायल हो रहे हैं। वहीं ई-रिक्शा चालक और छोटे वाहन भी उसमें फंसकर क्षतिग्रस्त हो रहे हैं। जिससे नागरिकों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य में मानकों की अनदेखी करते हुए घटिया सामग्री लगाई गई है। नागरिकों का आरोप है कि निर्माण के दौरान गुणवत्ता नियंत्रण पर ध्यान नहीं दिया गया और जल्दबाजी में कार्य पूरा कर दिया गया। जिसका परिणाम अब नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है। नागरिकों ने बताया कि कई बार संबंधित अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। रात के समय टूटा हुआ चैनल राहगीरों के लिए और अधिक खतरनाक साबित हो रहा है। जिससे किसी बड़े हादसे की आशंका बनी हुई है। क्षेत्रवासियों ने नगर पालिका अध्यक्ष फैसला वारसी एवं ईओ विजेंद्र सिंह पाल से मांग की है कि मामले की जांच कराकर दोषी ठेकेदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए तथा जल्द से जल्द चैनल की मरम्मत कराई जाए।

## हनुमान जयंती पर भण्डारा



**हल्दौर।** स्थानीय पोखर बाजार स्थित जमुनादास धर्मशाला मंदिर में श्री बालाजी मंडल के सौजन्य से हनुमान जयंती के पावन अवसर पर भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी, जहां सभी ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य अर्जित किया। धार्मिक अनुष्ठान की शुरुआत पंडित धर्मवीर शर्मा के सानिध्य में विधि-विधानपूर्वक मंत्रोच्चारण के साथ हुई। मुख्य यजमान एवं कमेटी अध्यक्ष रमेश चौहान ने पूजा-अर्चना संपन्न कराई। अनुष्ठान के उपरांत श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे की व्यवस्था की गई, जिसमें देर तक प्रसाद वितरण चलता रहा। कार्यक्रम में करन चौहान, राजन चौहान, पुनीत चौहान, सुरेंद्र चौहान, महीपाल सिंह, डा. संदीप दुबे एवं डा. प्रदीप दुबे सहित अन्य गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही।

## हनुमान चालीसा पाठ व भजन-कीर्तन



**धामपुर।** श्रीमद् हनुमत सेवा समिति व बाबा श्री नीब करौरी कृपा कुंज ध्यान केंद्र के संयोजन में आयोजित हनुमान जन्मोत्सव की तीन दिवसीय कार्यक्रम श्रृंखला के दूसरे दिन बाबा श्री नीब करौरी कृपा कुंज ध्यान केंद्र पर संगीतमय हनुमान चालीसा पाठ व भजन-कीर्तन कर बाबा बजरंग बली को सवा कुंतल लड्डू का भोग लगाया गया। इस भव्य कार्यक्रम में नगर व आस-पास बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर पूरे वातावरण को भक्तिमय कर दिया। इस मौके पर नगर के प्रबुद्धजन अभय गोयल, संजीव अग्रवाल, अमित माहेश्वरी, मनोज कात्यायन पत्रकार, सुमित शर्मा पत्रकार, मुनीश उपाध्याय पत्रकार, डा. जितेंद्र कौशिक, अमित माहेश्वरी, महंत पीयूष अग्रवाल, विजय जैन, संयम जैन, प्रतिभा अग्रवाल, मुकेश चौहान एडीजीसी, दुष्यंत चौहान, डा. संजय भटनागर, डा. कुशाग्र सक्सेना, गौरव शर्मा, अजय अग्रवाल पिंटू, नमन जैन, मनीष गर्ग, डा. करिश्मा सक्सेना, मिथलेश शर्मा आदि को विशेष सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रामदास महाराज, सुभाष चंद्र कौशिक, पं. पवन कौशिक, पंकज भटनागर, मंयक अग्रवाल, आयुष राज वर्मा, तरुण शर्मा शास्त्री, नीरज कुमार, यतेंद्र शर्मा एड., कपिल तुली, रजत सक्सेना, मेघराज सिंह प्रजापति, महेंद्र सिंह, मेघराज सिंह, डा. एके वर्मा, अनिल चौधरी, पंकज वर्मा, चेतन सैनी, डा. ईश्वर चंद शर्मा, नितिन भटनागर, महंत विजय प्रकाश वर्मा, प्रदीप शर्मा, पं. गौरव कृष्ण भारद्वाज, पं. विकास वशिष्ठ, चौधरी अभिजीत सिंह, कुलवंत सिंह पंवार, महावीर सिंह, पुनीत रघुवंशी, हिमांशु गुप्ता, सक्षम गुप्ता, कार्तिक तुली, सार्थक चौधरी, सोम. वती देवी, नमिता वर्मा, रीना वर्मा, प्रियंका तुली, अनीता भटनागर, बबीता सक्सेना, पलक अग्रवाल, मिथलेश शर्मा, शशि दुआ, गौरी वर्मा, रानी देवी, रजनी गुप्ता, मुन्नी देवी, शीतल पंवार, अक्षिता सिंह, दिव्यांशी सिंह, अराध्या भटनागर, पीहू गुप्ता आदि का विशेष योगदान रहा।

# वार्षिक उत्सव मंथन 2026 का शुभारंभ



## 600 से ज्यादा विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** आरवी इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में वार्षिक उत्सव 'मंथन' 2026 का शुभारंभ किया गया।

सर्वप्रथम मंथन समारोह में क्रिकेट मैच का शुभारंभ किया गया। जिसमें 14 से ज्यादा टीमों ने भाग लिया। पहला मैच नवाब क्लब टीम एवं आरवीआईटी हॉस्टल टीम के बीच कराया गया। जिसमें नवाब क्लब टीम विजयी रही। दूसरा मैच आदर्श-11 टीम एवं वीरा इंडीयंस टीम के बीच कराया गया। इसमे आर्दश-11 टीम विजयी रही। तीसरा मैच फजलपुर-11 टीम एवं स्योहारा टीम के बीच हुआ जिसमें फजलपुर टीम विजय रही। चौथा मैच एक्टिव क्रिकेट क्लब टीम एवं बिजनौर जियान्ट्स टीम के बीच हुआ इसमें एक्टिव क्रिकेट क्लब टीम विजय रही। अभी प्रतियोगिता जारी है।

400 मीटर की दौड़ में 18 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें से प्रिंस कुमार, गहलौत कॉलेज हलदौर से प्रथम स्थान व शनि कुमार विवेक यूनिर्वसिटी बिजनौर से दूसरे स्थान पर रहे। खो-खो में छह टीमों ने प्रतिभाग किया। पहला मैच एग्रीकल्चर क्लब टीम-बी एवं जूनियर हाई स्कूल पाहूली के बीच हुआ। इसमें एग्रीकल्चर क्लब टीम-बी बिजयी रही। दूसरा मैच आरवीआईटी एवं वीरा कॉलेज के बीच हुआ इसमें आरवीआईटी की टीम विजयी रही। तीसरा मैच एग्रीकल्चर क्लब टीम-ए एवं आरवीआईटी हॉस्टल के बीच हुआ इसमें एग्रीकल्चर क्लब टीम-ए विजयी रही। फाइनल मैच एग्रीकल्चर क्लब टीम-ए व एग्रीकल्चर क्लब टीम-बी के बीच हुआ। इसमें एग्रीकल्चर क्लब टीम-बी प्रथम स्थान पर रही और रनरअप एग्रीकल्चर क्लब टीम-ए रही। कबड्डी में आठ टीमों ने प्रतिभाग किया। जिसमें पहला मैच नहटौर बुल्स एवं सॉई इंटरनेशनल हल्दौर टीम के बीच हुआ इसमें नहटौर बुल्स टीम विजयी रही। दूसरा मैच मेरठ टीम एवं आरवीआईटी स्टार टीम के बीच के हुआ इसमें मेरठ टीम विजयी रही। तीसरा मैच बिजनौर स्टेडियम एवं जलालपुर टीम के बीच हुआ। इसमें बिजनौर स्टेडियम विजयी रही। चौथा मैच आरवीआईटी एवं वीकेआईटी के बीच हुआ। इसमें आरवीआईटी टीम विजयी रही। फाइनल मैच बिजनौर स्टेडियम व नहटौर बुल्स के बीच हुआ। इसमें बिजनौर स्टेडियम विजयी रही। टेबल टैनिस पुरूष प्रतियोगिता में 24 प्रतिभागियो ने प्रतिभाग किया। इमसें मनीश कुमार एचजीओसी टीटी अकेडमी ने प्रथम स्थान और देवांश कपूर डीपीएस बिजनौर ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। टेबल टैनिस महिला प्रतियोगिता में 11 प्रतिभागियो ने प्रतिभाग किया। इसमें प्रेरणा वर्धमान कॉलेज बिजनौर से प्रथम स्थान पर और सुनैना सीडीआईसी हल्दौर दूसरे स्थान पर रहीं।

चैस में 56 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें प्रथम स्थान स्पर्श कुमार मॉडन ऐरा स्कूल बिजनौर व द्वितीय स्थान जयन्तराम बजरंग क्रिसजयंती स्कूल ने प्राप्त किया।

बैडमिंटन सिंगल पुरुष प्रतियोगिता में 20 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। बैडमिंटन डबल पुरुष प्रतियोगिता में 14 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। बैडमिंटन सिंगल महिला प्रतियोगिता में छह प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। बैडमिंटन डबल महिला प्रतियोगिता में चार प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। अभी प्रतियोगिता जारी है।

बास्केट बॉल में आठ टीमों ने प्रतिभाग किया। फाइनल मैच नजीबाबाद वारियरस एवं सेंट मेरी स्कूल नगीना टीम के बीच चल रहा है।

वालीबॉल मैच में 16 टीमों ने प्रतिभाग किया। जिसमें पहला मैच वीरा कालेज एवं आरईसी चांदपुर टीम के बीच हुआ जिसमें आरईसी चॉदपुर टीम विजयी रही। दूसरा अकोन्दा एवं विवके कॉलेज टीम के बीच हुआ जिसमें अकोन्दा टीम विजयी रही।

तीसरा मैच आरवीआईटी कालेज एवं एचएमआई नेहटौर टीम के बीच हुआ। इसमें एचएमआई नहटौर टीम विजयी रही।

## एक नजर

### धूमधाम से मनाया जन्मोत्सव



**धामपुर।** प्राचीन सिद्ध पीठ श्री बालाजी मंदिर मुख्य बाजार में हनुमान जी का जन्मदिन बड़े धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम मंदिर के स्वामित्व महंत डॉ. अमित गिरी महाराज तथा छोटे महंत आदित्य गिरी, जतिन गिरी ने मुख्य यजमान दीपक चौहान, मृदुलेश चौहान, रितेश मेहरोत्रा, हरीश अग्रवाल, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, नितिन सैनी अन्य भक्तगणों के द्वारा हनुमान जी का सिंदूरी स्वर्ण चोला अर्पण कराया गया। हनुमान जी महाराज को मोतियों की माला सुगंधित पुष्पों की माला से सुशोभित किया गया। महिला भक्तों ने अपने भजनों के माध्यम से मंदिर का माहौल भक्तिमय कर दिया। महंत अमित गिरी व महंतआदित्य गिरी तथा जतिन गिरी ने सभी यजमानों के द्वारा आरती संपन्न कराई। इसके पश्चात हरीश अग्रवाल व सुमित अग्रवाल के द्वारा 51 किलो के लड्डू का भोग लगाया गया। रात्रि में जतिन गिरी तथा आदित्य गिरी के द्वारा 56 भोग व बाबा को केक का भोग लगाया गया और सभी भक्तों प्रसाद वितरण किया गया। सुबह से ही मंदिर प्रांगण में रात्रि 11:00 बजे तक दूर दराज से आए भक्तों की दर्शन व पूजन करने के लिए अपार भीड़ लगी रही। इस अवसर पर मंदिर की पुजारन पूनम गिरी, आकाश जोशी, स्नेहा गिरी, संगीता जोशी, समता जोशी, शुभम जोशी, आयुषी शर्मा, आशा देवी, पूर्वी जोशी, प्रभा देवी, कंचन, सुधा, डॉ. एनपी सिंह, डॉ. दीप सौरभ सिंह, डॉ. आरपी भारद्वाज, दीपक अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष संजय माधव सैनी, ज्वेलर्स उदित जैन, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, विनीत कौशिक उपाध्यक्ष, रजनीश गोस्वामी आदि अनेक श्रद्धालुओं गण उपस्थित रहे।

### महिला को भगाने का आरोपी गिरफ्तार



**नांगल सोती।** नांगल क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने 30 मार्च को पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उसकी पत्नी को गांव ही शाहनवाज बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। पत्नी उसका तीन वर्ष का पुत्र भी साथ ले गई है। मामला अलग-अलग समुदाय का होना के चलते पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया, तुरंत पुलिस टीम बनाकर आरोपी की तलाश शुरू दी। दरोगा उपेंद्र सिंह, आरक्षी मनोज कुमार, आरक्षी ऋषि अत्री की टीम ने आरोपी शाहनवाज को मौहल्ला ब्रह्मपुरी, महदूद रावली थाना सिडकुल हरिद्वार से महिला और उसके बच्चे सहित पकड़ लिया। पुलिस ने बरामद महिला को उसके बयान दर्ज कराने के कोर्ट में भेज दिया। वहीं आरोपी का संबंधित मुकदमे में चालान कर दिया।

### मामूली विवाद में मारपीट, मुकदमा दर्ज

**शेरकोट।** स्थानीय मौहल्ला कोटरा निवासी फैसल पुत्र मिर्जा खुर्शीद ने बताया कि एक अप्रैल की शाम करीब सात बजे वह अपने चचेरे भाई फैज आलम के साथ घर से जा रहा था। इसी दौरान जामा मस्जिद के सामने रास्ते में कुछ लोगों ने उन्हें रोक लिया। आरोप है कि कलीम खान निवासी सराय काले खां दिल्ली, नबील अहमद, मोइन खान और अजीम खान ने स्टोन क्रेशर को लेकर विवाद करते हुए गाली-गलौच शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों और बेल्ट से मारपीट की। पीड़ित फैसल ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

### महंत डा. अमित गिरी सम्मानित



**धामपुर।** हंगामा लोक सामाजिक, साहित्य समिति के संरक्षक डा. जितेंद्र कौशिक व निर्मला कौशिक, संस्थापिका राखी कौशिक, उपासना कौशिक, शिवेंद्र कौशिक, सारिका कौशिक, श्रीनिका कौशिक द्वारा श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर महंत डा. अमित गिरी को सनातन सारथी सम्मान पत्र भेंट कर व पटका पहनाकर सम्मानित किया। डा. जितेन्द्र कौशिक ने बताया किडा. अमित गिरी आरएसएम महाविद्यालय के रसायन विज्ञान के प्रवक्ता है तथा श्री बाला जी मंदिर के मंहत भी है। उनके द्वारा शिक्षा की अलख जगाते हुए समाज में एक नवीन प्रकाश फैलाया जा रहा है। जैसे कि अंधकार में दीप रोशनी फैलता है। साथ ही वे युवाओं को आगे बढ़ाते हुए सनातन संस्कृति को निरंतर आगे बढ़ाने के लिए बहुत से धार्मिक कार्य जैसे घर-घर सुंदर कांड, माता की चौकी, रामायण आदि बहुत से सुंदर कार्य कर रहे है। जिससे जन-जन में धर्म की ज्योत जगाई जा सके।

### श्री हनुमान जन्मोत्सव मनाया



**धामपुर।** खातियान स्थित, शिव मंदिर मैढ सभा (सुनारो वाले मंदिर) में हनुमान जन्म उत्सव पूर्ण श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। इस मौके पर आयुष राज वर्मा, सतीश वर्मा, नरेश वर्मा, सूर्यकांत वर्मा तथा डा. शंकर भारद्वाज द्वारा संयुक्त रूप से विधि-विधान से चोला चढ़ाया गया तथा महिलाओं द्वारा मनका पाठ, हनुमान चालीसा, राम स्तुति तथा भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। महिलाओं ने हनुमान जी के भक्ति पूर्ण भजनों का गायन करके मंदिर परिसर को भक्ति मय बना दिया। कमलेश वर्मा द्वारा 'यह उत्सव बजरंग बाला का, लाल लंगोटे वाले का'' 'सब प्रेम से बोलो, मिलकर बोलो जय बाबा की। इस मौके पर दीपमाला वर्मा, सुमन वर्मा, कमलेश वर्मा, चाहत वर्मा, स्वाति वर्मा, उमा वर्मा, नमीता वर्मा, निशा वर्मा, ममता वर्मा, सोनी वर्मा, कंचन वर्मा, तनु वर्मा, पायल वर्मा, सरोज वर्मा, रुक्मणी वर्मा, शशि वर्मा आदि उपस्थित रही।

# चेन्नई ने पंजाब को जीतने के लिए 210 का टारगेट दिया

### आयुष म्हात्रे की फिफ्टी, सरफराज ने 32, दुबे ने 45 रन बनाए, वैशाख ने लिल 2 विकेट

**चेन्नई, वार्ता।** आईपीएल के 7वें मैच में चेन्नई सुपर किंग्स ने पंजाब किंग्स को 210 रन का टारगेट दिया। चेपाक स्टेडियम में शुक्रवार को पीबीएसके ने बालिंग चुनी। सीएसके ने 5 विकेट खोकर 209 रन बनाए। आयुष म्हात्रे ने 73, शिवम दुबे ने 45 और सरफराज खान ने 32 रन बनाए।

विजयकुमार वैशाख को 2 विकेट मिले। टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी सीएसके ने 5 विकेट खोकर 209 रन बनाए। शिवम दुबे ने आखिरी 2 गेंद पर 2 चौके लगाकर टीम को इस स्कोर तक पहुंचाया। उन्होंने 45 रन बनाए। उनके सामने प्रशांत वीर 6 रन बनाकर नाटआउट लौटे। 19 ओवर में चेन्नई ने 9 विकेट के नुकसान पर 195 रन बना लिए। प्रशांत वीर और शिवम दुबे नाटआउट रहे। 17वें ओवर में चेन्नई ने पांचवां विकेट गंवाया। ओवर की चौथी बाल विजयकुमार वैशाख ने गुड लेंथ पर लेग कटर फेंकी। सरफराज बड़ा शाट खेलने गए, लेकिन मिड आन पर नेहल वाधोरा के हाथों कैच हो गए। उन्होंने 12 गेंद पर 32 रन बनाए। चेन्नई ने 16वें ओवर में 150 रन पूरे कर लिए। सरफराज खान ने जैवियर बार्टलेट के खिलाफ छक्का लगाया और टीम को इस स्कोर तक पहुंचाया। शिवम दुबे भी पिच पर मौजूद रहे। 14वें ओवर में चेन्नई ने चौथा विकेट गंवाया। ओवर की चौथी बाल मार्को यानसन ने गुड लेंथ पर इन स्विंगर फेंकी। गेंद कार्तिक शर्मा के पैड्स पर लगी। पीबीएसके ने पगबाधा आउट की अपील की, लेकिन अंपायर ने आउट नहीं दिया। कप्तान श्रेयस अज्यर ने रिव्यू लिया, रिप्ले में कार्तिक आउट नजर आए। वे 1 रन ही बना सके। यह मैच में यानसन का पहला ही विकेट रहा। 13वें ओवर में चेन्नई ने तीसरा विकेट गंवा दिया। ओवर की तीसरी बाल विजयकुमार वैशाख ने ऑफ स्टंप के बाहर यार्कर फेंकी। आयुष म्हात्रे ने शाट खेला, लेकिन शार्ट थर्ड मैन पोजिशन पर युजवेंद्र चहल के हाथों कैच हो गए। म्हात्रे ने 73 रन बनाए। 12वें ओवर में चेन्नई ने दूसरा विकेट गंवा दिया। ओवर की पहली बाल युजवेंद्र चहल ने लेग स्टंप की ओर गुड लेंथ पर फेंकी। ऋतुराज गायकवाड ने शाट खेला, लेकिन लान्ग लेग पोजिशन पर कैच हो गए। गायकवाड ने 28 रन बनाए। उन्होंने आयुष म्हात्रे के साथ 96 रन की पार्टनरशिप की।



# मेरे स्ट्राइक रेट पर सवाल उठाने वाले लोग मुझसे जलते हैं: रहाणे

**कोलकाता, वार्ता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 65 रनों के बड़े अंतर से हार झेलनी पड़ी है। आईपीएल 2026 में मुंबई इंडियंस (एमआई) के बाद यह उनकी लगातार दूसरी शिकस्त है। इन दोनों ही मैचों के बाद कप्तान अजिक्य रहाणे एक शब्द का बार-बार प्रयोग कर रहे हैं - 'टीम संतुलन'।

हालांकि एसआरएच के खिलाफ मिली हार ने साफ कर दिया है कि समस्या सिर्फ चोटिल गेंदबाजों तक सीमित नहीं है, बल्कि केकेआर के मध्यक्रम में भी कुछ समस्याएं हैं। मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में रहाणे ने एसआरएच के खिलाफ मिली हार का एक प्रमुख कारण बीच के ओवरों में साझेदारी न बन पाना बताया। उन्होंने कहा, ष्आज की विकेट बल्लेबाजी के लिए मुफीद थी, लेकिन हमारी बल्लेबाजी में वह लय नजर नहीं आई। इतने बड़े लक्ष्य का पीछा करने के लिए हमें और बेहतर बल्लेबाजी की जरूरत थी। बीच के ओवरों में हम साझेदारी नहीं कर सके, जबकि जरूरत यह थी कि कुछ बड़ी साझेदारियां हों और खेल को अंत तक ले जाया जाए। मुंबई इंडियंस के खिलाफ पहले मैच में भी केकेआर ने बीच के ओवरों में ही मोमेंटम गंवाया था। उस मैच में केकेआर ने 10 ओवर में 120 रन बना दिए थे, लेकिन अगले 10 ओवरों में टीम सिर्फ 102 रन ही जोड़ सकी।



एसआरएच के खिलाफ भी कहानी लगभग वही रही। शुरुआती पांच ओवर में 67 रन ठोकने के बावजूद टीम उस रफ्तार को बरकरार नहीं रख पाई। इस मैच में रहाणे ने खुद 10 गेंदों पर महज 8 रन बनाए, जिसके बाद उनके स्ट्राइक रेट पर सवाल उठना लाजमी था। हालांकि, आमतौर पर शांत रहने वाले रहाणे ने इस बार जवाब थोड़ा अलग तरीके से दिया। उन्होंने कहा कि 2023 के बाद से पावरप्ले में मेरा स्ट्राइक रेट बेहतरीन रहा है। (552 रन, 167-78 की स्ट्राइक रेट, 69 का औसत) जो लोग मेरे खेल या स्ट्राइक रेट पर बात कर रहे हैं।

**खेल विशेष**

### निकहत, प्रिया और प्रीति सेमीफाइनल में, भारत के तीन पदक पक्के

**उलानबटार, वार्ता।** मंगोलिया के उलानबटार में एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2026 के पांचवें दिन, निकहत जरीन, प्रिया और प्रीति पवार ने शानदार जीत दर्ज करते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई, जिससे भारत के तीन पदक पक्के हो गए हैं। भारतीय अभियान की अगुवाई करते हुए, निकहत जरीन महिलाओं के 51 किलोग्राम वर्ग के क्वार्टरफाइनल में पूरी तरह से हावी रहीं। उन्होंने अपने दबदबे भरे प्रदर्शन में पहले ही राउंड में आरएससी (रेफरी द्वारा मुकाबला रोकना) के आधार पर फिलीपींस की जियान बाग.हिन को हरा दिया। अब सेमीफाइनल में उनका सामना अब तक की सबसे कठिन चुनौती से होगा, जब वे चीन की वू यू (पेरिस 2024 ओलंपिक की स्वर्ण पदक विजेता) के खिलाफ रिग में उतरेंगी।

### बॉल टैंपरिग के खिलाफ फखर जमां की अपील खारिज, दो मैचों का प्रतिबंध बरकरार

**लाहौर, वार्ता।** लाहौर कलंदर्स के बल्लेबाज फखर जमान 3 अप्रैल को मुल्तान सुल्तांस और 9 अप्रैल को इस्लामाबाद यूनाइटेड के खिलाफ होने वाले मैचों में नहीं खेल पाएंगे, क्योंकि पीएसएल टेक्निकल कमेटी ने मैच रेफरी रोशन महानामा द्वारा लगाए गए दो मैचों के प्रतिबंध को बरकरार रखा है। यह सजा गेंद की स्थिति में बदलाव (बॉल टैंपरिग) के कारण उन्हें दी गई थी। फखर ने इस फैसले के खिलाफ अपील की थी, जो पीएसएल के कोड ऑफ कंडक्ट के तहत उनका अधिकार है। महानामा ने 2026 सीजन में उनके पहले लेवल-3 अपराध के लिए अधिकतम सजा सुनाई थी। फखर ने इस आरोप को चुनौती दी थी, जिसकी सुनवाई के बाद यह फैसला लिया गया। पीएसएल के नियमों के अनुसार, पहली बार लेवल-3 अपराध के लिए खिलाड़ी को कम से कम एक मैच और अधिकतम दो मैचों का निलंबन दिया जा सकता है।

# रियल मैड्रिड को 6-0 से रौंदकर बार्सिलोना सेमीफाइनल में

**मैड्रिड, वार्ता।** एफसी बार्सिलोना ने गुरुवार को दूसरे लेग में अपने घरेलू मैदान पर रियल मैड्रिड को 6-0 से रौंदकर महिला चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। कैंप नोउ में 60,000 से ज्यादा फैन्स ने बार्सिलोना का दबदबा देखा। यह मुकाबला पहले लेग में ही 6-2 की जीत के साथ लगभग तय हो चुका था, जो बार्सिलोना ने रियल मैड्रिड के घरेलू मैदान पर हासिल की थी।

क्लब के लिए अपना 500वां मैच खेल रहीं अलेक्सिया पुटेलस ने आठवें मिनट में पहला गोल किया। उन्होंने यह गोल तब किया जब मीसा रोड्रिग ने इवा पाजोर के शुरुआती शॉट को रोक दिया था। इसके बाद पुटेलस ने 15वें मिनट में कैरोलिन ग्राहम हानसेन को उनके दो गोलों में से पहला गोल करने में मदद की। फिर 27वें मिनट में इरीन परेडेस ने एक कॉर्नर किक पर हेडर से गोल करके स्कोर 3-0 कर दिया। 34वें मिनट में विक्की लोपेध ने पाजोर को क्रॉस दिया, जिस पर पाजोर ने फार पोस्ट पर बार्सिलोना का चौथा गोल किया। इस तरह मेजबान टीम ने अपनी आक्रामक 'हाई प्रेस' रणनीति से रियल मैड्रिड को पूरी तरह से पछाड़ दिया। दूसरे हाफ के 10 मिनट बाद पुटेलस और ग्राहम हानसेन ने मिलकर पांचवां गोल किया।

# मुंबई के खिलाफ दिल्ली का लक्ष्य इतिहास बदलना

### दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस एक बार फिर शनिवार को आमने-सामने होंगी

**नई दिल्ली, वार्ता।** एक जानी-पहचानी कहानी की तरह, जो थोड़े-बहुत बदलावों के साथ खुद को दोहराती रहती है, दिल्ली कैपिटल्स एक बार फिर मुंबई इंडियंस के आमने-सामने होगी। इंडियन प्रीमियर लीग 2026 का यह शनिवार का दिन का मैच बेहद रोमांचक होने की उम्मीद है, लेकिन साथ ही इसमें एकतरफा मुकाबले की झलक भी दिख सकती है, क्योंकि दोनों टीमें इस सीजन में अपनी दूसरी जीत की तलाश में हैं।

दिल्ली, लखनऊ सुपर जायंट्स पर छह विकेट की जीत के बाद इस मैच में उतर रही है। इस जीत से टीम को हौसला तो मिला है, लेकिन उनकी बैटिंग लाइन-अप के ऊपरी क्रम में जो पुरानी चिंताएं बनी हुई हैं, वे अभी पूरी तरह से दूर नहीं हुई हैं। दूसरी ओर, मुंबई ने कोलकाता नाइट राइडर्स पर आसान जीत के साथ अपनी लय वापस पा ली है। उन्होंने सबको यह याद दिला दिया है कि इतिहास की तरह ही, अच्छी फॉर्म भी अक्सर जानी-पहचानी टीमों का ही साथ देती है। अक्षर पटेल की कप्तानी में, दिल्ली ने एक खास संतुलन दिखाया है, खासकर अपनी बॉलिंग और निचले मध्य क्रम में। हालांकि, उनका ऊपरी क्रम (टॉप ऑर्डर) अभी भी चिंता का विषय बना हुआ है। केएल राहुल और पथुम निसांका-जो बड़े नाम हैं और जिनसे काफी उम्मीदें हैं-पिछले मैच में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए। इसके चलते टीम को एक मजबूत आधार (प्लेटफॉर्म) बनाने के बजाय, मुश्किल हालात से निकालने वाले प्रदर्शनों पर निर्भर रहना पड़ा। समीर रिजवी के हालिया अर्धशतक ने टीम को कुछ हद तक राहत दी है। वहीं, नीतीश राणा, ट्रिस्टन स्टब्स और डेविड मिलर जैसे खिलाड़ी भी मौके का इंतजार कर रहे हैं, ताकि पारी की जरूरत के हिंसाब से वे या तो पारी को संभाल सकें या फिर उसे मुश्किल से बाहर निकाल सकें। इसके विपरीत, उनकी बॉलिंग यूनिट ज्यादा आत्मविश्वास से भरी नजर आती है। लुंगी एनगिडी, मुकेश कुमार, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव और टी- नटराजन की यह टीम तेज गेंदबाजी, स्पिन और विविधता का ऐसा मिश्रण पेश करती है, जो किसी भी मजबूत से मजबूत बैटिंग लाइन-अप को मुश्किल में डाल सकता है। एनगिडी की शुरुआती विकेट लेने की काबिलियत और कुलदीप का बीच के ओवरों में गेंद पर नियंत्रण-ए दोनों ही बातें यह तय कर सकती हैं कि मुंबई की बैटिंग को रोका जा सकेगा या फिर उसे खुलकर खेलने का मौका मिलेगा। हार्दिक पंड्या की कप्तानी में, मुंबई एक ऐसे शांत आत्मविश्वास के साथ खेल रही है, जो अब उनकी आदत सी बन गई है। दिल्ली के खिलाफ उनका रिकॉर्ड-पिछले छह मुकाबलों में पांच जीत-महज एक आंकड़ा नहीं है, बल्कि यह उस मनोवैज्ञानिक बढ़त की याद दिलाता है, जो समय के साथ और भी मजबूत होती गई है। उनकी बैटिंग लाइन-अप, जिसने पिछले मैच में शानदार प्रदर्शन किया था, अभी भी उनकी सबसे बड़ी ताकत बनी हुई है। ऊपरी क्रम में, रयान रिकेटन और रोहित शर्मा की जोड़ी आक्रामकता और स्थिरता-दोनों का ही बेहतरीन तालमेल पेश करती है। ए दोनों ही खिलाड़ी बड़े स्कोर खड़ा करने या फिर बड़े लक्ष्यों का पीछा करने में पूरी तरह से सक्षम हैं। मिडिल ऑर्डर, जिसमें सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा और हार्दिक पंड्या शामिल हैं, टीम को न सिर्फ अंदाज देता है, बल्कि गहराई भी देता है।

# वैभव सूर्यवंशी को रोकना होगी गुजरात की प्राथमिकता

**अहमदाबाद, वार्ता।** मात्र 15 साल की उम्र में अपनी बल्लेबाजी से तहलका मचा रहे युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को रोकना गुजरात टाइटंस की पहली प्राथमिकता होगी जब उसका शनिवार को राजस्थान रॉयल्स से मुकाबला होगा। अहमदाबाद ने कई शानदार मैच देखे हैं, लेकिन आईपीएल की हर शाम एक नई दुल्हन की तरह उम्मीद और एक पुराने जुआरी की तरह अनिश्चितता लेकर आती है।

शनिवार को, नरेंद्र मोदी स्टेडियम गुजरात टाइटन्स और राजस्थान रॉयल्स की मेजबानी करेगा, ए दो टीमें हैं जिन्होंने अपने 2026 के अभियान की शुरुआत बहुत अलग-अलग तरीकों से की है, फिर भी वे यहां अपनी अहमियत और लय के लिए बराबर बेताब हैं। गुजरात थोड़ी लड़खड़ाती हुई उतरी, अपने शुरुआती मुकाबले में मामूली स्कोर बनाने के बाद लड़खड़ा गई थी, जिसे उसके गेंदबाज बचा नहीं सके। टॉप ऑर्डर पर एक जानी-पहचानी निर्भरता है - साई सुदर्शन, शुभमन गिल और जोस बटलर - तीन नाम जो बराबर उम्मीद और दबाव दोनों रखते हैं। सुदर्शन, जो अपने पिछले सीजन में शानदार और प्रोडक्टिव रहे थे, अब सहजता की तलाश में हैं। गिल, जो ज्यादातर विरोधियों के खिलाफ भरोसेमंद हैं, राजस्थान के खिलाफ उनका औसत ठीक-ठाक है और उनसे आगे बढ़कर लीड करने की उम्मीद की जाएगी। बटलर, जो कभी टीम को बर्बाद करने वाले खिलाड़ी थे, आजकल ऐसे लग रहे हैं जैसे कोई बंद मैच को खोलने के बजाय खोई हुई चाबी ढूंढने की कोशिश कर रहा हो। मिडिल ऑर्डर, जैसा कि अक्सर कई मॉडर्न टीमों के साथ होता है, भरोसेमंद होने के बजाय ज्यादा सजावटी लगता है। वाशिगटन सुंदर, ग्लेन फिलिप्स और शाहरुख खान भरोसे के बजाय ऑप्शन देते हैं। हालांकि, फिलिप्स की पहचान एक ऐसे खिलाड़ी की बनी हुई है जो शांत ओवर को शोरगुल वाले ओवर में बदल सकता है। इसके उलट, गुजरात की बॉलिंग ज्यादा सधी हुई दिखती है। राशिद खान उनके ताबीज बने हुए हैं।



# कोमालिका बारी और अर्जुन खारा ने जीते स्वर्ण पदक

**रायपुर, वार्ता।** पूर्व विश्व जूनियर चैंपियन झारखंड की कोमालिका बारी ने अपने मिक्स्ड टीम खिताब के बाद महिला रिकर्व तीरंदाजी में स्वर्ण पदक जीता, जबकि ओडिशा के अर्जुन खारा ने पुरुष रिकर्व वर्ग में स्वर्ण अपने नाम किया। हालांकि, इन उपलब्धियों के बावजूद अंतिम दिन कर्नाटक को पदक तालिका के शीर्ष स्थान से हटाया नहीं जा सका और वह उद्घाटन खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में शीर्ष पर बना रहा।

टूर्नामेंट के इस संस्करण में 30 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 3,800 खिलाड़ियों ने नौ खेल विधाओं में प्रतिस्पर्धा की। तीरंदाजी, एथलेटिक्स, फुटबॉल, हॉकी, तैराकी, भारोत्तोलन और कुश्ती में कुल 106 स्वर्ण पदक दांव पर थे, जबकि मल्लखंभ और कबड्डी जैसे पारंपरिक खेल प्रदर्शन (डेमोंस्ट्रेशन) खेलों के रूप में शामिल थे। इन 106 स्वर्ण पदकों में से कर्नाटक ने 23 स्वर्ण, 8 रजत और 7 कांस्य पदक जीतकर ओवरऑल चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। ओडिशा 21 स्वर्ण, 15 रजत और 21 कांस्य पदकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा और 57 पदकों के साथ 50 से अधिक पदक जीतने वाला एकमात्र दल बना। झारखंड 16 स्वर्ण, 8 रजत और 11 कांस्य पदकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा। मेजबान छत्तीसगढ़ ने भी जनजातीय समुदाय की खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए 3 स्वर्ण, 10 रजत और 6 कांस्य पदक जीतकर नौवां स्थान हासिल किया। छत्तीसगढ़ का आखिरी पदक पुरुष फुटबॉल में रजत के रूप में आया, जब वे फाइनल में पश्चिम बंगाल से 0-1 से हार गए। ओवरऑल चैंपियन कर्नाटक ने पहले ही दिन से पदक तालिका में बढ़त बना ली थी, खासकर तैराकी में दबदबा बनाते हुए उन्होंने 15 स्वर्ण, 5 रजत और 3 कांस्य पदक जीते। इसके अलावा एथलेटिक्स में 5 और कुश्ती में 3 स्वर्ण पदक जोड़कर उन्होंने सुनिश्चित किया कि ओडिशा और झारखंड उनसे आगे न निकल सकें। कर्नाटक के मणिकांत एल 8 स्वर्ण और 1 रजत पदक के साथ खेलों के सबसे सफल खिलाड़ी रहे, जबकि उनके साथी धोनिश एन ने तैराकी में 5 स्वर्ण और 1 रजत पदक जीते। महिला वर्ग में ओडिशा की तैराक अंजलि मुंडा ने 5 स्वर्ण पदक जीते, जबकि कर्नाटक की मेघांजलि ने 4 स्वर्ण और 2 कांस्य पदक अपने नाम किए। ओडिशा एकमात्र ऐसा दल रहा जिसने सभी छह खेल विधाओं में कम से कम एक स्वर्ण पदक जीता, जिसमें एथलेटिक्स में 8 और तैराकी में 7 स्वर्ण शामिल हैं।


# कोमालिका बारी और अर्जुन खारा ने जीते स्वर्ण पदक

**रायपुर, वार्ता।** पूर्व विश्व जूनियर चैंपियन झारखंड की कोमालिका बारी ने अपने मिक्स्ड टीम खिताब के बाद महिला रिकर्व तीरंदाजी में स्वर्ण पदक जीता, जबकि ओडिशा के अर्जुन खारा ने पुरुष रिकर्व वर्ग में स्वर्ण अपने नाम किया। हालांकि, इन उपलब्धियों के बावजूद अंतिम दिन कर्नाटक को पदक तालिका के शीर्ष स्थान से हटाया नहीं जा सका और वह उद्घाटन खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में शीर्ष पर बना रहा।

टूर्नामेंट के इस संस्करण में 30 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 3,800 खिलाड़ियों ने नौ खेल विधाओं में प्रतिस्पर्धा की। तीरंदाजी, एथलेटिक्स, फुटबॉल, हॉकी, तैराकी, भारोत्तोलन और कुश्ती में कुल 106 स्वर्ण पदक दांव पर थे, जबकि मल्लखंभ और कबड्डी जैसे पारंपरिक खेल प्रदर्शन (डेमोंस्ट्रेशन) खेलों के रूप में शामिल थे। इन 106 स्वर्ण पदकों में से कर्नाटक ने 23 स्वर्ण, 8 रजत और 7 कांस्य पदक जीतकर ओवरऑल चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। ओडिशा 21 स्वर्ण, 15 रजत और 21 कांस्य पदकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा और 57 पदकों के साथ 50 से अधिक पदक जीतने वाला एकमात्र दल बना। झारखंड 16 स्वर्ण, 8 रजत और 11 कांस्य पदकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा। मेजबान छत्तीसगढ़ ने भी जनजातीय समुदाय की खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए 3 स्वर्ण, 10 रजत और 6 कांस्य पदक जीतकर नौवां स्थान हासिल किया। छत्तीसगढ़ का आखिरी पदक पुरुष फुटबॉल में रजत के रूप में आया, जब वे फाइनल में पश्चिम बंगाल से 0-1 से हार गए। ओवरऑल चैंपियन कर्नाटक ने पहले ही दिन से पदक तालिका में बढ़त बना ली थी, खासकर तैराकी में दबदबा बनाते हुए उन्होंने 15 स्वर्ण, 5 रजत और 3 कांस्य पदक जीते। इसके अलावा एथलेटिक्स में 5 और कुश्ती में 3 स्वर्ण पदक जोड़कर उन्होंने सुनिश्चित किया कि ओडिशा और झारखंड उनसे आगे न निकल सकें। कर्नाटक के मणिकांत एल 8 स्वर्ण और 1 रजत पदक के साथ खेलों के सबसे सफल खिलाड़ी रहे, जबकि उनके साथी धोनिश एन ने तैराकी में 5 स्वर्ण और 1 रजत पदक जीते। महिला वर्ग में ओडिशा की तैराक अंजलि मुंडा ने 5 स्वर्ण पदक जीते, जबकि कर्नाटक की मेघांजलि ने 4 स्वर्ण और 2 कांस्य पदक अपने नाम किए। ओडिशा एकमात्र ऐसा दल रहा जिसने सभी छह खेल विधाओं में कम से कम एक स्वर्ण पदक जीता, जिसमें एथलेटिक्स में 8 और तैराकी में 7 स्वर्ण शामिल हैं।


### मेघालय ने 39वें राष्ट्रीय खेलों के लिए तैयारियां तेज कीं

**शिलांग, वार्ता।** खेल एवं युवा मामलों के आयुक्त और सचिव डा. विजय कुमार डी- ने बताया कि मेघालय सरकार ने 2027 में राज्य में आयोजित होने वाले 39वें राष्ट्रीय खेलों के लिए अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं और अब पूरे राज्य में टीमों को प्रशिक्षण की गतिविधियां पूरे जोर-शोर से चल रही हैं। डा. कुमार डी- ने कहा कि मेघालय को खेलों की महाशक्ति बनाने के मुख्यमंत्री कॉनराड संगमा के दृष्टिकोण के अनुरूप, राज्य, खेल बुनियादी ढांचे, एथलीटों के विकास और युवाओं की भागीदारी में अभूतपूर्व निवेश कर रहा है। डा. कुमार डी-ने बताया कि विभिन्न खेलों में टीमों की तैयारी और एथलीटों के विकास को बढ़ावा देने के लिए 27 राज्य खेल संघों को प्रथम चरण के रूप में 40 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। उन्होंने कहा कि इस दृष्टिकोण के मूल में सरकार का भरोसे पर आधारित मॉडल है।

# रात में मछुआरे का काम करने वाले अब्दुल फताह लंबी ने कूद में जीता स्वर्ण पदक

**जगदलपुर, वार्ता।** अब्दुल फताह ज्यादातर रातों को समुद्र में होते हैं, जहां वे मछुआरे बनकर अपने परिवार की रोजी-रोटी कमाने में मदद करते हैं। जैसे ही सुबह होती है, वे सीधे ट्रेनिग ग्राउंड की ओर निकल पड़ते हैं और एक एक अलग सपने का पीछा करते हुए लक्षद्वीप को 'खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स' 2026 में पहला पदक दिलाया।

कवरत्ती और कदमत द्वीपों के बीच स्थित, दूरदराज के अमीनी द्वीप जो लगभग 2-7 किमी लंबा और 1-2 किमी चौड़ा है, और जिसका कुल भू-क्षेत्रफल 2-60 वर्ग किमी है के 18 वर्षीय लॉन्ग जम्पर ने अब्दुल फताह ने जगदलपुर के क्रीड़ा परिसर मैदान में 7-03 मीटर की अपनी करियर की सर्वश्रेष्ठ छलांग लगाकर स्वर्ण पदक जीता। यह इस छोटे से केंद्र शासित प्रदेश के लिए एक ऐतिहासिक क्षण था। केंद्र शासित प्रदेश के खेल अधिकारी अहमद जावेद हसन ने मुस्कुराते हुए कहा, ष्वह लक्षद्वीप के पहले ऐसे एथलीट हैं जिन्होंने 7 मीटर की दूरी पार की है और यह वाकई एक खास बात है। मछुआरे परिवार में जन्मे फताह भाई-बहनों में सबसे बड़े हैं और घर की बड़ी जिम्मेदारी संभालते हैं। 12वीं कक्षा पूरी करने के बाद, आर्थिक तंगी के कारण उन्हें अपनी पढ़ाई बीच में ही रोकनी पड़ी। इसके बजाय, उन्होंने अपने पिता के पारिवारिक व्यवसाय में हाथ बंटाने और खेल को अपने जुनून के तौर पर अपनाने का फैसला किया। फताह ने कहा कि कोई और चारा नहीं है, आपको चीजों में संतुलन बनाना ही पड़ता है। जब मैं स्कूल में था, तभी से मैं अपने पिता की मछली पकड़ने के काम में मदद करता आ रहा हूं। यही हमारी आमदनी का एकमात्र जरिया है। हमारे परिवार में छह लोग हैं। सुबह मैं अपनी ट्रेनिग के लिए जाता हूं, मेरे परिवार को इस बारे में पता है, भले ही वे इस खेल के बारे में बहुत कम समझते हों। दिलचस्प बात यह है कि एथलेटिक्स उनका पहला प्यार नहीं था। फताह शुरू में फुटबॉल खेलते थे, जैसा कि द्वीप के कई दूसरे युवा करते थे। हालांकि, कुछ साल पहले एक स्थानीय इंटर-आइलैंड प्रतियोगिता के दौरान उनकी यात्रा में एक अहम मोड़ आया। कोच मोहम्मद कासिम ने इस युवा की दौड़ने की जबरदस्त काबिलियत को पहचाना और उन्हें एथलेटिक्स में आने का सुझाव दिया। तब से, फताह ने लॉन्ग जंप और 100-मीटर स्प्रिंट में ट्रेनिग शुरू कर दी। लगभग उसी समय, अमिनी एथलेटिक्स एसोसिएशन का गठन होने लगा, जिससे इस क्षेत्र में खेलों के विकास को एक सही ढांचा मिला।



Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# जरूरत है भरोसे की

मालदा की हालिया घटना और सुप्रीम कोर्ट की कड़ी टिप्पणियों ने पश्चिम बंगाल में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले कानून-व्यवस्था और संवैधानिक संस्थाओं की स्थिति पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण को लेकर जनता के बीच बढ़ती नाराजगी, प्रशासनिक स्तर पर कमजोरियों के आरोप और बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम हटाए जाने की शिकायतों ने अविश्वास का माहौल और गहरा कर दिया है। मालदा के कालियाचक में घटी घटना, जिसमें उग्र भीड़ ने सात न्यायिक अधिकारियों को कई घंटों तक बंधक बनाकर रखा, यह दर्शाती है कि राज्य में हालात कितने तनावपूर्ण हो चुके हैं। लगातार विरोध-प्रदर्शन, सड़क जाम और प्रशासन के खिलाफ बढ़ती नाराजगी यह साफ संकेत देती है कि आम जनता के बीच स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन को लेकर गहरी असंतुष्टि है। हालांकि किसी भी परिस्थिति में कानून को हाथ में लेना उचित नहीं ठहराया जा सकता, लेकिन इस घटना ने यह जरूर उजागर कर दिया है कि लोगों की चिंताओं को समय रहते सही तरीके से नहीं समझा गया। यह पूरी स्थिति प्रशासनिक विफलता की ओर भी इशारा करती है। कानून-व्यवस्था बनाए रखने में आई कमजोरी के कारण ही न्यायपालिका को सख्त रुख अपनाना पड़ा। राज्य में लंबे समय से तनावपूर्ण माहौल बना हुआ है और पहले भी चुनावी कार्यों में लगे कर्मचारियों को असुरक्षा का सामना करना पड़ा है। यदि जिम्मेदार अधिकारी समय रहते हालात की गंभीरता को भांपने में असफल रहे, तो यह निश्चित रूप से उनकी कार्यप्रणाली पर सवाल उठाता है। चुनाव की घोषणा के बाद बड़े पैमाने पर अधिकारियों के तबादले भी प्रशासनिक स्थिरता को प्रभावित करने वाले कारकों में शामिल हैं। इस पूरे मामले में जनता की चिंताओं को समझना भी उतना ही जरूरी है। पहले जहां राज्य में लगभग 7.6 करोड़ मतदाता थे, वहीं पुनरीक्षण के बाद इसमें करीब 10 प्रतिशत की कमी सामने आई है। अंतिम सूची जारी होने के बाद लाखों मतदाताओं को विभिन्न कारणों से चिन्हित किया गया, जिनमें से बड़ी संख्या में आपत्तियों का निपटारा भी किया जा चुका है। इसके बावजूद नाम खारिज होने की दर काफी अधिक बताई जा रही है, जिससे लोगों में यह आशंका बढ़ी है कि कहीं योग्य मतदाता भी सूची से बाहर न हो जाएं। यही कारण है कि जनता के बीच अविश्वास का माहौल तेजी से गहराता जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग ने आश्वासन दिया है कि कोई भी पात्र मतदाता मतदान के अधिकार से वंचित नहीं रहेगा। वहीं सुप्रीम कोर्ट भी इस पूरे मामले पर नजर बनाए हुए है और उसने प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए न्यायिक अधिकारियों की नियुक्ति जैसे कदम उठाए हैं, जो एक असाधारण पहल मानी जा रही है। इन परिस्थितियों में सबसे बड़ी आवश्यकता जनता और प्रशासन के बीच भरोसा बहाल करने की है। राजनीतिक दलों की जिम्मेदारी भी यहां और बढ़ जाती है कि वे इस मुद्दे को केवल चुनावी लाभ-हानि के नजरिए से न देखें, बल्कि संवेदनशीलता के साथ जनता की समस्याओं को समझें।

## हमेशा महिला आरक्षण का समर्थन किया



कुछ राज्यों के विधानसभा चुनावों के बीच 16 अप्रैल से महिला आरक्षण विधेयक में संशोधन पर चर्चा के लिए संसद की तीन दिवसीय बैठक बुलाना सरकार का एकतरफा निर्णय है और इस बैठक को लेकर विपक्ष को नजरअंदाज कर पूरी तरह से मनमानी की गई है, सरकार ने विपक्ष की मांग को दरकिनार करते हुए 16 अप्रैल से तीन दिन की संसद की बैठक बुलाई है, जिससे स्पष्ट संकेत मिलता है कि इस सत्र में महिला आरक्षण विधेयक के साथ-साथ परिसीमन का मुद्दा भी उठाया जा सकता है, परिसीमन जैसे महत्वपूर्ण विषय पर अब तक कोई व्यापक चर्चा नहीं हुई है, कांग्रेस ने हमेशा महिला आरक्षण का समर्थन किया है।

**-जयराम रमेश, प्रभारी, कांग्रेस संचार विभाग**

# ईरान-अमेरिका युद्ध से दुनिया में महंगाई का लगा तड़का

> **अमेरिका-ईरान तनाव से वैश्विक महंगाई के मुख्य कारण कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आना है। संघर्ष के कारण आपूर्ति रुकने के डर से तेल के दाम 105 डॉलर के पार पहुंच गए हैं। इससे पेट्रोल-डीजल और ऊर्जा की कीमतें बढ़ रही हैं, जो हर तरह की महंगाई का मुख्य कारण है। होर्मुज जल डमरूमध्य के पास तनाव से समुद्री व्यापार प्रभावित हो रहा है।**






**रोहिताश सिंह वर्मा**

अमेरिका-ईरान और इजरायल युद्ध का आज 35 वां दिन है। इस बीच अमेरिका का कहना है कि ईरान ने अपना बहुत कुछ खो दिया है, जबकि ईरान ने अमेरिका के दावों को झूठा बताया है, दोनों में से कौन झूठ बोल रहा हैँ और कौन सच, ये तो वहां के लोगों और मीडिया से बेहतर और कोई नहीं जान सकता, लेकिन इसके बीच बढ़ते तनाव ने वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारी महंगाई का संकट पैदा कर दिया है। दुनिया के सभी देश इससे प्रभावित हुए हैं। भारत भी इससे अछूता नहीं है, क्योंकि कच्चे तेल की कीमतें 105 डालर प्रति बैरल के पार जाने से तेल संकट, परिवहन लागत में वृद्धि और आपूर्ति श्रंखला बाधित होने से जरूरी वस्तुओं के दाम बढ़ रहे हैं। अमेरिका-ईरान तनाव से वैश्विक महंगाई के मुख्य कारण कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आना है। संघर्ष के कारण आपूर्ति रुकने के डर से तेल के दाम 105 डॉलर के पार पहुंच गए हैं। इससे पेट्रोल-डीजल और ऊर्जा की कीमतें बढ़ रही हैं, जो हर तरह की महंगाई का मुख्य कारण है। होर्मुज जल डमरूमध्य के पास तनाव से समुद्री व्यापार प्रभावित हो रहा है।

इससे वस्तुओं की आवाजाही रुकने से खाद्य पदार्थों और अन्य कच्चे माल की लागत बढ़ रही है। युद्ध के डर से निवेशकों ने भारतीय सहित दुनिया भर के बाजारों से पैसा निकालना शुरू कर दिया है, जिससे आर्थिक अनिश्चितता बढ़ गई है। सऊदी अरब और यूएई जैसे खाड़ी देशों के अमेरिका से खफा होने और तनाव बढ़ने से तेल आपूर्ति का बड़ा संकट पैदा होने की आशंका है। भारत की ऊर्जा सुरक्षा, उर्वरक आपूर्ति और व्यापार पर इसका सीधा और नकारात्मक असर पड़ने का खतरा है, जिससे देश में महंगाई दर बढ़ सकती है। भारतीय तेल बास्केट की कीमत मार्च में 113.49 डॉलर प्रति बैरल दर्ज की गई है, जो पिछले चार वर्षों में सबसे अधिक है। इससे पहले मार्च 2023 में यूक्रेन युद्ध के समय यह 112.87 डॉलर तक पहुंचा था, लेकिन बाद में कीमतों में नरमी आई थी। पिछले रविवार को हुई ओपेक देशों की बैठक में ऑयल उत्पादन बढ़ाने पर चर्चा की गई।

1 अप्रैल को भारतीय रिफाइनरियों के लिए कच्चे तेल की कीमत 120.84 डॉलर प्रति बैरल दर्ज की गई, जबकि ब्रेंट क्रूड लगभग 107 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें फिलहाल 100 से 120 डॉलर प्रति बैरल के बीच बनी हुई हैं, जिससे दुनियाभर की अर्थव्यवस्थाओं पर दबाव बढ़ रहा है। आज शुक्रवार को कच्चे तेल की कीमत में फिर से तेजी आई। बुधवार 1 अप्रैल से निजी ईंधन खुदरा विक्रेता कंपनी शेल इंडिया ने अपने आउटलेट्स पर पेट्रोल और डीजल की कीमतों में भारी बढ़ोतरी की है। इससे पहले नायरा एनर्जी ने भी तेल के दाम बढ़ा चुकी है। बेंगलुरु में शेल आउटलेट्स पर पेट्रोल की कीमतों में 7.41 प्रति लीटर की बढ़ोतरी हुई है। अब सामान्य पेट्रोल की कीमत 119.85 और प्रीमियम पावर वेरिएंट की कीमत 129.85 प्रति लीटर हो गई है। डीजल की कीमतों में इससे भी अधिक 25.01 प्रति लीटर की भारी वृद्धि देखी गई है। सामान्य डीजल बढ़कर 123.52 और प्रीमियम डीजल 133.52 प्रति लीटर पर पहुंच गया है। हालांकि भारत सरकार की एजेंसियों ने अभी तक पेट्रोल व डीजल की कीमत में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है। गौरतलब है कि दो हफ्ते पहले भी शेल ने कुछ फिलिंग स्टेशनों पर मामूली संशोधन करते हुए पेट्रोल में 2 से 2.50 प्रति लीटर और डीजल की कीमतों को 93.50 तक बढ़ाया था। शेल से पहले 27 मार्च को नायरा एनर्जी ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में क्रमशः 5 और 3 प्रति लीटर की बढ़ोतरी की थी। महाराष्ट्र में अब नायरा पंपों पर पेट्रोल 103.82 से बढ़कर 108.82 प्रति लीटर हो गया है, जबकि डीजल 90.09 से बढ़कर 93.09 प्रति लीटर पर बिक रहा है। भारत का ऑयल बास्केट ओमान, दुबई (खट्टे ग्रेड) और ब्रेंट (मीठे ग्रेड) के औसत पर आधारित होता है। इसे पिछले वित्त वर्ष में प्रोसेस किए गए कच्चे तेल के अनुपात के अनुसार तय किया जाता है। सऊदी अरब, इराक, कुवैत और यूएई जैसे प्रमुख उत्पादकों ने उत्पादन घटा दिया है। वहीं रूस का उत्पादन भी ड्रोन हमलों के कारण प्रभावित हुआ है। इस स्थिति को अब तक की सबसे बड़ी तेल आपूर्ति बाधा माना जा रहा है।

> **एक अप्रैल को भारतीय रिफाइनरियों के लिए कच्चे तेल की कीमत 120.84 डॉलर प्रति बैरल दर्ज की गई, जबकि ब्रेंट क्रूड लगभग 107 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें फिलहाल 100 से 120 डॉलर प्रति बैरल के बीच बनी हुई हैं, जिससे दुनियाभर की अर्थव्यवस्थाओं पर दबाव बढ़ रहा है। आज शुक्रवार को कच्चे तेल की कीमत में पिफर से तेजी आई। बुधवार 1 अप्रैल से निजी ईंधन खुदरा विक्रेता कंपनी शेल इंडिया ने अपने आउटलेट्स पर पेट्रोल और डीजल की कीमतों में भारी बढ़ोतरी की है। इससे पहले नायरा एनर्जी ने भी तेल के दाम बढ़ा चुकी है। बेंगलुरु में शेल आउटलेट्स पर पेट्रोल की कीमतों में 7.41 प्रति लीटर की बढ़ोतरी हुई है।**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# आर्थिक साम्राज्य और बालेन सरकार का शिकंजा

> **पिछले दो दशक से इस शख्स की हैसियत इतनी थी कि यह न केवल गठबंधन दलों की सरकार बनाने बिगाड़ने की कुव्वत रखता था, संसद की राज्य व्यवस्था और सार्वजनिक लेखा समिति तक को प्रभावित करता था। दीपक भट्ट के खिलाफ वित्त मंत्रालय ने गोपनीय जांच के आदेश दिए थे और जब उसके खिलाफ पुख्ता सबूत जुटा लिए गए तब दो अप्रेल को उसे काठमांडू के नक्शाल क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया।**



**यशोदा श्रीवास्तव**

नेपाल की बालेन सरकार एक साथ कई मोर्चों पर लड़ रही है। राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों से खुली जंग के साथ सफेदपोश अपराधियों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। इस बीच बालेन सरकार के वित्त मंत्री स्वर्णिम बाग्ले की काठमांडू में भारतीय राजदूत नवीन वास्तव से मुलाकात भी चर्चा में है। इस मुलाकात की चर्चा इसलिए भी मायने रखती है क्योंकि यह परंपरा से थोड़ा हटकर थी। परंपरा यह रही है कि जब भी नेपाल में सत्ता परिवर्तन होता है तो सर्वप्रथम भारतीय राजदूत से पहली मुलाकात विदेश मंत्री अथवा प्रधानमंत्री की होती थी।

यद्यपि कि भारतीय राजदूत और नेपाल के वित्त मंत्री की यह मुलाकात बेहद गोपनीय रही फिर भी जब बालेन सरकार भ्रष्टाचार में लिप्त राजनेताओं और सफेदपोश अपराधियों पर लगाम कस रही है तो इस मुलाकात के तरह तरह के मायने निकाला जाना लाजिमी वह भी तब जब भ्रष्ट नेपाली नेताओं और भ्रष्ट अफसरों के तार भारत से जुड़े हुए हों। इस मुलाकात की एक बात यह भी हो सकती है कि चुनाव के बीच भारत ने नेपाल को भारतीय आठ सौ करोड़ की अनुदान राशि उपलब्ध कराई है, इस पर भी चर्चा संभव है। जहां तक बालेन सरकार के भ्रष्ट राजनेताओं पर शिकंजा कसने की बात है तो वह केवल के पी शर्मा ओली, रमेश लेखक, महेश बस्नेत और पूर्व उर्जा मंत्री की गिरफ्तारी तक ही सीमित नहीं है। एमाले के अन्य नेता भी निशाने पर हैं। नेपाली कांग्रेस नेता और पूर्व प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा और उनकी पत्नी आरजू राणा सहित इस पार्टी के अन्य नेता भी भ्रष्टाचार के आरोप से घिरे हुए हैं। माओवादी केंद्र के अध्यक्ष पूर्व पीएम प्रचंड और पूर्व पीएम बाबू राम भट्टराई पर भी भ्रष्टाचार के आरोप है।

पूर्व पीएम शेर बहादुर देउबा सपत्नी अभी भारत में थे अब उनके थायलैंड में होने की चर्चा है शायद किसी बीमारी के इलाज के सिलसिले में। जाहिर भ्रष्टाचार में लिप्त नेपाली नेताओं का सुरक्षित ठिकाना भारत हो सकता है। भारतीय राजदूत और नेपाली वित्त मंत्री के मुलाकात में यह भी चर्चा का विषय हो सकता है। बालेन सरकार के भ्रष्टाचार विरोधी मुहिम में जिलाधिकारी स्तर के एकाध नेपाली अफसर भी सलाखों के पीछे हुए हैं। इसके बाद अभी मनी लांड्रिंग मामले में जो एक बड़े व्यवसाई की गिरफ्तारी हुई है, उससे व्यवसाय की आड़ में अवैध तरीके से धन अर्जन का चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। इससे काठमांडू अथवा नेपाल में कहीं भी व्यवसाय की आड़ में लूट खसोट करने वाले सफेदपोशों में दहशत फैल गई है। गिरफ्तार किए गए दीपक भट्ट नाम के व्यवसाई का जो बैकग्राउंड सामने आया है वह काफी चौंकाने वाला है। और यह भी नेपाल जैसे छोटे देश में भी भ्रष्टाचार की जड़ें इतने गहरे तक है। नेपाली कांग्रेस नेता शेर बहादुर देउबा के चुनाव क्षेत्र डोडुलधुरा का रहने वाला दीपक भट्ट का संबंध नेपाली कांग्रेस के नेताओं के अलावा हर पार्टी के पूर्व प्रधानमंत्रियों से काफी निकट के रहे हैं।

एक से बढ़कर एक काले कारनामों से लैस इस व्यवसाई की जब कुंडली खंगाली कई तो प्याज के छिलके की तरह भ्रष्टाचार से जुड़े उसके ढेर सारे कारनामें सामने आने लगे। इसमें एक तो यह भी कि डाक्टर बाबू राम भट्टराई से उसके तार बहुत मजबूती से जुड़े हुए थे जब वे प्रधानमंत्री थे। बाबूराम भट्टराई से उसकी मुलाकात सत्ता रूढ़ दल के एक सांसद ने कराई थी जब वे नेपाली कांग्रेस में थे। डाक्टर बाबू राम भट्टराई बहुत ज्यादा समय तक प्रधानमंत्री नहीं रहे लेकिन जितने दिन भी थे, सत्ता के गलियारे में दीपक भट्ट की तूती बोलती थी। दीपक भट्ट अपनी एक कंपनी के मार्फत बड़ा व्यवसायिक साम्राज्य खड़ा कर लिया था। इसी समय नेपाल पुलिस को हथियार सप्लाई की दलाली में भी इसके हाथ सने हुए पाए गए। 44 वर्षीय दीपक भट्ट काठमांडू के सानेपा क्षेत्र में रहता है। काठमांडू का यह क्षेत्र दिल्ली की लुटियंस जोन की तरह चर्चित राजनीतिक गलियारा है। यहां राजनीतिक दलों के कार्यालय और नेताओं के आवास हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# शिक्षक, शोध और शिक्षा, सबका नया केंद्र बनेगी एनसीईआरटी

जब किसी देश की शिक्षा व्यवस्था करवट लेती है, तो बदलाव केवल पाठ्यपुस्तकों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि आने वाली पीढ़ियों की दिशा और दशा दोनों बदल जाती हैं। भारत की शिक्षा यात्रा में 2026 का आरंभ ऐसा ही एक निर्णायक पड़ाव बन गया है। पिछले 6 दशकों से करोड़ों विद्यार्थियों को अपनी पुस्तकों के माध्यम से मार्ग दिखाने वाली एनसीईआरटी अब 'डीम्ड-टू-बी-यूनिवर्सिटी' बनने जा रही है। अब वह केवल किताबें तैयार करने वाली संस्था नहीं रहेगी, बल्कि डिग्री प्रदान करेगी, शोध को बढ़ावा देगी, नए शिक्षकों का निर्माण करेगी और शिक्षा की नई नीतियों की आधारशिला रखेगी। यह बदलाव महज एक प्रशासनिक फैसला नहीं, बल्कि भारतीय शिक्षा व्यवस्था को भीतर तक बदल देने वाली उस ऐतिहासिक क्रांति की शुरुआत है, जिसकी नींव राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ने रखी थी।

1961 में स्थापित एनसीईआरटी ने दशकों तक भारतीय विद्यालई शिक्षा की आधारशिला बनकर कार्य किया। देश के अधिकांश स्कूलों में पढ़ाई जाने वाली पुस्तकें, पाठ्यक्रम और मूल्यांकन पद्धतियां इसी संस्था की दृष्टि से आकार लेती रहीं। इसकी किताबों ने गांव के छोटे विद्यालय से लेकर महानगरों के प्रतिष्ठित स्कूलों तक शिक्षा का एक समान आधार तैयार किया। लेकिन समय बदलने के साथ यह स्पष्ट हो गया कि केवल पाठ्यपुस्तकें तैयार कर देना पर्याप्त नहीं है। नई शिक्षा व्यवस्था को ऐसे विशेषज्ञों की जरूरत है, जो शिक्षा को गहराई से समझें, उस पर शोध करें और बदलते समय के अनुसार उसे नया स्वरूप दे सकें। यही सोच एनसीईआरटी को विद्यालई शिक्षा की सीमाओं से आगे बढ़ाकर उच्च शिक्षा के केंद्र में ले आई।

वर्ष 2023 में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने पहली बार सार्वजनिक रूप से संकेत दिया था कि एनसीईआरटी को शोध और शिक्षक शिक्षा का राष्ट्रीय केंद्र बनाया जाएगा। लगभग 3 वर्षों की तैयारी, विशेषज्ञों की सिफारिशों और प्रशासनिक प्रक्रियाओं के बाद अब यह निर्णय अंतिम रूप लेने जा रहा है। दिल्ली स्थित एनसीईआरटी मुख्यालय के साथ-साथ अजमेर, भोपाल, भुवनेश्वर, मैसूर और शिलांग के क्षेत्रीय संस्थान भी इस नए स्वरूप का हिस्सा बनेंगे। इसका अर्थ केवल इतना नहीं कि एनसीईआरटी का दायरा बढ़ेगा, बल्कि यह कि देश के अलग-अलग हिस्सों में शिक्षा और शोध के नए केंद्र उभरेंगे। पहली बार विद्यालई शिक्षा और विश्वविद्यालई शोध एक ही मंच पर साथ दिखाई देंगे। डीम्ड यूनिवर्सिटी का दर्जा मिलने के बाद एनसीईआरटी को व्यापक शैक्षणिक अधिकार प्राप्त हो जाएंगे। अब वह स्वतंत्र रूप से डिप्लोमा, स्नातक, स्नातकोत्तर और पीएचडी स्तर तक के पाठ्ड्क्रम संचालित कर सकेगा। शिक्षा, मनोविज्ञान, बाल विकास, समावेशी शिक्षा, डिजिटल शिक्षण, बहुभाषी अध्ययन और शिक्षक-प्रशिक्षण जैसे विषयों में विशेष डिग्रियां दी जा सकेंगी। संस्था को अपने पाठ्ड्क्रम स्वयं बनाने, शैक्षणिक ऋण बैंक प्रणाली लागू करने और राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग ढांचे में शामिल होने की स्वतंत्रता मिलेगी। इसके साथ ही विदेशी विश्वविद्यालयों के साथ साझेदारी, छात्र-शिक्षक




आदान-प्रदान तथा नए परिसर खोलने का मार्ग भी प्रशस्त होगा। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि एनसीईआरटी का उद्देश्य लाभ कमाना नहीं, बल्कि शिक्षा की गुणवत्ता को नई ऊंचाई तक पहुंचाना होगा। दशकों से भारतीय शिक्षा व्यवस्था दो हिस्सों में बंटी हुई दिखाई देती रही हैकृएक ओर स्कूल, दूसरी ओर विश्वविद्यालय। विद्यालयों में पढ़ाई जाने वाली सामग्री और विश्वविद्यालयों में होने वाला शोध शायद ही कभी एक-दूसरे से जुड़ पाए। परिणामस्वरूप शोध पुस्तकालयों और रिपोर्टों तक सीमित रह गया, जबकि स्कूल पुराने ढर्रे पर चलते रहे। एनसीईआरटी का यह नया रूप अब इस दूरी को समाप्त करने वाला सशक्त सेतु बनेगा। जो विशेषज्ञ पाठ्यक्रम तैयार करेंगे, वही शिक्षक गढ़ेंगे और वही शिक्षा पर शोध भी करेंगे। इससे नई खोजें और नए विचार सीधे कक्षा तक पहुंचेंगे। बच्चों की पढ़ाई अधिक व्यावहारिक, वैज्ञानिक और भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप बन सकेगी। भारत की शिक्षा व्यवस्था में सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक हमेशा से प्रशिक्षित और सक्षम शिक्षकों की कमी रही है। अनेक शिक्षक-प्रशिक्षण संस्थान आज भी पुराने पाठ्यक्रमों और पारंपरिक तरीकों तक सीमित हैं। ऐसे समय में एनसीईआरटी का यह नया स्वरूप शिक्षक-शिक्षा के क्षेत्र में नई क्रांति ला सकता है। अब वह ऐसे पाठ्यक्रम प्रारंभ कर सकेगा, जिनमें डिजिटल शिक्षा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित शिक्षण, व्यावसायिक शिक्षा, समावेशी कक्षाएं और बहुभाषी अध्ययन जैसे आधुनिक विषय शामिल होंगे। क्षेत्रीय संस्थानों में पीजी और पीएचडी कार्यक्रम शुरू होने से युवा शोधकर्ताओं को विद्यालई शिक्षा की वास्तविक चुनौतियों पर काम करने का अवसर मिलेगा। उनके शोध के परिणाम सीधे पाठ्यक्रमों और शिक्षा नीतियों में दिखाई देंगे, जिससे शिक्षा अधिक जीवंत, प्रभावी और समयानुकूल बन सकेगी। हर बड़ा परिवर्तन अपने साथ चुनौतियां भी लाता है। एनसीईआरटी के सामने भी कई गंभीर प्रश्न हैं। कुछ शिक्षाविदों का मानना है कि यूजीसी के नियमों के अधीन आने से उसकी स्वतंत्र कार्यशैली प्रभावित हो सकती है। जिस संस्था की पहचान अब तक विद्यालई शिक्षा से रही है, उसके लिए विश्वविद्यालई ढांचे में ढलना आसान नहीं होगा। नए विभाग, प्रशिक्षित संकाय, शोध सुविधाएं, पर्याप्त बजट और प्रशासनिक सुधारों की आवश्यकता पड़ेगी। साथ ही यह भी सुनिश्चित करना होगा कि उच्च शिक्षा की नई भूमिका निभाते हुए एनसीईआरटी अपनी मूल जिम्मेदारी, यानी स्कूल शिक्षा को मजबूत बनाने, से दूर न हो। यदि योजना, पारदर्शिता और गुणवत्ता पर बराबर ध्यान दिया गया, तो यही चुनौतियां उसकी सबसे बड़ी शक्ति बन सकती हैं। यदि यह परिवर्तन सफल हुआ, तो आने वाले समय में एनसीईआरटी केवल एक संस्था नहीं, बल्कि भारतीय शिक्षा का सबसे बड़ा केंद्र बन जाएगी। एक ओर देश का विद्यार्थी उसकी किताबों से पढ़ेगा, दूसरी ओर उसी संस्था का शोधकर्ता नई शिक्षा नीति तैयार करेगा और वही शिक्षक गढ़े जाएंगे, जो आने वाली पीढ़ियों को दिशा देंगे। यह ऐसा मॉडल होगा, जहां शिक्षा, शोध और प्रशिक्षण एक-दूसरे से सीधे जुड़े होंगे। विकसित भारत का सपना केवल उद्योग, तकनीक और अर्थव्यवस्था से पूरा नहीं होगाय उसकी सबसे मजबूत आधारशिला शिक्षा ही बनेगी। एनसीईआरटी का यह नया स्वरूप उसी आधारशिला को अधिक मजबूत, व्यापक और विश्वस्तरीय बनाने की दिशा में उठाया गया एक ऐतिहासिक कदम है।



**प्रो. आर.के. जैन**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### 'रैपिड सेंट्री' वायु रक्षा प्रणाली को तैनात करने पर बातचीत

**लंदन।** ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने शुक्रवार को कुवैत के क्राउन प्रिंस शेख सबा अल-खालिद अल-हमद अल-मुबारक अल-सबा के साथ फोन पर बातचीत की। इस दौरान कुवैत में ब्रिटेन की 'रैपिड सेंट्री' वायु रक्षा प्रणालियों की तैनाती को लेकर चर्चा की गई। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कार्यालय डाउनिंग स्ट्रीट ने बताया कि स्टार्मर ने कुवैती तेल रिफाइनरी पर रात भर हुए ड्रोन हमले की निंदा की। दोनों नेता होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने के प्रयासों पर मिलकर काम करने के लिए भी सहमत हुए।

### बंगलादेश में खसरे के प्रकोप से बढ़ रहे बच्चों के मौत के मामले

**ढाका।** बांगलादेश में खसरे का प्रकोप तेजी से बढ़ने से अभिभावकों की चिंता लगातार बढ़ती जा रही है। देश के हर जिले में यह संक्रमण फैल चुका है और बच्चों की मौत के मामलों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। 'ढाका ट्रिब्यून' की रिपोर्ट के मुताबिक, इस साल अब तक कम से कम 42 बच्चों की जान जा चुकी है। अगर जिला और निजी अस्पतालों के आंकड़े जोड़ें, तो यह संख्या 46 या उससे भी ज्यादा हो सकती है। पिछले 24 घंटों में ही संक्रमण के 685 नए मामले सामने आए हैं और चार बच्चों की मौत हुई है।

### स्विट्जरलैंड ने सौ से ज्यादा यूक्रेनी नागरिकों को निकाला

**बर्न।** स्विट्जरलैंड ने शरण के कड़े नियमों के तहत पांच महीनों में 100 से ज्यादा यूक्रेनी नागरिकों को निकाल दिया है। प्रवासन राज्य सचिवालय (एसईएम) ने यह जानकारी दी है। एजेंसी ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि एक नवम्बर से पश्चिमी यूक्रेन के सात इलाकों से शरण मांगने वाले अब स्विट्जरलैंड में प्रोटेक्शन स्टेटस एस के लिए पात्र नहीं हैं। इस नए नियम के अनुसार, एसईएम ने फरवरी के आखिर तक 104 लोगों को यूक्रेन के लिए निकाल दिया। स्विट्जरलैंड की संघीय सभा अक्टूबर 2025 में उन लोगों को अस्थाई संरक्षण देने पर सहमत हुई थी, जिनका आखिरी घर यूक्रेन का कोई ऐसा इलाका था जो युद्ध क्षेत्र में है।

# अमेरिका को एक और यूरोपीय देश ने दिया झटका

## ऑस्ट्रिया ने ईरान से जुड़े सैन्य ऑपरेशनों के लिए अपने एयरस्पेस इस्तेमाल की अमेरिकी मांग ठुकराई

**वियना।** यूरोप के कई देशों ने अमेरिका के सैन्य अभियानों से दूरी बनानी शुरू कर दी है। इसमें सबसे नया नाम आस्ट्रिया का जुड़ गया है। जिसने ईरान से जुड़े सैन्य आपरेशनों के लिए अपने एयरस्पेस के इस्तेमाल की अमेरिकी मांग ठुकरा दी है।



■ आस्ट्रिया ने पूरी तरह से अमेरिकी उड़ानों पर प्रतिबंध नहीं लगाया है, बल्कि हर अनुरोध की समीक्षा तथ्यों के आधार पर की जा रही है

आस्ट्रिया के रक्षा मंत्रालय के अनुसार, यह फैसला देश के सख्त तटस्थता कानून के तहत लिया गया है। मंत्रालय के प्रवक्ता के हवाले से ब्राडकास्टर ओआरएफ ने पुष्टि की कि वाशिंगटन की ओर से कई अनुरोध आए थे, लेकिन हर मामले को विदेश मंत्रालय के साथ मिलकर अलग-अलग आधार पर परखा जाएगा। हालांकि, आस्ट्रिया ने पूरी तरह से अमेरिकी उड़ानों पर प्रतिबंध नहीं लगाया है, बल्कि हर अनुरोध की समीक्षा तथ्यों के आधार पर की जा रही है। यूरोप में यह रुख अकेला नहीं है। स्पेन, जो इस युद्ध का खुलकर विरोध कर रहा है, पहले ही अपने एयरस्पेस को संघर्ष में शामिल अमेरिकी सैन्य विमानों के लिए बंद कर चुका है। वहीं इटली ने भी पिछले हफ्ते सिसिली स्थित अपने सैन्य अड्डे के इस्तेमाल की अनुमति अमेरिकी बमवर्षक विमानों को देने से इन्कार कर दिया था। यूरोपीय देशों के इन्कार से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भी काफी खफा हैं। वो ट्रुथ के अलावा विभिन्न प्लेटफार्म्स पर खुलकर विरोध जता चुके हैं। कई मीडिया साक्षात्कार में खुले तौर पर नाटो और यूरोपीय देशों के खिलाफ राय जाहिर कर चुके हैं। लगभग हर दूसरे दिन वो ट्रुथ पर मदद न करने का तंज कसते हुए कह देते हैं कि अमेरिका याद रखेगा। जिस होर्मुज स्ट्रेट पर कब्जे का वो दावा करते थे अब उसे लेकर भी उन्होंने रुचि नहीं दिखाई है। राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में कहा कि अब उसकी जिम्मेदारी वो उठाएं, जिन्हें वहां से अपना सामान ले जाना है। हाल ही में डेली टेलीग्राफ को दिए एक साक्षात्कार में ट्रम्प ने ईरान-इजरायल संघर्ष के दौरान नाटो सहयोगियों, खासकर ब्रिटेन और फ्रांस की ओर से सैन्य मदद न देने पर नाराजगी जताई। ट्रम्प ने नाटो को कागजी शेर करार दिया और अमेरिका के गठबंधन से बाहर निकलने की धमकी दी।



कोलकाता। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल आरएन रवि के साथ हाथ मिलाते विदेश मंत्री एस जयशंकर।

## फ्रांस अकेले ही राफेल एफ-5 लड़ाकू विमान बनाने का खर्च वहन करेगा

**पेरिस।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के साथ मतभेदों के कारण फ्रांस को अपने राफेल एफ5 लड़ाकू विमान परियोजना को अकेले ही वित्तपोषित करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। फ्रांसीसी समाचार पत्र 'ला ट्रिब्यून' की गुरुवार की रिपोर्ट में कहा गया कि फ्रांस के अनुरोध पर, यूएई पिछले साल के अंत तक लड़ाकू विमान के आधुनिकीकरण के लिए लगभग पांच अरब यूरो (5.4 अरब डॉलर) के कुल बजट में से 3.5 अरब यूरो की वित्तीय सहायता देने के लिए तैयार था।

# होर्मुज में ईरान-ओमान के साथ मिलकर करेगा खेल

## दोनों देशों का मुख्य उद्देश्य जहाजों के आने-जाने के रास्ते को आसान और सुरक्षित बनाना

**दुबई/तेल अवीव।** ईरान ने एक बड़ा दावा किया है। ईरान के राजनयिक काजेम गरीबाबादी ने बताया कि उनका देश ओमान के साथ मिलकर होर्मुज जलडमरूमधय की निगरानी के लिए एक प्रस्ताव तैयार कर रहा है। ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी 'इरना' ने इस खबर की जानकारी दी है। गरीबाबादी के अनुसार, इस प्रस्ताव का मुख्य उद्देश्य जहाजों के आने-जाने के रास्ते को आसान और सुरक्षित बनाना है। इसके साथ ही, इस रास्ते से गुजरने वाले जहाजों को बेहतर सेवाएं देना भी इस योजना का हिस्सा है। होर्मुज जलडमरूमधय फारस की खाड़ी का एक बहुत ही संकरा और व्यापार के लिए महत्वपूर्ण रास्ता है। पिछले कुछ समय में इस समुद्री क्षेत्र में जहाजों पर कई हमले हुए हैं। इन हमलों के पीछे ईरान का हाथ होने की बात कही जाती रही है। इसके अलावा ईरान पर आरोप भी लगे है कि ईरान इस संकरे रास्ते से गुजरने के बदले जहाजों से 20 लाख डालर तक की मांग करता है। जिसकी वजह से इस समुद्री मार्ग पर जहाजों की आवाजाही में काफी मुश्किलें पैदा हो गई हैं। फिलहाल यह साफ नहीं है कि ईरान के इस नए प्रस्ताव का असल में क्या मतलब होगा। ओमान ने अभी तक इस दावे को लेकर कोई जानकारी साझा नहीं की है और न ही इसकी पुष्टि की है। भौगोलिक रूप से यह समुद्री रास्ता ईरान और ओमान की सीमाओं के भीतर आता है। इसके बावजूद इसे एक अंतर्राष्ट्रीय जलमार्ग माना जाता है। अंतर्राष्ट्रीय नियमों के मुताबिक, यहां से जहाजों को बिना किसी रुकावट के गुजरने की आजादी मिलनी चाहिए। ईरानी राजनयिक गरीबाबादी ने अपने बयान में यह भी कहा कि जब भी कोई आक्रामक कार्रवाई होती है, तो जहाजों के रास्ते में गंभीर समस्याएं आती हैं। उन्होंने आगे कहा, हम इस समय युद्ध की स्थिति में हैं। ऐसे में हम यह उम्मीद नहीं कर सकते कि शांति के समय वाले नियम युद्ध की स्थितियों में भी लागू होंगे। दूसरी ओर ईरान के खिलाफ युद्ध जारी रखने को लेकर इजरायली जनता के समर्थन में 'लगातार गिरावट' आई है। एक नए सर्वेक्षण में यह खुलासा हुआ है। तेल अवीव विश्वविद्यालय से संबद्ध थिक टैंक 'इंस्टीट्यूट फॉर नेशनल सिक्योरिटी स्टडीज' (आईएनएसएस) द्वारा गुरुवार को जारी सर्वेक्षण के अनुसार, ईरानी शासन को उखाड़ फेंकने तक अभियान जारी रखने के लिए सार्वजनिक समर्थन कम होता जा रहा है।



■ ईरान के खिलाफ जारी युद्ध के प्रति इजरायल में जनसमर्थन में आई गिरावट: सर्वेक्षण

### आईडीएफ ने ईरान से इजरायल की ओर मिसाइलें दागे जाने का पता लगाया

तेल अवीव। इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने कहा है कि उसने ईरान से दागी गई मिसाइलों का पता लगाया है। आईडीएफ ने टेलीग्राम पर कहा कि कुछ समय पहले, आईडीएफ ने ईरान से इजरायल के क्षेत्र की ओर दागी गई मिसाइलों की पहचान की। खतरे को रोकने के लिए रक्षा प्रणालियां सक्रिय हैं उल्लेखनीय है कि ईरान गत 28 फरवरी को अमेरिका-इजरायल द्वारा शुरू किए गए एक संयुक्त सैन्य अभियान के जवाब में इजरायली क्षेत्रों और पश्चिमी एशिया में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमला कर रहा है।

# ट्रम्प ने ईरान में तबाही मचाने की दी चेतावनी

**वाशिगंटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शुक्रवार को ईरान को चेतावनी दी है कि वह ईरान के और भी पुलों और बिजलीघरों को तबाह कर देंगे। उन्होंने ईरान से कहा है कि जो 'किया जाना चाहिए', उसे 'तेजी' से करे।



■ कहा: अगर उनकी शर्तें नहीं मानी तो वह उनके नागरिक बुनियादी ढांचे-जैसे पुलों और विद्युत पावर प्लांट्स को निशाना बनाकर नष्ट कर देंगे

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान को चेतावनी दी है कि अगर उनकी शर्तें नहीं मानी तो वह उनके नागरिक बुनियादी ढांचे-जैसे पुलों और विद्युत पावर प्लांट्स को निशाना बनाकर तबाह कर देगा। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर लिखा कि अमेरिकी सेना ने 'ईरान में अभी तक नष्ट करने की प्रक्रिया भी शुरू नहीं की है' और कहा 'पहले पुल, फिर पावर प्लांट्स' को लक्ष्य बनाया जाएगा। उन्होंने लिखा कि अगला नंबर पुलों का है, फिर बिजलीघरों का! ईरान के नए शासन को पता है कि क्या किया जाना चाहिए और इसे तेजी से करना होगा। ट्रम्प की यह चेतावनी एक बड़े अभियान का हिस्सा है, जिसके तहत अब ईरानी सैन्य ठिकानों के बजाय नागरिक सुविधाओं को निशाना बनाया जा रहा है। इसमें स्टील प्लांट, बिजलीघर और दवा कंपनियों पर हमले शामिल हैं।

# यूएन ने की भारतीय सैनिकों की सराहना

■ शांति रक्षक दल ने अफ्रीकी देश में दूर किया संकट, आम लोगों को मिलेगी बड़ी राहत

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र ने दक्षिण सूडान में तैनात भारतीय शांति सैनिकों के प्रयासों की सराहना की है। इन सैनिकों ने पिछले साल बाढ़ से प्रभावित एक महत्वपूर्ण आपूर्ति मार्ग को फिर से खोला है। संयुक्त राष्ट्र का कहना है कि स्थानीय समुदायों की मदद करने में शांति मिशनों की भूमिका बहुत अहम है।

महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने न्यूयार्क में एक मीडिया वार्ता के दौरान यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दक्षिण सूडान के मुश्किल समय में एक उम्मीद जगाने वाली खबर है। अपर नाइल राज्य में भारतीय इंजीनियरिंग यूनिट के सैनिकों ने मालाकाल-रेंक मुख्य सप्लाई मार्ग के एक बड़े हिस्से को सफलतापूर्वक चालू कर दिया है। यह रास्ता पिछले साल आई बाढ़ के बाद से पूरी तरह बंद था। उन्होंने कहा सैनिकों ने बाढ़ के पानी के बीच से जमीन को फिर से निकाला और सड़क का नया ढांचा तैयार किया। अब अकोका-किलो 20- पालोइच-रेंक के रास्ते एक नया मार्ग बन गया है। इससे इलाके में लोगों का आना-जाना सुरक्षित होगा। साथ ही, इस रास्ते से जरूरतमंद लोगों तक खाना और दवाइयां जैसी मानवीय सहायता पहुंचाना बहुत आसान हो जाएगा। दुजारिक ने कहा कि भारतीय सैनिकों की यह कोशिश दिखाती है कि शांति मिशन किस तरह स्थिरता बनाए रखने में मदद करते हैं। वे सबसे कठिन वातावरण में भी कमजोर नागरिकों तक जरूरी मदद पहुंचाने का काम कर रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र मिशन दक्षिण सूडान (यूएनएमआईएसएस) ने भी सोशल मीडिया पर इस सफलता की जानकारी साझा की है।

# जरीफ ने की अमेरिका के साथ शांति की अपील

**तेहरान।** ईरान के पूर्व विदेश मंत्री मोहम्मद जावेद जरीफ ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की 'लापरवाह आक्रमकता' का उल्लेख करते हुए उसके साथ शांति स्थापित करने की अपील की है। जरीफ ने कहा कि लंबी अवधि का संघर्ष केवल विनाश और अनिश्चितता को बढ़ाता है और स्थाई समाधान के लिए प्रत्यक्ष और वास्तविक बातचीत ही एकमात्र मार्ग है। उन्होंने सभी पक्षों से शांतिपूर्ण ढंग से विवाद सुलझाने और क्षेत्रीय तनाव को कम करने का आग्रह किया। उन्होंने जोर देकर कहा है कि मौजूदा संघर्ष के किसी भी समाधान में ईरान के राष्ट्रीय हितों का ध्यान रखना सबसे जरूरी है।

ग्राम के विकास के लिए समर्पित
फिरोज बेग
ग्राम प्रधान पद के युवा, शिक्षित व ईमानदार प्रत्याशी
ग्राम पंचायत रेहड़

किसान आई हॉस्पिटल
डॉ. गालिब हसन
M.B.B.S., D.O., M.S.
नेत्र रोग विशेषज्ञ व फेको सर्जन
(भूतपूर्व नेत्र सर्जन नेहरू हॉस्पिटल, टाउन हॉल, मुजफ्फरनगर)
फीस 100/- रूपये मात्र
M: 9897190592
सुविधाएं- मोतियाबिन्द ऑपरेशन फेको विधि द्वारा विदेशी लैन्स के साथ, शुगर व बी.पी. के मरीजों की पर्दे की जाँच व इलाज, आँखों के समस्त ऑपरेशन सस्ते दामों पर किए जाते हैं।
हमारे यहाँ जॉनसन एण्ड जॉनसन और एल्कोन के लैंस उपलब्ध है।
Alcon
मोतियाबिन्द ऑपरेशन फेको विधि (लेजर) द्वारा विदेशी लेंस के साथ आधुनिक मशीनों द्वारा बिना इंजेक्शन, बिना दर्द और बिना टांके किया जाता हैं।
मोतियाबिन्द ऑपरेशन मात्र 7500/- से शुरु
पताः चरथावल-थानाभवन बस स्टैण्ड, मेन रोड, भारत पैट्रोल पम्प के सामने, मुजफ्फरनगर मो. 9045591662

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर... www.shahtimesnews.com

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

श्री कृष्णा वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्ड़ा रोड़, निकट गऊशाला, मुजफ्फरनगर
प्रवेश सूचना-पैरामेड़िकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स etc.)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास/10thफेल, 12th हेतू-10th पास/12th फेल
(Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-July व Oct 2026)
NIOS(शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology (X-Ray Tech), CCH(एलोपैथिक), CAT(आयुर्वेदिक-पंचकर्म टैक), CHD(होम्यापैथिक), Diploma in Yoga & YTTP, ECCE-(प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), CCA (कम्पयूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact us for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, Dip. in Panchkarma Therapy, OT Tech., DMLT, BMLT, BNYS, Optometry, Ophthalmic, Dental Tech & Hygiene, Radiology & Imaging Tech, Dietician and Nutritionist, Optician Dispensing, MPHW, MRT, Agriculture, Bachelor (All Paramedical) BBA, MBA, BSC, MSC, B.Com, M.Com, M.A. B.A. Polytechnic, ITI, Nursing Assitant Etc.
M.: 8505978850, 9634519104

ADMISSION OPEN
Mom & Me
NURTURING WITH LOVE
PLAY | NURSERY | LKG | UKG | 1st to 4th
M.: 9997023008
Branch1- New Mandi, Near Bala ji Dham Chowk
Branch2- Circular Road, Opp. Canara Bank

जो माता-पिता अपने बच्चों की पढ़ाई से संतुष्ट नहीं हैं और अपने बच्चों को किसी भी क़ीमत पर होशियार और सफल बनाना चाहते हैं तो संपर्क करें!
ESTD. 1995
Unique COACHING CENTRE
UNIQUE SUCCESS POINT
पहले देखे! फिर विश्वास करें!
FREE 10 DAYS DEMO
आपकी एक मीटिंग हमारे साथ आपके बच्चों का जीवन बदल सकती है!
BOTH U.P. & C.B.S.E. BOARD STUDENTS CLASS I TO X
+91 7505612792
+91 9412507193
DIR- LOKESH CHAUHAN M.Sc (Phy.), B.Ed.